सूर्योदय 7:20 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 15 अधि |
| धर्मशाला | 9 न्यू | 17 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,189 |
| निफ्टी | 26,147 |

सोना 1,33,461 चांदी 2,29,250

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 | 18 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 6, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठों में मां के आशीर्वाद से किया नव वर्ष का आगाज


श्री ज्वालामुखी मंदिर।

श्री ज्वालामुखी शक्तिपीठ में नए साल के पहले दिन सुबह तड़के ही माता ज्वाला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व अन्य बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों ने माता ज्वाला के दर्शन कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आने वाला वर्ष सुख-समृद्धि से भरपूर रहने की कामना की।


श्री नयना देवी मंदिर।

विश्व विख्यात माता श्री नयना देवी के दरबार में नव वर्ष के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नववर्ष के पहले दिन पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए पहुंचे। बुधवार शाम से वीरवार शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने श्री नयना देवी के दर्शन कर नव वर्ष का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उन्हें व्यवस्थित लाइनों के माध्यम से दर्शन करवाए गए।


श्री चिंतपूर्णी मंदिर।

नववर्ष 2026 के पहले दिन शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वीरवार तड़के से ही देश-विदेश से आए हजारों भक्त माता रानी के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर नए साल की मंगलमय शुरुआत की। वीरवार को ऊना जिले में हुई बारिश के बावजूद भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे।

## दो लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

**एजेंसी, अयोध्या/जम्मू।** नए साल पर देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ पहुंची है। अयोध्या में दोपहर 12 बजे तक 2 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं। यहां बहुत भीड़ है। वहीं, उज्जैन के महाकाल मंदिर में काफी भीड़ है। उपकप्तान स्मृति मंधाना समेत महिला क्रिकेट टीम की कुछ सदस्य भी यहां दर्शन करने पहुंची हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने वालों की बहुत भीड़ थी। अव्यवस्था से बचने के लिए वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन रोक दिए। देशभर से साल 2026 के पहले सूर्योदय की तस्वीरें भी सामने आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम ने एक्स पोस्ट में लिखा, '2026 की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कामना करते हैं कि यह वर्ष हर किसी के लिए नई आशाएं, नए संकल्प और एक नया आत्मविश्वास लेकर आए। सभी को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे।' (अनंत ज्ञान)

### वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ बढ़ने पर रजिस्ट्रेशन बंद

## न्यूज शॉर्ट्स

### खराबी के बावजूद उड़ाई फ्लाइट, पायलट को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के एक पायलट को तकनीकी खराबी वाला प्लेन उड़ाने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह मामला वीरवार को सामने आया। डीजीसीए के मुताबिक, विमान में पहले से कई तकनीकी खराबियां दर्ज थीं। बावजूद इसके विमान को ऑपरेट किया गया। डीजीसीए ने पायलट का नाम नहीं बताया है। यह नोटिस कब भेजा गया, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। डीजीसीए के मुताबिक, एआई-358 के दौरान लेफ्ट एयर साइकिल मशीन और पैक मोड से जुड़ी चेतावनी मिली। साथ ही दरवाजे के पास धुएं जैसी गंध की शिकायत भी हुई, फिर भी विमान ऑपरेट किया गया। इसी सिस्टम से जुड़ी खराबियां पहले की 5 उड़ानों में भी दर्ज की गई थीं। (अनंत ज्ञान)

### कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 111 रुपए बढ़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साल 2026 की शुरुआत के साथ ही आम लोगों को महंगाई का करारा झटका लगा है। नए साल के पहले ही दिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया है। 1 जनवरी से देशभर में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 111 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत सभी बड़े शहरों में नई कीमतें लागू हो गई हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि 14 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।दिल्ली में इसकी कीमत 111 रुपए बढ़कर 1691.50 रुपए हो गई है। पहले यह 1580.50 रुपए में मिल रहा था। वहीं, मुंबई में यह अब 111 रुपए महंगा होकर 1642.50 रुपए में मिलेगा। (अनंत ज्ञान)




### पहली फरवरी से महंगा होगा सिगरेट का कश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20% तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की ओर से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके मुताबिक 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपए से लेकर 8,500 रुपए तक की ड्यूटी ली जाएगी। बाजार जानकारों का कहना है कि टैक्स के इस बोझ को कम करने के लिए कंपनियां सिगरेट की कीमतें बढ़ा सकती हैं। सिगरेट पर अभी तक 28% जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। 3 सितंबर को किए गए बदलाव के बाद सिगरेट पर जीएसटीज्ज को बढ़ाकर 40% कर दिया गया, लेकिन सेस हटा दिया। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सेब आयात शुल्क घटाने के विरोध में हिमाचल, जेएंडके एकजुट -पेज 3
- नए साल पर यातायात से बेहाल हुई राजधानी शिमला -पेज 3
- नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब -पेज 5
- कोर्ट स्टे के बाद भी बेदखली के नोटिस निकालने का विरोध -पेज 9
- मनाली के पर्यटन स्थलों में बर्फ के फाहों से नए साल का आगाज -पेज 11

# नव वर्ष पर टूटा ड्राई स्पेल

### हिमाचल में बर्फबारी और बारिश के साथ नए साल का आगाज

### रोहतांग दर्रा पर 12 और शिंकुला कुंजुम में 15-15 सेंमी हिमपात

### बर्फ के फाहे गिरते देख झूम उठे पर्यटक, चहक उठे चेहरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नए साल के पहले दिन हिमाचल में महीनों से चला आ रहा ड्राई स्पेल टूट गया। वीरवार को ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी और कुछ जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति के कोकसर, सिस्सू, रोहतांग, कुंजम, शिंकुला दर्रा, बारालाचा व अटल टनल रोहतांग के अलावा चंबा के जोत व मणिमहेश, शिमला के कुफरी व नारकंडा और कुल्लू के सोलंग नाला में भी कुछ देर के लिए बर्फ के फाहे गिरे। बर्फ पड़ती देख न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए यहां पहुंचे टूरिस्टों के चेहरे चहक उठे। ठंड की परवाह किए बगैर कुछ पर्यटकों ने कोकसर में अपनी जैकेट-स्वेटर व शर्ट उतारकर बर्फ के बीच डांस किया। शिमला शहर में भी मौसम खराब बना रहा। वहीं, ऊना, बिलासपुर व सोलन में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार दोपहर बाद तक अधिक ऊंची चोटियों पर बर्फबारी जारी रह सकती है। जानकारी के अनुसार, रोहतांग दर्रा पर 12 सेंटीमीटर, शिंकुला में 15, कुंजुम दर्रा में 15, जांस्कर- समदो में 10, बारालाचा में 20 और कोकसर में 5 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है।


अटल टनल रोहतांग के समीप सिस्सू में हुई ताजा बर्फबारी में मस्ती करते पर्यटक।

### प्रदेश में दिसंबर माह में नॉर्मल से 99 कम बारिश

**हिमाचल** प्रदेश में दिसंबर में बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार- एक से 30 दिसंबर के बीच सामान्य से 99 कम बारिश दर्ज हुई। इस अवधि में 0.2 मिलीमीटर हुई, जबकि 36.2 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया है। सिर्फ लाहौल-स्पीति में 0.7 मिलीमीटर बारिश हुई।बीते नवंबर माह में भी सामान्य से 96 प्रतिशत कम बादल बरसे थे। प्रदेश में इस बार पूरे दिसंबर माह में सामान्य से 99 प्रतिशत कम बारिश हुई। लाहौल स्पीति जिले को छोड़कर अन्य किसी भी जिला में एक भी बूंद पानी की नहीं बरसी। इससे पहले 1902, 1907, 1925, 1939 और 1993 में ऐसा हुआ है। इस बार 32 साल ऐसा हुआ है जब दिसंबर सूखा गया है।

### 24 घंटे में 4.7 डिग्री कम हुआ प्रदेश का अधिकतम तापमान

**प्रदेश** के पहाड़ों पर मौसम बदलने के बाद ठंड में इजाफा हुआ है। इससे बीते 24 घंटे के दौरान मैक्सिमम टैंपरेचर 4.7 डिग्री कम हुआ है और प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से -1.4 डिग्री नीचे गिर गया है। ऊना के अधिकतम तापमान में सबसे ज्यादा 10.6 डिग्री की गिरावट आने के बाद तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रह गया है। बरठीं का पारा 8.7 डिग्री कम होने के बाद 14.6 डिग्री, हमीरपुर का 8.2 डिग्री गिरने के बाद 16.1 डिग्री, शिमला का 4.2 डिग्री कम होने के बाद 15.4 डिग्री, सोलन का 7.0 डिग्री कम होने के बाद 19.5 डिग्री सेल्सियस रह गया है। रात के तापमान में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वताबो में न्यूनतम तापमान -3.4 डिग्री तो कुकुमसेरी में -3.4 और कल्पा में 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी शिमला का न्यूनतम तापमान बुधवार रात में 4.7 डिग्री कम होने के बाद 4.0 डिग्री सेल्सियस रह गया है। कुफरी के तापमान में सबसे ज्यादा 5.6 डिग्री की गिरावट आने के बाद पारा 1.5 डिग्री, नारकंडा का 4.5 डिग्री गिरने के बाद 0.5 डिग्री तापमान रह गया है।

## कुल्लू में खड़े ट्रक से टकराई कार, चार युवाओं की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नए साल की शुरुआत कुल्लू में एक दर्दनाक हादसे की खबर लेकर आई। बुधवार रात करीब 2 बजे भुंतर-जिया से कुल्लू की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार युवक-युवतियों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। हादसा भूतनाथ पुल से लगभग 100 मीटर पहले हुआ, जहां कार पहले सड़क किनारे से टकराई और दिशा बदलने के बाद ट्रक से जा भिड़ी।

मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत से घायलों को कार से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया। डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवती को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई।

पुलिस अधीक्षक मदन लाल के अनुसार मृतकों में सतपाल सिंह (25), निवासी चामुंडा नगर, ढालपुर (कुल्लू), कशिश (20), निवासी जलुग्रां, जरी (कुल्लू), अंकिता (20), निवासी उदयपुर (लाहौल-स्पीति) व रितांजली उर्फ रुची (20), निवासी सचाणी, भुंतर (कुल्लू) जिसका एम्स बिलासपुर में निधन हुआ शामिल है।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निर्मल पुलिस दल सहित मौके पर पहुंचे और हादसे के कारणों की जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले में धारा 281, 125(ए), 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


हादसे में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई कार।

### मृतकों में तीन युवतियां एक युवक, तीन कुल्लू और एक लाहौल-स्पीति से

## स्विट्जरलैंड: न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, 40 की मौत

**एजेंसी, बर्न**

स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में वीरवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया द मिरर ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। स्विट्जरलैंड पुलिस ने वीरवार को स्थानीय समय के मुताबिक, सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि मरने वालों की संख्या बताई गई लेकिन पुलिस ने कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं। फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### 100 घायल, क्रांस-मोंटाना शहर नो-फ्लाई जोन घोषित

## इंदौर में दूषित पानी पीने से 14वीं मौत

**एजेंसी, इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 14 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। 14वें मृतक का नाम अरविंद (43) पिता हीरालाल है। वह कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला था। इससे पहले 21 से 31 दिसंबर तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, वीरवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा इलाके में पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए। एक मृतक के परिजन ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा कि हमें आपका चेक नहीं चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 7992 घरों का सर्वे किया है। इनमें 2456 लोग इंफेक्टेड और संदिग्ध मिले। 200 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 40 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 162 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## नागेश कपूर बने वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का पद संभाल लिया। दिसंबर 1986 में वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशंड हुए कपूर ने फाइटर और ट्रेनर विमानों पर उड़ान भरने का व्यापक अनुभव हासिल किया है। चार्ज लेने के बाद उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले वे साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। कपूर को इस साल ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व के लिए सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल मिला था। उनके पास 3400 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। वे नेशनल डिफेंस अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। (अनंत ज्ञान)



## सीएम ने दोहराया आत्मनिर्भर हिमाचल का संकल्प

### तारा देवी मंदिर में की पूजा, लोगों से भेंट कर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने नव वर्ष के अवसर पर अपनी पत्नी एवं देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर के साथ शिमला के शोघी स्थित तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण, विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन से आस्था के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका को भी बल मिलता है और सरकार इस दिशा में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मजबूत कर रही है। नव वर्ष पर मुख्यमंत्री से प्रदेशभर से आए लोगों ने उनके सरकारी आवास ओक ओवर और राज्य सचिवालय, शिमला में भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री, विधायक, अधिकारी, कर्मचारी और आम लोग सुबह से ही बधाई देने पहुंचे।


सरकारी आवास ओक ओवर में लोगों से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

### मंदिर समिति ने सीएम को सम्मानित भी किया

मुख्यमंत्री ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने हरित और सतत ऊर्जा, रोजगार के नए अवसर तथा कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार को सरकार की प्राथमिकता बताया। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में आई प्राकृतिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों को प्रदेशवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक पार किया गया है और आगे भी विकास कार्य इसी गति से जारी रहेंगे।

**ब्लास्ट** 40 मीटर दूर पूर्व सैनिक लीग की कैंटीन की खिड़कियों के शीशे टूटे

## नालागढ़ पुलिस थाने के पास धमाका होने से अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन जिले के अंतर्गत नालागढ़ पुलिस थाने के समीप वीरवार सुबह जोरदार धमका हुआ। इससे लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। धमाके के साथ पुलिस थाना नालागढ़ के आईओ कमरे, पूर्व सैनिक लीग व साथ लगती मार्केट की दुकानों के शीशे का कांच टूट गए। सूचना मिलते ही एसपी बद्दी विनोद धीमान मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही फॉरेंसिंग टीम भी बुलाई गई, जिन्होंने मौके से कई सैंपल लिए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह धमाका वीरवार सुबह 9:40 बजे हुआ। पुलिस थाना के साथ एक पैदल रास्ता नीचे बाजार की ओर जाता है, जहां पर यह धमाका हुआ। हालांकि धमाके से कोई कोई जानी नुकसान हुआ, मगर लोग इससे सहम गए। आईओ के कमरे के साथ साथ करीब 40 मीटर की दूरी पर पूर्व सैनिक लीग की कैंटीन की खिड़कियों के शीशे टूट गए। थाने के आईओ रूम के साथ पगडंडी पर गहरा गड्ढा पड़ गया। यहां पर 35 से 40 मीटर दूर तक इस धमाके का असर दिखा। धमाका कैसे हुआ उसके कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया। पुलिस इसकी जांच कर रही है।



उधर, एसपी बद्दी विनोद धीमान ने बताया कि एफएसएल की टीम मौके पर सैंपल ले रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जाएगा।

उन्होंने कहा कि आशंका जताई जा रही है कि यहां पर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण कई स्थानों पर स्क्रैप पड़ा रहता है। हो सकता है की स्क्रैप में किसी ज्वलनशील पदार्थ से यह धमाका हुआ है, जिसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस धमाके को लेकर कई प्रकार की बातें कर रहे हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। पुलिस जब तक किसी सुबूत तक नहीं जाती है तो कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने लोगों से कहा कि डरने की कोई बात नहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**पुलिस** मामले की जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इस क्षेत्र में जितने भी कैमरे लगे हैं। सभी पुलिस चौकी व थानों की इसकी सूचना दी गई है, ताकि धमाके को लेकर कोई जरूरी सबूत मिल सके या फिर कोई संदिग्ध भी इसमें दिखाई दे सके।

## बांग्लादेश में भीड़ ने एक और हिंदू पर हमला कर जलाया

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में फिर से एक हिंदू शख्स को जलाने का मामला सामने आया है। शरियतपुर जिले में 31 दिसंबर को 50 वर्षीय खोकोन दास पर भीड़ ने हमला कर दिया। खोकोन दास घर लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। पहले उन पर धारदार हथियारों से हमला किया गया, फिर बेरहमी से पीटा गया और आग के हवाले कर दिया गया। इस हमले में वे गंभीर रूप से झुलस गए।

घायल अवस्था में खोकोन दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

### धारदार हथियारों से किया हमला, अस्पताल में भर्ती

### पिछले माह एक युवक को पेड़ से लटकाकर जलाया

**बांग्लादेश** में 15 दिन के भीतर दूसरी बार हिंदू शख्स को आग के हवाले किया गया है। इससे पहले 18 दिसंबर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। इसके बाद उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी। दीपू दास को भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप लगाकर पीटा था। वे एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करते थे। इस मामले की जांच में यह सामने आया कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले।

# ढाई साल से क्यों लटका है 'बार मेमोरियल' का काम?

## पूछ रहे शहीद कैप्टन मृदुल के भाई, श्रद्धांजलि के मौके पर बयां की पीड़ा, सरकार व प्रशासन से दिखे नाराज

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**





निर्माणाधीन 'बार मेमोरियल' स्मारक तथा पुष्पांजलि के बाद मीडिया से बात करते हुए कैप्टन मृदुल शर्मा के भाई मुकुल शर्मा।

**हमीरपुर।** हमीरपुर में निर्माणाधीन 'बार मेमोरियल' स्मारक का काम आखिर क्यों लटका हुआ है।

ढाई सालों से यहां कुछ भी नहीं हो रहा। एक मूर्ति शहीद की मौजूद है। बाकी जो ग्रेनाइट यहां कभी लगाया गया था, वह भी अब टूटने-फूटने लगा है। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के इस स्मारक की हालत अब खराब हो चली है। इस पर तकरीबन 68 लाख रुपए खर्च किए जाने थे, लेकिन 14 लाख से जो थोड़ा बहुत काम हुआ, उसका मतलब खास नहीं रहा। तत्कालीन सरकार ने जितना पैसा स्वीकृत किया था, इसके निर्माण में वह खर्च क्यों नहीं हुआ? शहीद का परिवार नाराज है, सरकार और प्रशासन से इस पर सवाल पूछ रहा है। वीरवार को मृदुल चौक पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे शहीद के भाई मुकुल शर्मा बेहद नाराज दिखे। उन्होंने अपनी पीड़ा जिस लहजे में ब्यां की, उसका मतलब साफ था कि परिवार शहीद स्मारक के निर्माण में हो रही देरी पर बेहद खफा है। उनका कहना था कि बरेली से मृदुल शर्मा की रेजीमेंट से हर साल फौजी यहां श्रद्धांजलि देने आया करते थे, लेकिन अब 2 साल से उन्हें भी मना कर दिया गया है, क्योंकि शहीद स्मारक की हालत बेहद खराब है। जहां न सफाई है, न व्यवस्था है और न ही उठने-बैठने के लिए कुछ बनाया गया है, ऐसे में इतनी दूर से आने वाले सैनिकों के लिए यह स्थिति अपमान वाली है। उनका कहना था कि निर्माण में आखिर देरी क्यों लग रही है? इस पर कोई साफ तौर पर नहीं बताता। यह पूछे जाने पर कि क्या मुख्यमंत्री से उनकी कभी बात नहीं हुई? उनका कहना है कि एक दो मर्तबा हुई है।

उन्होंने खुद कहा था कि इसे मुकम्मल करेंगे। लेकिन पता नहीं अब क्यों निर्माण आगे नहीं बढ़ पाया है। मृदुल की मूर्ति के इर्द-गिर्द जो ग्रेनाइट लगाया गया था। वह भी टूट गया है। सरकार ने कहा था कि इस स्मारक को 'बार मेमोरियल' के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां तमाम शहीदों की जीवनी लिखी जाएगी। मूर्तियां लगाई जाएगी, हालांकि यह जगह मृदुल शर्मा के लिए ही आवंटित हुई थी, लेकिन परिवार चाहता था कि हिमाचल के तमाम शहीदों की यहां मूर्तियां लगें। यह स्मारक 'बार मेमोरियल' के रूप में विकसित हो। शहीदों के बलिदान को क्यों भूल रही सरकारें यही यक्ष प्रश्न शहीद का परिवार पूछ रहा है। उनका कहना था की कैप्टन मृदुल शर्मा के नाम पर हमीरपुर के बॉयज स्कूल का नाम अंकित होने में बरसों लग गए 20 वर्ष तक लंबाई इंतजार किसके लिए हमीरपुर के लोगों को क्यों करना पड़ा? कोई बताने को तैयार नहीं। इससे पता चलता है कि शहीदों के प्रति कौन कितना फिक्रबंद है, संवेदनशील है। उनकी मुख्यमंत्री से भी एक बार फिर मांग है कि इस स्मारक को 'अमर शहीद पार्क' के रूप में विकसित करने में अब और देरी ना की जाए। वे बेहद रुंधले हुए लहजे में बोले कि इतने इंतजार के बाद अब मन तो यह करता है कि इसके निर्माण का बीड़ा खुद ही उठाया जाए।

इसके लिए ट्रस्ट बनाया जाए, क्योंकि बहुत से ऐसे लोग हैं जो शहीदों के प्रति सम्मान रखते हैं। वह चाहते हैं कि ट्रस्ट बनाकर इसमें पैसा दिया जाए और इस पार्क का निर्माण किया जाए। लेकिन वे खुद नहीं चाह रहे, क्योंकि ट्रस्ट बनाने पर कई तरह के सवाल कोई भी उठा सकता है। यह थोड़ी सी हमारी झिझक है। लेकिन पार्क तो बनाना ही है, आज नहीं तो कल। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इसमें निश्चित रूप में अब और देरी नहीं करेगी।

## शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहीदी दिवस पर वीरवार को उन्हें हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा चौक और निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर में वीरवार सुबह एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, डीएसपी हरीश गुलेरिया, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के भाई प्रोफेसर मुकुल शर्मा और अन्य परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों तथा आम नागरिकों ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। इसके बाद भी दिन भर कई अन्य अधिकारियों और आम नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कैप्टन मृदुल शर्मा एक जनवरी 2004 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए थे। इस अदम्य साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत किया गया था।

## मोदी सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों से भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था: अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किए अभूतपूर्व सुधारों व प्रभावी आर्थिक नीतियों की वजह से भारत लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है और इन्हीं सुधारों के चलते भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अनुराग ने कहा 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 11 वर्षों में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। मोदी की कुशल आर्थिक नीतियों से हम 11वें नंबर से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं।



आज भारत 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 2.5 से 3 साल में जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की कगार पर है, जिसकी 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का अनुमान है। आर्थिक विकास की इस गति ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जहां वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक अस्थिरता व अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद भारत ने विकास के पथ पर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। दुनिया भर की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसियों के हिसाब से अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

वैश्विक व्यापार और नीतिगत अनिश्चितताओं के बीच मजबूत घरेलू मांग के चलते वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी, जो कि पिछली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और 2024-25 की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को पिछले 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने भारत आर्थिक दिशा में सधे कदमों से आगे बढ़ते हुए विश्वपटल पर अपनी मजबूत स्थान बना रहा है। अनुराग ने कहा 'मोदी सरकार में आर्थिक नीतियों के समुचित क्रियान्वयन ने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाया है।

# 1 लाख श्रद्धालुओं ने लिया बाबा जी का आशीर्वाद

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु।

**बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर बाबा जी का आशीर्वाद लिया।

नव वर्ष की पूर्व संध्या से ही बाबा के प्यारे भक्तों का मंदिर में पहुंचाना 31 दिसंबर से शुरू हो गया था। नए साल का आगाज लोग बाबा की गुफा दर्शन करके शुरू करते हैं, ताकि नव वर्ष का आगाज सुखमय में हो सके। बुधवार 2 बजे से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी, जो कि वीरवार 2 तक इसी तरह पूरा सिलसिला चलता रहा। प्रदेश के साथ जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर 24 घंटे खुला रखा गया था। श्रद्धालु नाचते गाते गुफा दर्शन कर रहे थे। लगभग 1 लाख के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े बंदोबस्त किए गए थे। मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम स्वाति डोगरा सारी रात मंदिर परिसर में मॉनिटरिंग करती रही उनके साथ डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा मंदिर अधिकारी संदीप कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए डेढ़ सौ के करीब पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर हर एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रख रहे थे। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज कैमरे से भी मंदिर परिसर की निगरानी की जा रही थी। ठंड अधिक होने के चलते मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंड से बचने के लिए आग का प्रबंध कर रखा था, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो सके। मंदिर अध्यक्ष व एसडीम बड़सर स्वाति डोगरा का कहना है नव वर्ष पूर्व संध्या से लेकर प्रथम जनवरी 2026 तक दो दिनों में लगभग 100000 श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। श्रद्धालुओं को रहने के लिए विशेष प्रबंध किए हुए थे लंगर व्यवस्था 24 घंटे चालू रही, ताकि कोई भी श्रद्धालु बिना लंगर किए न रह सके।

# गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

नव वर्ष के शुभ आगमन पर गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने समस्त देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि व मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की है।

इस अवसर पर संस्था ने अपनी नियमित सेवा गतिविधियों को जारी रखते हुए विभिन्न जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था द्वारा दी गई सहायता के अंतर्गत राज कुमार पुत्र प्रेमचंद, गांव मुंडखर, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर को उनके पिता के पेट के ऑपरेशन के लिए 10,000 की सहायता दी गई। विनोद कुमार, गांव लझयानी, डाकघर नगरोटा गाजियां, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर को पत्नी के सिजेरियन ऑपरेशन के लिए 10,000 प्रदान किए गए। इसी प्रकार अरुण कुमार पुत्र बिहारी लाल, गांव पपलाह, डाकघर भरेड़ी, जिला हमीरपुर को बरसात में मकान गिर जाने पर 10,000 की सहायता दी गई। अशोक कुमार पुत्र टेक नंद, गांव लझयानी, डाकघर नगरोटा ग़ाज़ीयां, जिला हमीरपुर को मकान के बरसात में क्षतिग्रस्त होने पर 5,000 की आर्थिक सहायता दी गई। वीना देवी पत्नी सुंदर सिंह, गांव जोल, डाकघर धमरोल को पित्त की पथरी के इलाज के लिए 10,000 की सहायता प्रदान की गई। अंजू देवी पत्नी धर्मपाल जिला मंडी को लीवर कैंसर के इलाज के लिए 29,000 की सहायता दी गई।

कौशल्या देवी जिला हमीरपुर को पति की बीमारी के इलाज के लिए 5,000 की सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने जानकारी देते हुए बताया कि ये सभी लाभार्थी अत्यंत गरीब परिवारों से संबंध रखते हैं और स्वयं इलाज अथवा नुकसान की भरपाई करने में असमर्थ हैं। ऐसे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए संस्था निरंतर आगे आ रही है।

# नववर्ष पर भक्ति के रस में डूबे शहरवासी

## नए वर्ष पर सैकड़ों शहर वासियों ने मटटन सिद्ध तक निकाली पैदल यात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पदाधिकारी व सदस्य मार्कंडेय ऋषि मंदिर की यात्रा के दौरान।

नववर्ष 2026 के पहले दिन जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, सभी लोगों ने नववर्ष का शुभारंभ मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर जय ज्वाला मइया समिति द्वारा हमीरपुर के गांधी चौक से मटटन सिद्ध भगवान हनुमान के मंदिर तक पैदल यात्रा निकाली। इसमें महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे भी शामिल थे।

यह यात्रा सुबह 5 बजे गांधी से चली और 5.45 पर मटटन सिद्ध पहुंची। वहां पर भगवान श्री राम के भक्त हनुमान के दर्शन कर शीश नवाया और हनुमान चालिसा का पाठ किया। बता दें कि यह पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने नववर्ष पर पैदल यात्रा निकाली हो। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को चाय और मिठाई भी बांटी गई। साथ ही हनुमान चालिसा का पाठ करने के बाद सभी प्रसाद भी वितरित किया गया। नववर्ष के पहले दिन एक दूसरे को शुभकामना और बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा यात्रा आयोजित करने वालों को सम्मानित भी किया गया। लोगों ने एक दूसरे मिठाई खिलाकर नववर्ष का आगमन किया।

इस दौरान लोग मंदिर में सुबह सवेरे ही पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर में पहुंच रहे थे। मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद अपने सगे संबंधियों के साथ अपने माता पिता का भी आशीर्वाद लिया। कुल मिलाकर नववर्ष पर सभी के लिए खुशियां और जीवन में तरक्की लेकर आए यही शुभकामनाएं दे रहे थे। वहीं नववर्ष पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पदाधिकारियों ने बिलासपुर जिला में मार्कंडेय ऋषि के मंदिर की यात्रा की। इस दौरान सभी ने पवित्र स्नान आदि कर मार्कंडेय ऋषि के मंदिर में स्वास्थ्य की कामना की व आशीर्वाद लिया।

## सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 3 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 3 जनवरी को सुबह साढे दस बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 से लेकर 23 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# सरकारी तंत्र में अनौपचारिक, व्यक्तिगत और मानवीय संबंधों का महत्व समझाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जिलावासियों को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। वीरवार को नववर्ष के उपलक्ष्य पर उपायुक्त कार्यालय के हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में उपायुक्त ने विश्वास जताया कि इस वर्ष भी सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए तथा सभी जिलावासियों के सहयोग से जिला हमीरपुर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा कि आधिकारिक कार्यों को दक्षता एवं तत्परता के साथ पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में आपसी तालमेल बहुत जरूरी होता है। अमरजीत सिंह ने कहा कि इस सरकारी तंत्र में हम सब एक परिवार की तरह कार्य करते हैं। इसलिए, यहां आधिकारिक संबंधों के साथ-साथ हमारे बीच अनौपचारिक, व्यक्तिगत एवं मानवीय संबंध भी होने चाहिए। इससे आपसी तालमेल बढ़ता है और कार्यप्रणाली में दक्षता एवं तत्परता आती है। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग ने भी उपायुक्त और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं। उन्होंने उपायुक्त को पदोन्नति की बधाई भी दी। एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, विधि अधिकारी आशुतोष कुमार, उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश और अन्य पदाधिकारियों ने भी उपायुक्त को बधाई दी।

## प्रांजली का इंडियन नेवी अकादमी में चयन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि स्कूल की होनहार छात्रा प्रांजली का चयन इंडियन नेवी अकादमी में कैडेट पद के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से प्रांजली ने न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि प्रांजली ने प्लस टू में 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही उन्होंने जेईई मेन परीक्षा भी सफलतापूर्वक क्वालीफाई की है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रांजली खेलों में भी अग्रणी रही हैं। वे विद्यालय की बास्केटबॉल टीम की कैप्टन रह चुकी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। विद्यालय आगमन पर प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने प्रांजली को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे भी अनुशासन, ईमानदारी व नेतृत्व जैसे विद्यालय के अमूल्य मूल्यों को अपने जीवन में बनाए रखें तथा एक सभ्य, सशक्त नागरिक बनकर देश की सेवा करें। प्रिंसिपल ने कहा कि प्रांजली की यह सफलता न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।



# बधाणी पंचायत में विकास कार्यों की जांच तीन माह से लंबित, उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, जाहू**

बधाणी पंचायत में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के आरोपों की जांच अब सवालों के घेरे में आ गई है। पिछले तीन माह से चल रही इस जांच की प्रगति को लेकर न तो कोई आधिकारिक जानकारी सामने आई है और न ही कोई रिपोर्ट तैयार की गई है। यही कारण है कि यह मामला अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि जब भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों की जांच भी लटकाई जाती है, तो आरोपों की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। शिकायतकर्ता पृथी सिंह ने सबसे पहले इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई थी, जिसे संबंधित विभागों को भेजा गया। इसके अलावा उपायुक्त हमीरपुर और जिला पंचायत अधिकारी (डीपीओ) को भी लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की गई थी। बावजूद इसके, जांच अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। हैरानी की बात यह है कि उपायुक्त हमीरपुर द्वारा बीडीओ टौणीदेवी को कई बार पत्र जारी कर जांच शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए, फिर भी जांच लंबित है। जांच में हो रही देरी को देखते हुए पृथी सिंह ने 23 दिसंबर 2025 को उपायुक्त हमीरपुर को अंतिम पत्र लिखकर तुरंत जांच कराने की मांग की। पत्र में आरोप लगाया गया कि जांच अधिकारी पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं।

शिकायतकर्ता का कहना है कि पंचायत में रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और फर्जी बिल बनाकर विकास कार्यों में अनियमितताएं की गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अधिकारी इस तरह जांच को टालते रहे तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज कराने का साहस नहीं करेगा। पंचायत इंस्पेक्टर टौणीदेवी ब्लॉक के राजेश कुमार ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार किया। वहीं, उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि इस मामले में एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की गई है।

## राजपूत समुदाय को प्रतिनिधित्व देने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजपूत महासभा की हमीरपुर जिला इकाई ने सरकार द्वारा राजपूत कल्याण बोर्ड में सभा के सदस्यों को सम्मिलित करने के फैसले का स्वागत और आभार व्यक्त किया है। महासभा के महासचिव जोगेंद्र ठाकुर ने कहा कि इससे राजपूत समुदाय के विभिन्न मुद्दों को उचित मंच पर उठाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सरकार से अधिक से अधिक बोर्ड बैठकों का आयोजन करने की मांग की, ताकि सदस्यों को अपने वर्ग की समस्याओं का समाधान करवाने का मौका मिले। ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में बोर्ड में हिमाचल राजपूत महासभा के अध्यक्ष इंजीनियर केएस जमवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक सरियाल, उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, प्रदेश महासचिव विजय चंदेल, रिटायर्ड मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा, हेम सिंह ठाकुर और हमीरपुर से त्रिलोक ठाकुर, कर्म सिंह ठाकुर और मुकेश बनियाल शामिल हैं। महासभा का मानना है कि यह बोर्ड समुदाय की समस्याओं और मांगों पर हर हाल में खरा उतरेगा, जबकि महासभा भी लगातार अपने मुद्दे सरकार के समक्ष उठाती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भूमि के प्रस्तावित लीज आवंटन पर आपत्तियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल जटेहड़ी में खसरा नंबर 256, 261 और 262 में लगभग 2 कनाल 6 मरले सरकारी जमीन को प्राइवेट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए लीज पर आवंटित करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एसडीएम हमीरपुर द्वारा 26 दिसंबर को प्रकाशित सूचना के अनुसार उक्त लीज के प्रस्ताव पर स्थानीय निवासियों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि अगर इस प्रस्ताव के संबंध में किसी स्थानीय व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह 30 दिन के भीतर एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि 30 दिन के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बोधी कला उत्सव में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित बोधी कला उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में छात्रा कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समूह नृत्य में विद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान हासिल किया। एकल शास्त्रीय नृत्य में कक्षा दसवीं की अक्षिता ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संगीत अध्यापक नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं प्रशिक्षु छात्राध्यापिका जन्नत भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हुई। प्रधानाचार्य राजकुमारी कौशल ने सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### महाजन सभा सुजानपुर का वार्षिक उत्सव 18 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** महाजन सभा सुजानपुर का वार्षिक उत्सव 18 जनवरी को सुजानपुर के नरेंद्र पैलेस में मनाया जाएगा। महाजन सभा के महासचिव ओम गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सभा की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी सभा सदस्यों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

**छेड़छाड़** ग्रामीणों और पंचायत ने दोषी की पहचान व मरम्मत की मांग की

# युवती मंडल भवन को नुकसान, गिरने का खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

उपमंडल भोरंज के तहत गांव पल्ली में स्थित युवती मंडल के भवन के साथ छेड़छाड़ कर उसे नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भवन की दीवार को तोड़ दिया गया है, जिससे भवन की मजबूती पर खतरा मंडराने लगा है।

दीवार क्षतिग्रस्त होने के कारण भवन के गिरने की आशंका जताई जा रही है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। यह युवती मंडल भवन वर्ष 1994 में बनाया गया था और लंबे समय से गांव की महिलाओं व युवतियों की सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। भवन में समय-समय पर बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों का आयोजन किया जाता रहा है। ऐसे में भवन को नुकसान पहुंचना न केवल सार्वजनिक संपत्ति को क्षति है, बल्कि महिलाओं से जुड़े सामाजिक कार्यों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस मामले को लेकर अभी तक पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। हालांकि, यह मामला पंचायत के संज्ञान में लाया गया है।

पंचायत उपप्रधान विजय कुमार ने बताया कि भवन की दीवार तोड़े जाने से उसकी संरचना कमजोर हो गई है और यदि शीघ्र मरम्मत नहीं करवाई गई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। उपप्रधान ने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस विषय पर विचार किया जा रहा है और संबंधित विभाग को इसकी सूचना दी जाएगी, ताकि भवन की मरम्मत करवाई जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि दोषी व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। फिलहाल गांववासियों को डर है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह भवन कभी भी गिर सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। पंचायत से जल्द ठोस निर्णय की उम्मीद की जा रही है।

## वीना बनी शहरी निकाय प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा में 20 वर्षों तक प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य व 4 बार जिला उपाध्यक्ष रही वीना कपिल को शहरी निकाय प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। वीना कपिल किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं भाजपा महिला मोर्चा में चार बार जिला उपाध्यक्ष रही साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में 20 वर्षों तक सदस्य रही हैं। इसके अलावा संगठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। इसके अलावा नगर परिषद हमीरपुर की तीन बार पार्षद और एक बार जिला परिषद हमीरपुर की सदस्य भी रही हैं। नियुक्ति पर वीना कपिल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी। अपनी इस नियुक्ति के लिए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुलेरिया, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, सांसद अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल व पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक अजमेर ठाकुर का धन्यवाद किया है।

# पटवार वृत्तों का पुनर्गठन, मुख्यमंत्री का जनता के लिए नए साल का तोहफा: संधू

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्रहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत पूर्व में पटवार वृत पनियाली के अंतर्गत आने वाले मांजरा, अटियालु, मसानवाहल एवं खतरोढ़ गांवों को हाल ही में जारी राजस्व पुनर्गठन अधिसूचना के अनुसार जसाई तथा बेहा पटवार वृत में पुनर्संगठित कर दिया गया है।

जानकारी देते हुए एचटीसी के डायरेक्टर मोंटी संधू ने कहा कि लगभग 20 वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने पर क्षेत्र में उत्साह और संतोष का वातावरण है। ग्रामीणों ने इस निर्णय को नए साल का तोहफा बताते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू एवं विधायिका कमलेश के प्रति आभार व्यक्त किया। पहले राजस्व से जुड़े नामांतरण, सीमांकन, जमाबंदी, गिरदावरी जैसे कार्य करवाने के लिए ग्रामीणों को पटवार वृत पनियाली और आगे उप-तहसील गलोड़ तक जाना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की खपत अधिक होती थी तथा जनता को कई बार असुविधा उठानी पड़ती थी। वर्षों से चल रही इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अपनी मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। बाद में विधायिका द्वारा क्षेत्रीय दौरों और जनचर्चाओं के दौरान भी इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई। नवीन आदेश के अनुसार ग्राम मांजरा पटवार वृत बेहा में तथा ग्राम अटियालु, मसानवाहल व खतरोढ़ पटवार वृत जसाई में शामिल कर दिए गए हैं, साथ ही इन क्षेत्रों के लिए उप-तहसील अब कांगू निर्धारित होगी। इस पुनर्गठन के बाद अब राजस्व कार्य नज़दीक उपलब्ध होंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक सहज, सुगम और समय-सहेज बनेगी। युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नए साल से पूर्व क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा चुनावों से ठीक पहले अटियालू में बिना वित्तीय स्वीकृति के पटवार घर खोलकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया था, जिसे बाद में डीनोटिफाई करना पड़ा। सरकार ने जनता की समस्या को समझते हुए वास्तविक और स्थायी समाधान प्रदान किया है।


नववर्ष पर तारादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## न्यूज ब्रीफ

### झाकड़ी में चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पुलिस उप मंडल रामपुर के अंतर्गत झाकड़ी पुलिस थाने ने नशे के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। 31 दिंबर को गश्त के दौरान ज्यूरी सराहन लिंक रोड पर क्यार के समीप संदिग्ध युवक की तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 1.054 किलोग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान सागर (25 ) पुत्र करम चंद निवासी गांव डुमी डाकघर बोंडा तहसील रामपुर जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया। बरामद चरस को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### दाड़गी स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सादगी और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में 12वीं कक्षा की छात्रा स्नेहा को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बसंत वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा अपनी ऐच्छिक निधि से स्कूल की विकासात्मक गतिविधियों के लिए 21 हजार रुपए प्रदान किए। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा, जिनमें देशभक्ति गीत विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### अटल की देन से बदली ग्रामीण भारत की तस्वीर: कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र के नेरवा में आयोजित अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम में कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच ने ग्रामीण भारत की तस्वीर और तक़दीर दोनों बदल दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अटल जी की सबसे बड़ी देन है, जिसके माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ा गया और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोज़गार के नए रास्ते खुले। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक बलवीर वर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। संजीव कटवाल ने कहा कि अटल का सपना था कि देश का अंतिम गांव भी विकास की मुख्य धारा से जुड़े और आज वह सपना ज़मीन पर साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया और आवास योजनाओं से गरीब परिवारों को सम्मानजनक छत मिली।

### किन्नौर में चिट्टे समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिला के टापरी और यूला गांव से जुड़े दो व्यक्तियों को पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 8.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी चिट्टा की अवैध खरीद-फरोख्त में संलिप्त थे। पुलिस ने मौके पर ही नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चिट्टा की सप्लाई कहां से लाई गई और इसे किन-किन तक पहुंचाया जाना था।

### नववर्ष पर ओकओवर में पारंपरिक नाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला स्थित ओकओवर में सादगी और पारंपरिक माहौल के बीच नववर्ष-2026 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल की पारंपरिक नाटी में भाग लिया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिमला नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान सहित कांग्रेस के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शांत और गरिमामय वातावरण में नववर्ष का अभिनंदन किया। ओकओवर परिसर में पारंपरिक संगीत की मधुर धुनों के बीच नए साल के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई।

### सरकारी स्कूलों में गैर-शैक्षणिक काम होंगे सीमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है, क्योंकि अब उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों के बोझ से काफी हद तक मुक्ति मिलने जा रही है। सरकार के निर्देशों पर राज्य शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और इस संबंध में गुरुवार को सभी जिला उपनिदेशकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। नए नियमों के तहत अब प्रत्येक शिक्षक को स्कूल में केवल एक से दो गैर-शैक्षणिक कार्य ही सौंपे जाएंगे, ताकि वे पूरी एकाग्रता के साथ छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। अभी तक शिक्षकों से छात्रवृत्ति, एनएसएस, ईको क्लब, एनसीसी, मिड-डे-मील, वर्दी व पुस्तकों का वितरण, स्काउट एंड गाइड, आपदा प्रबंधन, पुस्तकालय रखरखाव, युवा संसद, स्वच्छता अभियान, सरकारी सर्वे, मतदाता सूची अद्यतन, जनगणना, जागरूकता अभियानों सहित करीब 31 तरह के गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाते रहे हैं, जिन्हें अब सीमित करने का फैसला लिया गया है।

# सेब आयात शुल्क घटाने के विरोध में हिमाचल, जेएंडके व उत्तराखंड एकजुट

## तीनों राज्यों ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर जताई आपत्ति

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर व उत्तराखंड राज्यों की सेब बागवानी पर आयात नीतियों के चलते बढ़ते दबाव को लेकर अब एकजुट आवाज बुलंद होने लगी है। बागवानों का कहना है कि आयात शुल्क में कटौती से विदेशी फल सस्ते होकर बाजार में उतरते हैं, जिससे पहाड़ी इलाकों के मेहनतकश सेब उत्पादकों की आमदनी पर सीधा असर पड़ता है। इसी चिंता को लेकर हिल स्टेट हॉर्टिकल्चर फोरम ने केंद्र सरकार के समक्ष स्पष्ट और मजबूत पक्ष रखने का फैसला किया।



### वोकल फॉर लोकल के अनुरूप नीति बनाने की मांग

जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में नई दिल्ली में भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हिल स्टेट हॉर्टिकल्चर फोरम की महत्वपूर्ण बैठक हुई। फोरम ने इंडिया-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के तहत सेब पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत तथा नाशपाती और किवी पर शुल्क में की गई कटौती पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला तीनों पहाड़ी राज्यों के सेब बागवानों की आर्थिकी को कमजोर करेगा और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाएगा।

फोरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल संकल्प का हवाला देते हुए आयात नीति पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया। साथ ही अमेरिका, यूरोपीय संघ और चिली के साथ होने वाले आगामी व्यापार समझौतों में भी सेब बागवानों के हित सुरक्षित रखने, आयात शुल्क 100 प्रतिशत या कम से कम 50 प्रतिशत यथावत रखने और न्यूनतम आयात मूल्य 100 रुपए प्रति किलो तय कर सख्ती से लागू करने की मांग उठाई गई।

बैठक में क्लीन प्लांट मैटेरियल, नकली दवाइयों व खादों और प्राकृतिक खेती जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। फोरम की ओर से बयान जारी करते हुए प्रधान हरीश चौहान ने बताया कि कृषि मंत्री ने सहानुभूति के साथ सभी बिंदुओं पर विचार करने और पहाड़ी राज्यों के बागवानों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया है।

### बागवानों के हक की लड़ाई होगी और तेज

**फोरम** ने स्पष्ट किया कि यह मसला पहाड़ी सेब बागवानी के अस्तित्व की लड़ाई का सवाल है। यदि आयात नीतियों में बागवानों के हितों की अनदेखी जारी रही तो आने वाले समय में देश का आत्मनिर्भर फल उत्पादन कमजोर होगा और ग्रामीण पहाड़ी अर्थव्यवस्था को गहरा झटका लगेगा। फोरम ने भरोसा जताया कि केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेकर घरेलू सेब उत्पादन को संरक्षण देगी और पहाड़ के बागवानों की मेहनत, पसीने और आजीविका को मजबूती प्रदान करेगी।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को दी नववर्ष की शुभकामनाएं


लोक भवन शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक कमलेश ठाकुर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नववर्ष 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी पत्नी एवं देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर के साथ गुरुवार को लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान प्रकट किया, जबकि कमलेश ठाकुर ने लेडी गवर्नर को पारंपरिक हिमाचली शॉल और टोपी पहनाकर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराया। पूरे वातावरण में आत्मीयता, सौजन्य और नववर्ष की सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। मुलाकात के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और समग्र विकास की कामना की तथा नए वर्ष में शांति, सौहार्द और प्रगति के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय कुमार तथा विधायक संजय अवस्थी ने भी राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। यह अवसर प्रदेश की संवैधानिक गरिमा, परस्पर सहयोग और साझा उत्तरदायित्व के भाव को रेखांकित करता रहा।

# नववर्ष के स्नेहपूर्ण संदेशों के लिए प्रदेशवासियों का आभार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नववर्ष 2026 के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से प्राप्त स्नेह, आत्मीयता और शुभेच्छा संदेशों ने उन्हें गहराई से अभिभूत किया है। उन्होंने कहा कि यह अपनत्व, विश्वास और प्रेम केवल शब्द नहीं, बल्कि प्रदेश की एकजुटता, सकारात्मक सोच और उज्ज्वल भविष्य की सामूहिक कामना का प्रतीक है।

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से की भेंट


लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नववर्ष की शुभकामनाएं देते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

नववर्ष की मंगलकामनाएं देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्ष 2026 प्रदेशवासियों के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। इस अवसर पर वे लोक भवन पहुंचे और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को भी नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 से प्रदेश में उद्यमिता को मिलेगी नई गति: सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उद्योग विभाग द्वारा 3 से 5 जनवरी तक शिमला में आयोजित किया जा रहा हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 प्रदेश के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के लिए एक निर्णायक मंच सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि 'पहाड़ों का हुनर अब वैश्विक मंच पर' थीम के साथ आयोजित यह महोत्सव प्रदेश के हजारों छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का अवसर देगा तथा आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि

### राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक हिमाचली उत्पादों का खुलेगा रास्ता



इस आयोजन के माध्यम से नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा, वहीं महिला उद्यमिता, ग्रामीण उद्यम और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को भी विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि तीन दिवसीय हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 के दौरान फैक्टरी आउटलेट्स और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन मोबिलिटी, फार्मास्यूटिकल्स, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक चिप जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए उद्योग विभाग विशेष प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान बायर-सेलर मीट, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग गतिविधियों के जरिए महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे प्रदेश की आर्थिकी को स्थायी बल मिलेगा।

# पहाड़ी सुरों के साथ सांस्कृतिक संध्याओं का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में आयोजित विंटर कार्निवाल की रंगारंग सांस्कृतिक संध्याएं और स्टार नाइट्स आज संपन्न हो गई हैं। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्थानीय और पहाड़ी कलाकारों ने अपने हुनर से रिज मैदान पर मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोक गायक रामेश्वर शर्मा व कपिल शर्मा जैसे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पहाड़ी गानों की प्रस्तुति दी, जिससे कड़ाके की ठंड के बीच भी माहौल पूरी तरह गर्म रहा। हालांकि, मुख्य मंच के कार्यक्रम आज समाप्त हो गए हैं, लेकिन शहर में लगे विभिन्न स्टॉल और अन्य गतिविधियां आगामी 4 जनवरी तक जारी रहेंगी।



शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर विंटर कार्निवल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोक गीतों पर झूमते लोग।

कार्निवाल के दौरान जहां एक ओर संगीत का जादू चला, वहीं दूसरी ओर कुदरत ने पर्यटकों को थोड़ा निराश किया। सैलानी नए साल और कार्निवाल के जश्न के बीच बर्फबारी की उम्मीद लगाए बैठे थे। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। ऊंचाई पर स्थित जाखू चोटी पर हल्की बर्फ के फाहें जरूर गिरे, लेकिन शहर में भारी बर्फबारी का इंतजार कर रहे

### शिमला विंटर कार्निवाल के दौरान बर्फबारी न होने से सैलानी रहे मायूस

देश-विदेश के सैलानियों को मायूसी ही हाथ लगी। बर्फ न गिरने से पर्यटन कारोबारियों और सैलानियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के बावजूद शिमला में कार्निवाल की रौनक अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार, रिज और माल रोड पर लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल 4 जनवरी तक पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे। स्थानीय हस्तशिल्प और पकवानों का लुत्फ उठाने के लिए अभी भी लोग भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। आज की अंतिम स्टार नाइट में भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा शहर जश्न के माहौल में डूबा नजर आया। अब सभी की निगाहें आने वाले दिनों के मौसम पर टिकी हैं कि क्या जाते-जाते विंटर कार्निवाल बर्फ की सौगात दे पाएगा।

# ब्रांदली में देवता साहिब चतरखंड पंचवीर का जन्मदिवस मनाया

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल की पावन देवभूमि अपनी प्राचीन देव परंपराओं और लोक आस्थाओं के लिए सदा से विश्वविख्यात रही है। इन्हीं परंपराओं का एक अनमोल रत्न है रामपुर उपमंडल के क्षेत्र नरेण पंचायत के ब्रांदली गांव में विराजमान देवता साहिब चतरखण्ड पंचवीर। प्रत्येक वर्ष 18 पोष एक जनवरी को उनके पावन जन्मदिवस पर पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब जाता है।



इस वर्ष भी 2026 में यह उत्सव अभूतपूर्व उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें रामपुर, रोहड़ू, सराहन सहित हिमाचल के विभिन्न कोनों से हजारों श्रद्धालु एकत्रित हुए। देवता साहब के मोहतमीम डॉ. केदार सिंह ने बताया कि देवता साहिब को क्षेत्रवासी न्याय के धनी, सत्य के रक्षक और लोक कल्याण के सच्चे संरक्षक के रूप में पूजते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, चतरखंड पंचवीर अपने भक्तों की सच्ची प्रार्थनाओं को कभी निराश नहीं होने देते।

सुबह से ही ब्रांदली का देवमंदिर परिसर फूलों, दीपों और रंग-बिरंगी सजावट से जगमगा उठा। पंचायत प्रधान नरेण शिवराम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पारंपरिक पूजा-अर्चना का शुभारंभ किया। हवन-यज्ञ के दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण को पवित्र किया। इसके बाद देव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल, नगाड़े, रणसिंगे और बांसुरी जैसे लोक वाद्ययंत्रों की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने देव संस्कृति की अनुपम झलक प्रस्तुत की।

# नववर्ष पर कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने की मुख्यमंत्री से भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार ने नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार को लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक ओवर में भेंट कर नववर्ष की बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली, शांति और विकास की कामना की।


नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार।

इसके उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेताओं और बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाओं के लिए आभार जताया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और शीघ्र ही संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। दिन भर राजीव भवन में उन्हें नव वर्ष की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

**दिक्कत** शोघी से तारा देवी तक लगा लंबा जाम, पर्यटकों की भीड़ ने बढ़ाई मुश्किलें

# नए साल पर यातायात से बेहाल हुई राजधानी शिमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नए साल के अवसर पर राजधानी शिमला में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुबह से ही शहर की सड़कों पर हजारों वाहनों का दबाव बढ़ता चला गया और दोपहर बाद हालात और खराब हो गए। खास तौर पर शोघी से तारा देवी मंदिर तक लंबा और भयंकर जाम देखने को मिला, जहां वाहन रेंगते नजर आए और कई जगहों पर यातायात पूरी

नए साल के चलते शिमला में पर्यटकों की संख्या अचानक बहुत बढ़ गई। बड़ी संख्या में निजी वाहन और टैक्सियां शहर में प्रवेश करती रहीं, जिससे सड़कों पर भारी दबाव बन गया। जाम में फंसे लोग परेशान नजर आए, कई परिवार और बुजुर्गों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि बच्चों और महिलाओं को घंटों वाहनों में बैठे रहना पड़ा। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए।

यातायात पुलिस और प्रशासन की टीमें जाम खुलवाने में जुटी रहीं, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण राहत सीमित ही रही। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी अव्यवस्था को लेकर हैरान नजर आए। दिनभर यही स्थिति बनी रही और नए साल के जश्न के बीच यातायात जाम राजधानी शिमला की बड़ी परेशानी बनकर सामने आया।


नए साल के पहले दिन शोघी से तारा देवी मार्ग पर जाम में फंसे वाहन।

# भाजपा महिला मोर्चा की नई टीम का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से व्यापक विचार-विमर्श के बाद महिला मोर्चा की नई प्रदेश स्तरीय टीम का गठन करते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इस नई टीम के गठन को संगठन में महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी और सांगठनिक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

घोषणा के अनुसार प्रेम चौहान को महिला मोर्चा का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है, जबकि बॉबी बंसल और दीपिका नेगी राठौर को प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सोशल मीडिया के मोर्चे को सशक्त करने के लिए रचना झीना शर्मा और सरिता वर्मा को सोशल मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। इन नियुक्तियों के जरिए संगठन की वैचारिक आवाज और डिजिटल पहुंच को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनिला कश्यप सुद, शुभ महाजन, भुवनेश्वरी दुग्गा, रूपलता पटियाल, सुनीता नेगी, तारा ठाकुर, नरेश गुलेरिया, अनिता देवी, नीलम चौधरी, अंकिता चौधरी, कविता चौहान, रक्षा कपिल, पुष्पा ठाकुर, अनिता वर्मा, अनुका घोकरोटा, बिमला शर्मा, कृष्णा मंडयाल, धन्नो देवी, प्रज्वल बस्टा, सुप्रभा मखेक, सोनिया ठाकुर, माधवी ठाकुर, वंदना कटोच, निर्मला धरवाल, वीना कपिल, पुष्पा शर्मा, मंजू सुद, भुवनेश्वरी कपूर, निशा शर्मा, आरती चौहान, कृष्णा धीमान, रविन्द्र सांध्यन, ममता ठाकुर, रेखा गुलेरिया, शशि कटोच, प्रेरणा शर्मा, सुनीता कटोच, आशा शर्मा, अर्चना ठाकुर, कमिला शर्मा, निमल चंदेल आदि को को शामिल किया गया है।

# 3 महीने बंद रहने के बाद फिर चली बैजनाथ से शिमला एचआरटीसी बस

## संजय सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम बैजनाथ डीपो की बस जो रोज बैजनाथ से सुबह 8 बजे चलकर गढ़ बसदी होते हुए सायं 5:30 बजे शिमला पहुंचती थी, लगभग पिछले तीन महीनों से इस रूट पर चलना बंद हो गई थी, इसे एक जनवरी से फिर से शुरू कर दिया गया है। बस शुरू होने से लोगों ने अपनी खुशी जताई है।

बस के गढ़ बसदी पहुंचने पर संजय सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन व स्थानीय नागरिकों ने चालक व परिचालक का हार एवं टोपी पहनाकर स्वागत किया। संजय चौहान ने हरी झंडी देकर बस को शिमला रवाना किया। बैजनाथ डीपो के आरएम शुशांक धीमान ने बताया कि यह बस 1980-81 में शुरू हुई थी। लगभग पिछले तीन महीने बंद रही।

**स्थानीय लोगों ने चालक और परिचालक का हार व टोपी पहनाकर किया स्वागत**

इसे बंद करने का मुख्य कारण बैजनाथ डीपो में चालक व परिचालकों की कमी रही है। आय भी प्रयाप्त नहीं हो रही थी। अब फिर से इस बस को चला दिया है। स्थानीय नागरिकों ने संजय चौहान, आर एम शुशांक धीमान व गण्यमान्यों व्यथक्तियों का आभार व्यक्त किया, जिनकी बदौलत यह कार्य सिरे चढ़ सका। इसके न चलने से स्थानीय नागरिकों को व कॉलेज स्टूडेंट्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इस मौके पर चंचल राणा, लेखराज राणा, चमन राणा, कामरेड जगत राम, बीडीसी सदस्य अनूप राणा, कमल राणा तथा इनके साथ साथ बहुत से स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# शिक्षा युक्त हिमाचल के साथ चलेगा चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान : डॉ. राजेश शर्मा

## कहा- शिक्षा बोर्ड की किताबें नहीं लगाने वाले निजी स्कूलों की संबद्धता होगी कैंसिल

**कर्मचारियों को संदेश के तौर पर कहा, मुझे थोड़ा तेजी से काम करने की आदत**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नववर्ष** के पहले दिन हिमाचल प्रदेश स्कूल एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को फॉलो करते हुए शिक्षा युक्त हिमाचल के साथ चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान छेड़ने की बात कही है।

उन्होंने कहा है कि सीएम सुक्खू ने जिस तरह से चिट्टा मुक्त अभियान को छेड़ा है, हम भी इसमें शिक्षा को साथ जोड़कर शिक्षा युक्त हिमाचल के साथ चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को चलाएंगे। डॉ. राजेश शर्मा नववर्ष के पहले दिन धर्मशाला स्थित बोर्ड परिसर में ही कर्मचारियों से सीधे रू-ब-रू होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बोर्ड कर्मचारियों से बातचीत की। डॉ. राजेश ने शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों के साथ सीधे संवाद में काम को समय रहते करने की बात कही, तो निजी स्कूलों के संचालकों को भी कड़ा संदेश दे डाला।



उन्होंने कर्मचारियों को एक संदेश के तौर पर साफ कहा है कि उनको थोड़ा तेजी से काम करने की आदत है, तो निजी स्कूल वालों को स्पष्ट किया है कि शिक्षा बोर्ड की किताबें नहीं लगाने वाले स्कूलों की संबद्धता कैंसिल होगी। इस दौरान बहुत सारी बातें हुई हैं। इससे पहले डॉ. राजेश शर्मा का बोर्ड परिसर में पहुंचने पर कर्मियों ने स्वागत किया। डॉ. राजेश ने कहा कि काम करने वाले से गलती होती है, अगर हमसे कोई गलती हो जाती है तो उसे सुधारा जा सकता है। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जाहिर की है कि कई मर्तबा ऐसा देखने को मिला है कि वह किसी काम के लिए कर्मचारियों को कहते हैं, लेकिन वह एक बार कहने के बावूजद नहीं होता है, उसके लिए उन्हें बार-बार कहना पड़ता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे काम में तेजी की आदत है, इसलिए मैं चाहता हूं की हर काम समय रहते पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा है कि आज हम आत्मनिर्भर बने हुए हैं। शिक्षा बोर्ड के भीतर न ही तो वेतन, न ही पेंशन के पैसे के लिए किल्लत महसूस होती है। उन्होंने बोर्ड अधिकारियों की भी तारीफ करते हुए कहा है कि वह अपने काम को बेहतर तरीके से संचालित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बोर्ड के काम में इससे भी ज्यादा तेजी लाने के मकसद से हमने बहुत सारे परिवर्तन-बदलाव किए हैं। डॉ. राजेश ने कहा कि हम जब यहां से उठेंगे तो इस संकल्प के साथ कि हम हर दिन सुबह अपना लक्ष्य तय करेंगे व शाम तक उसे पूरा कर वापस घर लौटेंगे।

# पठानिया ने एचपीएएस परीक्षा में सफलता पर दिव्य ज्योति को किया सम्मानित



उपमुख्य सचेतक ने धर्मपत्नी डॉ. सुनंदा के साथ दिव्य ज्योति को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश प्रशासनिक सेवा एचपीएएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की पंचायत लांजनी के झिकड़ गांव की निवासी दिव्य ज्योति कटोच को उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनंदा पठानिया ने शॉल एवं हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।

दिव्य ज्योति कटोच, भूपिंदर कटोच की पुत्री तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं पंजाब के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. पंचम कटोच की पौत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर न केवल शाहपुर क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश में गर्व का माहौल है। पठानिया ने कहा कि दिव्य ज्योति कटोच ने कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दिव्य ज्योति अपनी प्रशासनिक क्षमता, ईमानदारी और जनसेवा के उच्च मूल्यों के साथ प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनती हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त विधानसभा सचिव गोवर्धन सिंह, सेवानिवृत्त आरओ दलीप सिंह तथा शशि मेहता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बाबा बालक नाथ मंदिर की नई प्रबंध समिति का गठन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के बाबा बालक नाथ मंदिर में नई प्रबंध समिति (कार्यकारिणी) का चुनाव तहसीलदार बैजनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंदिर समिति के नव निर्वाचित सचिव फतेह सिंह भूरिया ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में तीन पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह प्रबंध समिति आगामी तीन वर्षों के लिए गठित की गई है। चुनाव के उपरांत गठित कार्यकारिणी में तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर उधोराम और कृष्ण कटोच चुने गए। कुलदीप नेहलोच को सहसचिव, संतोष भूरिया को कोषाध्यक्ष तथा तरलोक धीमान को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में संसार चंद, तिलक भूरिया, गुलजार भूरिया, रमेश चंद, अनूप राणा, घनश्याम बक्शी, अनिल रैना, अर्जुन शास्त्री, सकीना राणा, बिंद्रो देवी, कुसुम लता और अनीता भूरिया को चुना गया।

**एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में शैक्षणिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

# प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में रियांशी और प्रणीत प्रथम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में शैक्षणिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को जूनियर और सीनियर दो वर्गों में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग में पहली कक्षा और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ग में एटम किड्स, एनर्जी टीम, लाइट ग्रुप टीम, नेचर टीम तथा अर्थ एक्सप्लोरल टीम शामिल रहीं।




एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में शैक्षणिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एटम किड्स टीम विजेता रही, जिसमें रियांशी और प्रणीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में एलकेजी और यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ग की टीमों में नेचर हीरोज, नॉलेज किंग्स, ब्रेन बूस्टर, ईको स्टार्स तथा फ्यूचर इंडिया शामिल थीं। प्रतियोगिता में नॉलेज किंग्स टीम विजेता रही, जिसमें सात्विका और तृषा ने जीत हासिल की।

इसके साथ ही नववर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने नशा मुक्ति पर एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया तथा अथर्व आर्य ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# अवर ऑन इंग्लिश स्कूल के होनहारों ने बढ़ाया हिमाचल का गौरव

## राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद् विज्ञान सम्मेलन में सुहानी ने प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर प्रेजेंटेशन किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद् विज्ञान सम्मेलन 2025 में भाग लेकर हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। सम्मेलन में भाग लेने के उपरांत विद्यालय के तीनों विद्यार्थी मंगलवार को शाहपुर लौटे।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक पारस अवस्थी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 26 से 29 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय बाल भवन नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व अवर ऑन इंग्लिश स्कूल की छात्रा सुहानी शर्मा, तमन्ना कौंडल एवं सर्विक राणा ने अपनी अध्यापिका दीपिका शर्मा के मार्गदर्शन में किया। सम्मेलन के दौरान छात्रा सुहानी शर्मा ने हाउ टू बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर प्रभावशाली प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित विशेषज्ञों व प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया।




राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद् विज्ञान सम्मेलन में अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर के विद्यार्थियों ने लिया भाग।

प्रेजेंटेशन में प्लास्टिक प्रदूषण से पर्यावरण को होने वाले नुकसान, विशेष रूप से हिमाचल के संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों पर इसके दुष्प्रभावों को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के लिए व्यावहारिक उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति की भी आकर्षक प्रस्तुति दी, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उभरकर सामने आई। पारस अवस्थी ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के 28 बाल भवनों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के मंच पर अवर ऑन इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों की सहभागिता न केवल विद्यालय बल्कि शाहपुर क्षेत्र एवं समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## एयरपोर्ट प्रभावितों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू



अनंत ज्ञान, गगल। गगल में नए साल से लोगों को नोटिस बांटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल ने बताया के गगल में 22 दिसंबर से लोगों के अवार्ड व शपत पत्र बनने शुरू हो गए थे, लेकिन अब प्रशासन द्वारा आठ सदस्यों की टीम ने पहली जनवरी से गगल के लोगों को नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इशांत जसवाल ने बताया कि इसी सप्ताह गगल के कैंप लगाया जाएगा और प्रभावित लोगों से शपथ पत्र लिए जाएंगे और 15 जनवरी से पहले पहले लोगों के खातों में राशि डाल दी जाएगी।

## बाबा कांशी राम कॉलेज डाडासीबा में एनएसएस शिविर संपन्न

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में प्राचार्या डॉ. रजनी सांख्यान की अध्यक्षता में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर महाविद्यालय परिसर एवं खेल मैदान की साफ-सफाई की गई। सायंकालीन सत्र में राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के जंतु विज्ञान के सहायक प्रवक्ता प्रो पीताम्बर सिंह ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी तरीकों पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्राचार्या ने एनएसएस स्वयंसेवकों से सात दिवसीय शिविर के दौरान के अनुभवों पर चर्चा की तथा उन्हें समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. जतिंदर कुमार, एनएसएस नोडल अधिकारी प्रो. दविंदर सिंह, कुंता देवी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**टीजीटी शिक्षकों ने सरकार को भेजा 15 सूत्री मांग पत्र, कहा-**

# कर्मचारियों की वित्तीय देनदारी चुकाए सरकार 1 जनवरी 2026 से लागू करें नया वेतन आयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** सरकार इस बार बजट में कर्मचारियों की लंबित देनदारी चुकाने के लिए उचित वित्तीय प्रावधान करे। 1 जनवरी 2026 से अब सातवें वेतन आयोग को गठित और लागू करने के लिए नीति स्पष्ट करे। पे स्केल के लिए हिमाचल पंजाब का अनुकरण करता है और पंजाब वर्ष 202 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए अब केंद्र के स्केल का अनुकरण कर रहा है।

इसके अलावा कर्मचारियों और शिक्षकों की जेसीसी गठित करते हुए कर्मचारी परिसंघ को मान्यता दे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश मुख्यमंत्री, वित्त सचिव और शिक्षा सचिव को प्रेषित 15 सूत्री मांग पत्र में उठाई है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि 1 जनवरी 2016 से अब तक देय वेतन आयोग का एरियर, लंबित 14 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और महंगाई भत्ते का एरियर, 10 साल एक एक भी भत्ता पंजाब तर्ज पर रिवाइज नहीं करना, टीए/डीए में 30 किलोमीटर दायरे की शर्त से हो रहे नुकसान का जायजा लिया जाए और कर्मचारियों की अदायगी देने के बेहतरीन विकल्प सुझाने के लिए संघ को मौका दिया जाए।

संघ ने 4-9-14 एसीपीएस स्कीम हिमाचल की ओर से अपने स्तर पर बहाल करने, टीजीटी को हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों की तर्ज पर बेहतर पे स्केल देने, कैशलैस ट्रीटमेंट व्यवस्था उत्तर प्रदेश की तर्ज पर शुरू करने, शिक्षा विभाग में टीजीटी से प्रवक्ता की 749, जेबीटी और सी एंड वी से टीजीटी की 400 प्रमोशन, जेबीटी से एलटी प्रमोशन, प्राथमिक स्तर पर बीईईओ प्रमोशन जल्दी करने और रिक्त जेबीटी, टीजीटी पदों पर कमीशन भर्तियां करते हुए 5154 पद भरने की प्रक्रिया जल्दी निपटाने की अपील भी सरकार से की है। संघ ने कहा कि प्रदेश में टीजीटी शिक्षक 2019 से 2025 के मध्य नियुक्त या पदोन्नत शिक्षकों की वरिष्ठता सूची निकलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसे निकालने में हुए देरी से शिक्षक नाराज हैं। पे स्केल में टीजीटी और प्रवक्ता के मध्य वेतन का अंतर बढ़ता जा रहा है।

वर्कलोड भी टीजीटी शिक्षकों पर अधिक है और चार्ज आबंटन में व्यवसायिक शिक्षा जैसे चार्ज में रोटेशन के आधार और टीजीटी को अवसर नहीं दिया गया है। संघ ने ट्रांसफर के लिए भी नीति बनाने की मांग की है।

# केंद्र के खिलाफ पंजाब की तर्ज पर विशेष सत्र बुलाए सरकार : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश इकाई केंद्र सरकार की गरीब-विरोधी और तानाशाही नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार से कड़ी मांग करती है कि वह पंजाब की भगवंत मान सरकार की तर्ज पर तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करे और विकसित भारत -गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के खिलाफ एक मजबूत प्रस्ताव पारित करे। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बर्बाद करने की एक घिनौनी साजिश है, जो करोड़ों ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और महिलाओं की आजीविका पर सीधा प्रहार है। पंजाब विधानसभा ने 30 दिसंबर 2025 को सर्वसम्मति से वीबी-जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर एक मिसाल कायम की है, जिसमें केंद्र पर गरीबों के अधिकार छीनने और संघवाद को कुचलने का आरोप लगाया गया। आम आदमी पार्टी के राज्य समन्वयन समिति के सदस्य व कांगड़ा जिला के मीडिया इंचार्ज कल्याण भंडारी ने कहा कि मोदी सरकार की यह योजना मनरेगा का गला घोंटने का षड्यंत्र है। जहां मनरेगा गरीबों को मांग-आधारित रोजगार का अधिकार देता था, वही विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) राज्यों पर वित्तीय बोझ थोपकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तबाह करने की तैयारी है। हिमाचल प्रदेश में लाखों मजदूरों की कमर टूट जाएगी, कृषि संकट गहराएगा और महिलाओं की भागीदारी खत्म हो जाएगी। क्या सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार गरीबों की आवाज दबाने में केंद्र की भागीदार बनेगी।



भंडारी ने कहा कि सुक्खू सरकार तत्काल विधानसभा का एक-दिवसीय विशेष सत्र बुलाए, जिसमें इसे गरीबों पर हमला घोषित कर मनरेगा की बहाली की मांग की जाए। इसके साथ केंद्र द्वारा रोके गए मनरेगा फंड्स की तत्काल रिहाई सुनिश्चित की करवाई जाए।

# अभिषेक कपूर पहले प्रयास में बने हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** लाजमी नहीं कि साधन संपन्न परिवारों के बच्चे और महंगे उच्च ट्यूशन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर विराजमान होते हैं बल्कि मेहनत, लग्न और दृढ़ संकल्पित होकर साधारण परिवारों के बच्चे भी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। बैजनाथ के मंढेहड गांव के रहने वाले 23 वर्षीय अभिषेक कपूर ने पहले प्रयास में हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनकर यह साबित कर दिया है कि जहां चाह होती है वहां राह भी अपने आप बन जाती है।

अभिषेक कपूर की पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। उनकी माता गलमो देवी गृहिणी हैं, जबकि पिता तिलकराज गांव में छोटी सी दुकान चलाते हैं।

अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हुई तथा जमा दो की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ से पूरी की। आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के बावजूद उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए स्वामी रामानंद ट्रस्ट के सचिव राजेश शर्मा ने उनकी उच्च शिक्षा का दायित्व संभाला।



अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय स्वामी रामानंद ट्रस्ट को दिया।

इसके परिणामस्वरूप अभिषेक को केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश मिला, जहां उन्होंने भौतिकी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के संकल्प कोचिंग सेंटर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की और सफलता हासिल की। अभिषेक का अगला लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा को उत्तीर्ण करना है, जिसके लिए उन्होंने प्रीलिम्स भी क्वालीफाई कर लिया है। वे युवाओं से अपील करते हैं कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करें। अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय स्वामी रामानंद ट्रस्ट को देते हुए कहा कि बिना उनके सहयोग के यह मुकाम संभव नहीं था। इस अवसर पर ट्रस्ट के महासचिव राजेश शर्मा, बिलिंग पैराग्लाइडिंग संगठन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा तथा अधिवक्ता अजय अवस्थी ने उन्हें बधाई दी।

**शिविर** | **पी 3 वाई के नियमित अभ्यास से मन को स्थिरता, जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती : पुष्पिंद्रा**

# जीवन संतुलन की साधना पर दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** के समीप निजी होटल में पी 3 वाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पी 3 वाई के प्रशिक्षक पुष्पिंद्रा महाजन ने पी 3 वाई की अवधारणा, उद्देश्य और इसके व्यापक लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

पुष्पिंद्रा महाजन ने कहा कि पी 3 वाई केवल योग या ध्यान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने वाली एक समग्र साधना है। आज के तनावपूर्ण और तेज जीवन में मनुष्य मानसिक अशांति, नकारात्मक सोच और असंतुलन से जूझ रहा है। पी 3 वाई के नियमित अभ्यास से मन को स्थिरता, विचारों को स्पष्टता और जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने बताया कि पी 3 वाई अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति अपनी आंतरिक ऊर्जा को जागृत करता है। इससे न केवल मानसिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि आत्मविश्वास, धैर्य और निर्णय क्षमता में भी वृद्धि होती है। विद्यार्थियों, युवाओं, कामकाजी वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों सभी के लिए पी 3 वाई अत्यंत उपयोगी है। पुष्पिंद्रा महाजन ने कहा कि पी 3 वाई व्यक्ति को नकारात्मक भावनाओं, भय और तनाव से मुक्त कर संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।



कांगड़ा के समीप निजी होटल में पी 3 वाई शिविर का आयोजन किया गया।

नियमित साधना से शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित होता है। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों ने पूरे मनोयोग से अभ्यास सत्रों में भाग लिया और पी 3 वाई के विभिन्न आयामों को समझा। प्रतिभागियों ने इसे सरल, प्रभावशाली और दैनिक जीवन में सहज रूप से अपनाने योग्य साधना बताया। शिविर का समापन बालिका अरीशा महाजन द्वारा कराए गए परम नाद के साथ किया गया। परम नाद के दौरान पूरा वातावरण शांत, सकारात्मक और ऊर्जामय हो गया, जिससे उपस्थित लोगों ने गहन शांति और आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव किया। इस अवसर पर यह जानकारी दी गई कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर धर्मशाला के दाड़ी क्षेत्र में एक और पी 3 वाई शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर में भाग लेकर पी 3 वाई के लाभों को अनुभव करने की अपील की।

# नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## कांगड़ा जिले के सभी शक्तिपीठों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने की सुख-स्मृद्धि की कामना

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** नए साल का जश्न मनाने पहुंचे पर्यटकों ने नए साल की शुरूआत देवी दर्शनों से की। वीरवार को जिले के शक्तिपीठों में देवी दर्शनों को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ से यूं लगा कि श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा हो। हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों सहित बाहरी राज्यों के श्रद्धालुओं ने जिला कांगड़ा स्थित शक्तिपीठों में नववर्ष के पहले दिन मां के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। श्री ज्वालामुखी, श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम और बनखंडी स्थित मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाते हुए देवी दर्शन किए। गौरतलब है कि वीरवार सुबह कांगड़ा जिले में घनी धुंध छाई रही, लेकिन मौसम की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।


श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में लगी श्रद्धालुओं की कतार।


मां बज्रेश्वरी के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु।

# शिव मंदिर बैजनाथ में चार बजे खुल गए मंदिर के कपाट

- श्रद्धालुओं की भीड़ के अनुरूप नहीं दिखे इंतजाम
- ज्यादा संख्या में पहुंचे भक्त, पुजारी की बिगड़ी तबीयत

जितेंद्र कौशल अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** नए साल के पहले दिन ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धालुओं का भारी तांता लगा रहा। सुबह 4 बजे मंदिर कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे लगने आरंभ हो गई थी। यह सिलसिला रात्रि आरती तक चलता रहा।

शिव भक्तों की भारी संख्या बैजनाथ मंदिर पहुंची हुई थी, उस हिसाब से मंदिर प्रशासन की ओर से इंतजाम लगभग शून्य ही थे। व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं थी, जिसकी वजह से दूरदराज के इलाकों से आए हुए श्रद्धालुओं को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भीड़ के मद्देनजर पुजारियों की भी पर्याप्त संख्या मंदिर में तैनात नहीं थी। मंदिर के भीतर भक्तजनों की भीड़ इस कद्र थी कि ज्यादा सफोकेशन की वजह से ड्यूटी पर कार्यरत मंदिर के एक पुजारी की तबीयत भी अचानक बिगड़ गई, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। वहीं पर लोगों का कहना है कि आज कुछ मंदिर न्यास के सदस्यों की विशेष ड्यूटी मंदिर सेवा में लगानी चाहिए थी। इसके साथ मंदिर न्यास को बारिश के मद्देनजर सुरक्षाबलों का विशेष इंतजाम भी करना चाहिए था, जिससे कि श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता।


नववर्ष के के पहले दिन शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# धुंध व ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

नववर्ष पर जिला के शक्तिपीठों को भव्य ढंग से सजाया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठों में शीश नवाकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि की कामना की। अल्प सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं का कहना था कि वर्ष के पहले दिन देवी दर्शनों से पूरा साल अच्छा जाता है और मां की कृपा परिवार पर बनी रहती है।

### बज्रेश्वरी मंदिर में सुबह 5 बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे भक्त

**नववर्ष** के पहले दिन कांगड़ा जिले में घनी धुंध व ठंड के बावजूद देवी दर्शकों को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। सुबह के समय भारी ठंड थी, इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठों ने 5 बजे पहुंचना शुरू कर दिया था। जिसके बाद माता के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं।


नववर्ष के पहले दिन मां बज्रेश्वरी के दर्शनों को लाइनों में लगे श्रद्धालु।

### नववर्ष पर दोस्तों संग देवी दर्शन को आए: सुनील

**उत्तर** प्रदेश के फिरोजाबाद से पहुंचे श्रद्धालु सुनील कुमार ने बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ नए साल के पहले दिन माता के दर्शन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि माता से प्रार्थना की है कि नया साल सभी के लिए खुशियां लेकर आए और उनके परिवार सहित सभी लोग स्वस्थ एवं सुखी रहें।

### चालीस वर्षों से आ रहे मां के दर्शनों को: विकास

**पंजाब** के पटियाला से आए विकास कुमार ने बताया कि वे पिछले करीब 40 साल से कांगड़ा ब्रजेश्वरी माता के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। यहां श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी की जाती है। नए साल के अवसर पर माता रानी से यही प्रार्थना की है कि उनका आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे। उन्होंने बताया कि सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी हुई हैं और मौसम भी दर्शन के लिए अनुकूल बना हुआ है।

### श्री चामुंडा मंदिर में करीब 18 हजार भक्त हुए नतमस्तक

**श्री** चामुंडा नन्दिकेश्वर धाम में नए साल के पहले दिन सुबह 5 बजे लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। साल के पहले दिन करीब 18 हजार श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि नववर्ष के लिए मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। श्रद्धालु सुविधापूर्वक दर्शन कर सकें, उसके लिए नए साल पर मंदिर के कार्य को बंदकर सभी को नजदीक से दर्शन करवाए गए। नववर्ष पर श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होने पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 10 अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए थे। मंदिर में आने और जाने के लिए अलग-अलग रास्तों की व्यवस्था की गई है। कपाट खुलते ही लंबी-लंबी लाइनें लग गईं।

### श्री ज्वालामुखी शक्तिपीठ में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

**श्री** ज्वालामुखी शक्तिपीठ में नए साल के पहले दिन सुबह तड़के ही माता ज्वाला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। हिमाचल सहित पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व अन्य बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों ने माता ज्वाला के दर्शन कर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आने वाला वर्ष सुख-समृद्धि से भरपूर रहने की कामना की। मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अतिरिक्त सफाई कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

## गढ़ माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** मां भयभुंजनी गढ़ माता मंदिर में नए साल के उपलक्ष्य पर वीरवार को हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। सुबह से ही मां के जयकारे लगाते हुए मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। साथ ही संगत ने दिन में भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया तथा वहां पर आयोजित मां का जागरण सुनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर को रंग बिरंगे फूलों तथा लाइटों से सजाया गया था। नववर्ष के खुशी पर गोजरी फेम पहाड़ी लोक गायक इशांत भारद्वाज ने माता के भजनों का गुणगान किया, जिसे संगत ने खूब सराहा। पूरा दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा, साथ ही दिनभर ट्रैफिक जाम देखने को मिला। जिसे भक्त मशक्कत के बाद स्वयं खुलवाते हुए नजर आए। लगभग 2 हजार श्रद्धालु मंदिर परिसर में नववर्ष के उपलक्ष्य पर नतमस्तक हुए। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष मलां के प्रतिष्ठित व्यवसायी कालू भाई द्वारा गढ़ माता मंदिर में पिछले 15 सालों से मां भगवती का जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

## एचआरटीसी का यात्रियों को न्यू ईयर गिफ्ट

# अब वोल्वो बसों में मिलेंगे यात्रियों को कंबल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**अब** एचआरटीसी की वोल्वो बसों में यात्रियों को कंबल सुविधा भी मिलेगी। एचआरटीसी ने वोल्वो बसों में कंबल सुविधा शुरू करके यात्रियों को न्यू ईयर का गिफ्ट दिया है।



- धर्मशाला मंडल की यात्री हित में नई सुविधा शुरू: पंकज

एचआरटीसी मंडल धर्मशाला ने नववर्ष पर इस सुविधा की शुरुआत की है। डीएम एचआरटीसी धर्मशाला पंकज चड्डा ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए निगम का यह फैसला यात्रियों के लिए न्यू ईयर गिफ्त साबित होगा। नए साल के इस तोहफे से धर्मशाला, कांगड़ा और चंबा क्षेत्र के लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

डीएम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस नए साल में यात्रियों को न केवल बेहतर बसें मिलें, बल्कि उन्हें घर जैसा आराम भी मिले। वोल्वो में कंबल की सुविधा और नए रूटों का विस्तार इसी दिशा में हमारा एक प्रयास है।

**धर्मशाला मंडल की उपलब्धियों का सफर :** 666 बसों का बेड़ा अब 767 विभिन्न रूटों पर दौड़ रहा है। 41,000 से अधिक लोगों को स्मार्ट, ग्रीन और सम्मान कार्ड के जरिए रियायती यात्रा का लाभ मिल रहा है।

### बेड़े और सेवाओं में विस्तार

**डीएम** ने बताया कि धर्मशाला मंडल ने अपने बेड़े और सेवाओं का विस्तार कर कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। धार्मिक रूट्स का विस्तार करते हु चामुंडा से श्री वृंदावन (हिमधारा) और नादौन से दिल्ली के बीच सीधी वोल्वो सेवा की शुरुआत। मैक्लोडगंज से दिल्ली के लिए नई वोल्वो बसें और दिल्ली एयरपोर्ट के लिए सीधी बस सेवा का तोहफा। यात्रियों की सुरक्षा और आराम के लिए बेड़े में 6 नई वोल्वो बसें शामिल की गई हैं।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी नया साल, नई रफ्तार

**डीएम** ने बताया कि सिर्फ बसें ही नहीं, बल्कि धर्मशाला मंडल ने बुनियादी ढांचे को भी मजबूती दी है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पालमपुर, जसूर, नगरोटा बगवां और धर्मशाला में 2.35 करोड़ की लागत से चार्जिंग स्टेशन तैयार किए गए हैं। चंबा और पालमपुर में बहुमंजिला पार्किंग का काम जोरों पर है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

जयसिंहपुर में नए क्षेत्रीय कार्यालय और बस संस्थान के बनने से परिवहन सेवाओं में और सुधार आएगा।

## अनुकंपा आधार पर नियुक्तियां, पात्र लोगों को दिलाया हक: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनुकंपा आधार पर पात्र आवेदकों को नियुक्तियां देकर एक सराहनीय और जनहितैषी पहल की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल से अनुकंपा नियुक्तियां लंबित थीं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए इस दिशा में ठोस निर्णय लिया। पात्र परिवारों को रोजगार प्रदान कर सरकार ने उनकी पीड़ा को समझते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इन परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है तथा रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित किए जा रहे हैं। शीघ्र ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न विभागों में हजारों पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाकर प्रत्येक किसान परिवार की मासिक आय कम से कम 20 हजार रुपये सुनिश्चित करना है। हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिसने प्राकृतिक खेती से उगाए गए अनाज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया। उन्होंने बताया कि पहली कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित किया गया। साथ ही 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत ई-टैक्सी योजना शुरू कर युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी गई। वर्तमान सरकार संवेदनशील सरकार है, जो जनता की भावनाओं को समझती है।

# सुबह धुंध, दिन में बादल और शाम को हल्की बारिश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- ऊंची पहाड़ियों पर जारी रहा हिमपात का क्रम
- शुष्क सर्दी से मिली निजात, किसानों-बागवानों को राहत

**नववर्ष** के पहले दिन और सुबह से घनी धुंध छाई रही। दिन में घने बादलों ने डेरा जमाए रखा, तो वहीं दोपहर बाद शुरू हुई बूंदाबांदी उपरांत शाम को जिले में हल्की बारिश दर्ज हुई। इसके साथ ऊंची पहाड़ियों पर हिमपात का क्रम जारी रहा।

हल्की बारिश से जहां शुष्क ठंड से निजात मिली है, वहीं किसानों व बागवानों को भी कुछ हद तक राहत मिली है। हालांकि जिले भर में छाई धुंध के कारण पहाड़ों पर पड़ी बर्फ अभी धर्मशाला से नहीं दिख पाई। इस बार करीब तीन माह के लंबे सूखे के चलते किसानों तथा बागवानों में अपनी फसलों-फलों को लेकर चिंता थी, तो वहीं बारिश के न होने के कारण लोगों में सर्दी तथा जुकाम जैसी बीमारियों का असर भी काफी बढ़ गया था। ऐसे में नए साल का पहला ही दिन लोगों के लिए राहत लेकर आया है। वहीं, बादलों का डेरा होने के कारण धूप न लगने से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में नए साल के पहले ही दिन बारिश तथा बर्फवारी का क्रम शुरू हो जाने से लोगों को राहत मिली है।

> **लंबे** समय से बारिश न होने के कारण बच्चों तथा बुजुर्गों में सूखी ठंड से बीमारियां हो रही थीं। वहीं बारिश की शुरुआत से सूखी ठंड से होने वाले रोगों में अब काफी हद तक कमी आने की उम्मीद है। लोगों से अपील है कि ठंड से अपना बचाव करें। खास कर ठंड के दिनों में बच्चों तथा बुजुर्गों का खास ख्याल रखें।
>
> -डॉ. अनुराधा शर्मा, एमएस, जोनल अस्पताल, धर्मशाला

> **करीब** तीन माह से बारिशों के न होने के कारण बागवानी पर भी इसका असर पड़ने की संभावना थी। वहीं, अब क्षेत्र में बारिश शुरू होने से बागवानों को राहत मिलेगी तथा फलों को इसका लाभ मिलेगा। हालांकि, लंबे ड्राई स्पेल के कारण बागवानी विभाग ने पहले ही बागवानों के लिए एडवाइजरी जारी कर रखी थी।
>
> -डॉ. अलक्ष पठानिया, उपनिदेशक, बागवानी विभाग, धर्मशाला

## हैप्पी बर्थडे


बग्गी के प्रियांशु ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


जवाली के सराफ स्वर्णिमजय सूर्या धवन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## डॉ. पूजा राणा का एम्स बिलासपुर में जूनियर रेजिडेंट पद पर चयन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर उपतहसील के बीर (साई) गांव की होनहार बेटी डॉ. पूजा राणा पुत्री टीसी राणा का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में जूनियर रेजिडेंट के पद पर चयन हुआ है। डॉ. पूजा की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि डॉ. पूजा राणा का चयन 23 दिसंबर, 2025 को आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू के आधार पर किया गया। डॉ. पूजा राणा की इस सफलता पर परिवारजनों सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि डॉ. पूजा राणा की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

## डरोह, अटियालादाई में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत एवं उचित रखरखाव के चलते विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों (डरोह, पीटीसी डरोह, बस्केहर, अटियालादाई, रडा, मंडप मलोग मरहूं, भेडू ब्लॉक कार्यालय, देवी, नौरा, केदारा, भोडा, जैंद, खड्डूल मट तथा बमियाल) आदि में शुक्रवार को सुबह दस बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने दी है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

## कार्यक्रम: एरला और सदु बरग्रां स्कूल में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन

# लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें : आरएस बाली

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

**नववर्ष** में नई सोच के साथ नया लक्ष्य निर्धारित करके उसे पाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें कामयाबी अवश्य मिलेगी। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नववर्ष के प्रथम दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एरला और सदु बरग्रां के वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने समस्त विधानसभा क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।


एरला स्कूल में वॉलीबाल सिंथेटिक ट्रैक, रेलिंग मरम्मत के लिए 2 लाख और शौचालय निर्माण को 5 लाख देने की घोषणा की।

उन्होंने दोनों विद्यालयों को वार्षिक समारोह के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा नववर्ष में नए संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा हम सभी को अपने जीवन में नववर्ष के मौके पर एक नया लक्ष्य लेकर उसे पूरा करने की तरफ बढ़ना चाहिए उन्होंने सभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा उनका एकमात्र लक्ष्य है नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना। इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों नए बदलाव भविष्य में सकारात्मक रूप में बाहर आएंगे जिनका फायदा गांव और गरीब को होगा। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र में वह जल्द स्वास्थ्य सुविधाओं की तरफ एक बड़ा कार्य करने जा रहे हैं जिसके होने से लोगों को घर के पास ही चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

इससे पूर्व प्रधानाचार्या नीलम कुमारी ने एरला विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और प्रधानाचार्य सदु बरग्रां कुलदीप ठाकुर ने मुख्य अतिथि के समक्ष सदु बरग्रां विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने विद्यालय की समस्त गतिविधियों का विवरण मुख्य अतिथि के समक्ष दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालयों की समस्याओं को भी रखा। मुख्यअतिथि ने परीक्षाओं, खेलों, संस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। उन्होंने गणमान्य लोगों को भी स्मृति चिन्ह दिए। उन्होंने एरला विद्यालय में वॉलीबाल सिंथेटिक ट्रैक, सोलर लाइट, रेलिंग मरम्मत के लिए 2 लाख और शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भी 10 हजार रुपए दिए। उन्होंने सदु बरग्रां विद्यालय की भी सभी मांगों को पूरा करने के लिए कहा।

## इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में बह रही विकास की गंगा: मलेंद्र

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल में इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

विधानसभा क्षेत्र में प्रशासन, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, ग्रामीण विकास और औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डीएसपी कार्यालय स्वीकृत कर विभिन्न पदों सहित कार्यालय का शुभारंभ करवाया गया तथा फायर ब्रिगेड कार्यालय को 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। बिजली व्यवस्था के अंतर्गत 33 केवी सब-स्टेशन के लिए 12 करोड़ रुपए, करीब 70 नए ट्रांसफार्मर स्वीकृत, 30 ट्रांसफार्मर अपग्रेड तथा एचटी-एलटी लाइनों का विस्तार किया गया। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के तहत विधानसभा क्षेत्र में लगभग 117 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का उन्नयन किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में कांगड़ा जिले की सबसे बड़ी परियोजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा 268 करोड़ रुपए की लागत से पेप्सी प्लांट का शिलान्यास किया गया, जिससे 1500 युवाओं को रोजगार मिलेगा। विधायक ने बताया कि जल शक्ति विभाग के अंतर्गत उठाऊ पेयजल योजनाओं व नलकूपों के लिए 31 करोड़ रुपए, पेयजल सुधार के लिए 16.31 करोड़ रुपए तथा नलकूप सुधार व अन्य कार्यों के लिए 18.15 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाए गए। विधायक मलेंद्र राजन ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए निरंतर सहयोग व उदार बजट स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद5 सिंह सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 18 जरूरतमंद लोगों को कुल 7 लाख रुपए के सहायता चेक वितरित किए।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता के अरुण सांख्यान बने तहसीलदार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता की ग्राम पंचायत डाहड के होनहार बेटे अरुण कुमार सांख्यान ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम का लोहा मनवाया है। अरुण ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2025 में सफलता प्राप्त कर तहसीलदार पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौर हो कि इससे पहले भी वे हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा परीक्षा 2024 में चयनित हो चुके हैं और वर्तमान में राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। अरुण कुमार सांख्यान पुत्र ठाकुर दास एवं कांता देवी, ग्राम पंचायत डाहड, तहसील झंडूता बिलासपुर के निवासी हैं। उनके पिता एक सेवानिवृत्त जेबीटी अध्यापक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले अरुण ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन से यह मुकाम हासिल किया है। वर्ष 2021 में अरुण ने हिमाचल प्रदेश अलाइड परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑडिट इंस्पेक्टर के पद पर चयन प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में पहले ही प्रयास में नायब तहसीलदार की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके उपरांत वे हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा परीक्षा 2024 में रजिस्ट्रार के लिए चयनित हुए। अब वर्ष 2025 में पुनः चयनित होकर तहसीलदार पद तक पहुंचना उनकी निरंतर प्रगति और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

### बरमाणा की प्रतिमा मन्हास बीडीओ चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हिमाचल



प्रदेश प्रशासनिक सेवा की संयुक्त परीक्षा के घोषित परिणाम में प्रतिमा मन्हास का चयन ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी पद के लिए हुआ है। प्रतिमा मन्हास के पिता शिवपाल मन्हास हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से कानूनी सलाहकार एडवोकेट के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उनकी माता मंजू मन्हास बरमाना पंचायत की प्रधान रह चुकी हैं। प्रतिमा को शुरू से ही एक होनहार, मेहनती और अनुशासित छात्रा के रूप में जाना जाता है। प्रतिमा की प्रारंभिक शिक्षा डिफेंस क्षेत्र में पिता के साथ रहकर हुई। उन्होंने जेएनजीईसी सुंदरनगर से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवा की तैयारी शुरू की और प्रतिदिन नौ-नौ घंटे तक कठिन परिश्रम किया। इस दौरान उन्हें कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर प्रयास जारी रखा। प्रतिमा की बड़ी बहन पूर्णिमा बिलासपुर जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं, जबकि छोटा भाई अधिवक्ता प्रशांत उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

### बड़ोटा में हुआ 'एक समय की बात है' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला बिलासपुर द्वारा वर्ष 2025 के अंतिम दिन राजकीय माध्यमिक पाठशाला बड़ोटा, तहसील घुमारवीं में कहानी वाचन एक समय की बात है, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को सृजनात्मक लेखन और चिंतन की ओर प्रेरित करना तथा उन्हें अपनी लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से गहरे भावनात्मक रूप से जोड़ना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल कहानियां सुनने का अनुभव नहीं मिलेगा, बल्कि यह उन्हें सोचने, समझने और अपने आचरण में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 60 छात्र-छात्राएं तथा उनके शिक्षक गण व माता-पिता उपस्थित रहे जिन्होंने इस सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सक्रिय रूप से संवाद किया।

### आदित्य मिस्टर और शिखा चंदेल चुनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर में नए प्रशिक्षु अध्यापकों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने भावी प्रशिक्षुओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह का आयोजन मुख्यातिथि कॉलेज चेयरमैन दीनानाथ शर्मा व कॉलेज प्रबंधक निदेशक राकेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में जहां एक ओर प्रशिक्षुओं ने हरियाणवी, पंजाबी, पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं दूसरी ओर लड़कों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में सीनियर्स द्वारा तैयार किया गया फ्रेशर 2026 सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें छात्रों ने मनपसंद चीजों का लुफ्त उठाया। मिस फ्रेशर, मिस पर्सनालिटी, मिस्टर फ्रेशर, मिस्टर पर्सनालिटी का चयन उनकी प्रतिभाओं के आधार पर किया गया। आदित्य ठाकुर को मिस्टर फ्रेशर व शिखा चंदेल को मिस फ्रेशर तथा प्रोमिल कौर को मिस पर्सनैलिटी व अमन धीमान को मिस्टर पर्सनैलिटी चुना गया।

### बृज मार्शल आर्ट अकादमी के 4 बच्चों ने प्राप्त की येलो बेल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित बृज मार्शल आर्ट अकादमी जिसका मार्शल आर्ट के क्षेत्र में अपना ही एक नाम है यह अकादमी वर्ष 2019 से लगातार बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है। इस अकादमी के बच्चों ने राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक अपने नाम किए हैं। बृज मार्शल आर्ट अकादमी के निदेशक और टेक्निकल डायरेक्टर सिहान बृजलाल चौहान सिक्स डिग्री ब्लैक बेल्ट ने बताया कि अकादमी की एक ब्रांच ऋषिकेश में भी है, जहां 30 दिसंबर को 4 बच्चों की कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई। इसमें 4 बच्चों ने भाग लिया तब सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत करके इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके येलो बेल्ट प्राप्त की। बेल्ट प्राप्त करने वाले बच्चों में सृष्टि, आरती, सोमेश चंदेल व बलजीत सिंह शामिल हैं। यह परीक्षा बृजलाल चैहान, कुलदीप अध्यक्ष बृज कराटे क्लब, ब्लैक बेल्ट, खेमराज ब्लैक बेल्ट, कोमल, कोषाध्यक्ष, ब्लैक बेल्ट, की उपस्थिति में की गई।

### कल्याण कला मंच की कला कलम संगोष्ठी 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी 4 जनवरी को 11 बजे से 2 बजे तक उत्तरी भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मारकंडे में होनी निश्चित हुई है। जिसमें कल्याण कला मंच के सभी पदाधिकारी गण और सदस्य गण भाग लेंगे एवं तथा अपनी-अपनी रचनाओं से जनता का मनोरंजन भी करेंगे। प्रेस को इस आशय की जानकारी कल्याण कला मंच के मीडिया प्रभारी रणजीत वर्धन ने दी। उन्होंने कहा कि इस पावन तीर्थ स्थल पर कल्याण कला मंच के सदस्य देवेंद्र राजपूत द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

# एम्स बिलासपुर में मरीजों व तीमारदारों के लिए 24 घंटे लंगर सेवा शुरू

## चाय, ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर के लिए न तो जेब ढीली करनी पड़ेगी और न ही अस्पताल परिसर से बाहर भटकना होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एम्स बिलासपुर में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए नए साल की शुरुआत एक बड़ी राहत भरी सौगात लेकर आई है। अब उन्हें चाय, ब्रेकफास्ट से लेकर सुबह और शाम के भोजन के लिए न तो अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी और न ही अस्पताल परिसर से बाहर भटकना होगा।

**विधायक जम्वाल ने किया लंगर सेवा का शुभारंभ**

व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट बिलासपुर के तत्वावधान में संचालित लंगर सेवा को अब 24 घंटे के लिए शुरू कर दिया गया है।

वीरवार को नए वर्ष के पहले दिन सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने 'महर्षि वेद व्यास अन्न क्षेत्र' के नाम से दिन-रात चलने वाली इस लंगर सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं लंगर में पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन परोसा।

गौरतलब है कि एम्स बिलासपुर की स्थापना के साथ ही व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए लंगर सेवा शुरू की गई थी। समय के साथ इस सेवा का लगातार विस्तार किया गया। पहले चरण में चाय-दूध की व्यवस्था की गई, इसके बाद एक समय का भोजन शुरू हुआ। फिर दो समय का भोजन और ब्रेकफास्ट की सुविधा जोड़ी गई।

अब इस सेवा को और व्यापक बनाते हुए 24 घंटे संचालित किया जा रहा है।



एम्स बिलासपुर में मरीजों व तीमारदारों के लिए लंगर परोसते विधायक त्रिलोक जम्वाल।

इस मौके पर व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक नंद प्रकाश वोहरा, अध्यक्ष पवन चंदेल, महासचिव सुरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष विजय चंदेल सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य और स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

**व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल सराहनीय व प्रेरणादायक : जम्वाल**

**विधायक** त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि व्यास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विशेषकर रात्रि के समय मरीजों और उनके तिमारदारों को भोजन के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन 24 घंटे लंगर सेवा शुरू होने से अब यह समस्या पूरी तरह दूर हो जाएगी। चाहे दिन हो या आधी रात, जरूरतमंदों को हर समय निःशुल्क भोजन उपलब्ध रहेगा। उन्होंने इस मानवीय पहल के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मरीजों और उनके परिजनों की सेवा के उद्देश्य से शुरू की गई यह व्यवस्था समाज के लिए एक अनुकरणीय मिसाल है। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस पुण्य कार्य में अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग देने का आह्वान भी किया।

# जयकारों से गूंजा मां का दरबार

## हजारों श्रद्धालुओं ने मां नयना देवी के दर्शन कर किया नववर्ष का शुभारंभ

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ऊंची पहाड़ी पर स्थित विश्व विख्यात माता श्री नयना देवी के दरबार में नव वर्ष के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने रातभर नववर्ष का उत्सव मनाया, वहीं नववर्ष की पहली सुबह माता रानी की पूजा-अर्चना कर दर्शन करते हुए अपने नए वर्ष का शुभारंभ किया, ताकि माता की कृपा पूरे वर्ष परिवार पर बनी रहे।

नववर्ष के पावन अवसर पर धार्मिक पर्यटन का अनूठा नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भांगड़ा डालकर खुशी का इजहार किया, वहीं माता जी के दरबार में हवन-यज्ञ कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

दो दिवसीय नववर्ष मेले के दौरान जिला प्रशासन और मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए



श्री नयना देवी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भाजपा विधायक रणधीर शर्मा।

गए थे। ठंड को देखते हुए रात्रि के समय श्रद्धालुओं के लिए आग तापने की समुचित व्यवस्था की गई थी। कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारु बनी रही।

मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं ने रोपवे (रज्जू मार्ग) सेवा का भी भरपूर लाभ उठाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से माता जी के दरबार तक पहुंचे और इस सुविधा का आनंद लिया।

नववर्ष के पहले दिन पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए पहुंचे। बीती शाम से अब तक लगभग एक लाख श्रद्धालु माता श्री नयना देवी के दर्शन कर नव वर्ष का शुभारंभ कर चुके हैं। मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्हें लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु बनी है। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के खाने-पीने की सारी व्यवस्था पंजाब की समाज सेवी संस्थाओं के द्वारा की गई थी।

**विधायक रणधीर ने भी लिया मां का आशीष**

**भाजपा** के प्रदेश मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने भी नववर्ष पर माता श्री नयनादेवी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि वह माता रानी से प्रार्थना करते हैं की माता रानी 2026 में किसी प्रकार की आपदा हिमाचल प्रदेश में न आए प्राकृतिक आपदाओं से हमारा प्रदेश बचा रहे और माता रानी सरकार को शत बुद्धि दे ताकि वह प्राकृतिक आपदा से जिनका नुकसान हुआ है उन्हें राहत प्रदान करें। रणधीर शर्मा ने जहां पर सर्व प्रथम माता जी के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की वहीं पर प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डालीं। मंदिर न्यास की तरफ से उन्हें माता की चुनरी और प्रसाद भेंट करके सम्मानित भी किया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि माता रानी की कृपा हमेशा हमारे देश पर प्रदेश पर बनी रहे और हमारा प्रदेश लगातार उनकी के पथ पर अग्रसर हो और प्राकृतिक आपदाएं हमारे प्रदेश से दूर रहे यही वह कामना माता के चरणों में करते हैं।

# जिले में साढ़े तीन महीने के अंतराल के बाद बरसे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

साढ़े तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद बिलासपुर में हुई बारिश से जिले में कृषि, बागवानी और आम जनजीवन को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से वर्षा न होने के कारण न केवल खेतों में नमी की भारी कमी बनी हुई थी, बल्कि सूखी ठंड के चलते स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी बढ़ गई थीं। बारिश न होने से वातावरण में नमी का अभाव बना हुआ था, जिससे सर्दी के मौसम में सूखी ठंड का असर बढ़ गया था। इसके कारण सर्दी-खांसी, सांस से जुड़ी दिक्कतें, त्वचा रोग और वायरल संक्रमण के मामलों में इजाफा देखा जा रहा था। अब बारिश से वातावरण में नमी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे इन बीमारियों पर भी काफी हद तक नियंत्रण आने की संभावना जताई जा रही है।

वहीं, बारिश के बाद सुबह-शाम छाए रहने वाले घने कोहरे में भी कमी आने की उम्मीद है। कोहरे के कारण सड़क यातायात पर पड़ने वाले असर से लोगों को राहत मिलेगी और दृश्यता में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र की बात करें तो बारिश



**किसानों और बागवानों के साथ आमजन ने भी ली राहत की सांस**

से खेतों की सूखी पड़ी मिट्टी को आवश्यक नमी मिली है। धान, मक्की, सब्जियों सहित खरीफ फसलों को इससे लाभ मिलने की संभावना है। बागवानी क्षेत्र में भी फलदार पौधों और बागों को नई ऊर्जा मिलेगी। इसके साथ ही छोटे जलस्त्रोतों, नालों और जलधाराओं में पानी की आवक शुरू हो गई है, जिससे जलस्तर में सुधार की उम्मीद जगी है।

कुल मिलाकर लंबे इंतजार के बाद हुई यह बारिश जिले के लिए राहत और सकारात्मक संकेत लेकर आई है।

# नववर्ष पर घुमारवीं में गूंजा निरंकार का संदेश

## निरंकारी भवन घुमारवीं में विशाल, भव्य एवं दिव्य सत्संग का किया गया आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नववर्ष के शुभ अवसर पर घुमारवीं स्थित निरंकारी भवन में एक विराट, भव्य एवं दिव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस पावन सत्संग में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और आत्मिक शांति, प्रेम व मानवता के संदेश को आत्मसात किया। पूरा वातावरण 'निरंकार प्रभु की जय' के जयघोष से आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। सत्संग को संबोधित करते हुए निरंकारी महात्मा प्रवीण आचार्य ने निरंकार प्रभु के सत्य स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण सृष्टि निरंकार प्रभु की ही अभिव्यक्ति है और जब मनुष्य आत्मज्ञान प्राप्त करता है, तभी उसे सच्चे सत्य का बोध होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना ब्रह्मज्ञान के धर्म केवल आडंबर बनकर रह जाता है, जबकि निरंकार का ज्ञान जीवन को सार्थक और सफल बनाता है। महात्मा प्रवीण आचार्य ने संगत को निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन से अवगत कराते हुए कहा कि माता जी का संदेश वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने प्रेम, करुणा, सहनशीलता, सेवा भावना और विश्व बंधुत्व को अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जब मानव एक-दूसरे को भाई मानकर जीना सीख लेगा, तभी समाज से द्वेष, भेदभाव और हिंसा का अंत संभव हो सकेगा। सत्संग के दौरान प्रस्तुत किए गए भजन, प्रवचन और आध्यात्मिक विचारों ने संगत के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। श्रद्धालुओं ने नव वर्ष को आत्मिक जागरण और सकारात्मक सोच के साथ आरंभ करने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज में शांति, सद्भाव और मानव एकता के लिए विशेष प्रार्थना भी की गई।

# बलघाड़ के साइंस शिक्षक अवनीश को एनवायरनमेंट चेंज मेकर लीडर सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



राजकीय उच्च पाठशाला बलघाड़ जिला बिलासपुर के विज्ञान अध्यापक अवनीश कुमार को अर्थ जस्ट संस्था द्वारा सतत शिक्षक समुदाय के तत्वावधान में एनवायरनमेंट चेंज मेकर लीडर के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान के लिए दिया गया। जिसमें इन्होंने अपनी पाठशाला के बच्चों के साथ वनों में आग की रोकथाम एवं इसके पीछे संभावित कारणों की जानकारी इकट्ठा की तथा उसे एक प्रोजेक्ट के रूप में पर्यावरण संरक्षण में कार्य कर रहीसंस्था अर्थ जस्ट के साथ मिलकर उच्च स्तर पर प्रस्तुत किया। उनके इस कार्य की सराहना हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा भी की गई तथा इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर लागू करने की योजना तैयार करने के बारे में विचार किए जाने की हामी भरी है। इनके इस कार्य में स्कूल के छात्रों, अध्यापकों एव, स्थानीय समुदाय ने भरपूर साथ दिया। इन्होंने इस प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय वनस्पति एवं जीव जंतुओं के विलुप्त होने के संभावित कारणों पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

# महिला मंडल पर एफआईआर करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संजीवनी ए ग्रुप ऑफ एनजीओ ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि लघट गांव के महिला मंडल के सदस्यों पर दर्ज एफआईआर मामले में हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और एफआईआर को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी द्वारा महिला मंडल के सदस्यों पर गलत एफआईआर दर्ज की गई थी उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। संस्था के अध्यक्ष महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संजीवनी संस्था के द्वारा पूरे प्रदेश भर में जो चिट्टा के खिलाफ चिट्टा पर चोट अभियान चलाया गया है, उसकी गतिविधियों की जानकारी महामहिम को दी। उन्होंने एक विस्तृत रिपोर्ट पिछले दिनों संजीवनी संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट प्रदान की और आने वाले दिनों में संजीवनी संस्था द्वारा आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में महामहिम को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि चिट्टा के खिलाफ अभियान केवल इवेंट मैनेजमेंट का सवाल नहीं है, इसके लिए सरकार को समग्र योजना तैयार करके जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

# मातृशक्ति को समर्पित है सप्तशती संगम : प्रियंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर मेन मार्केट में सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडी जिला की प्रमुख समाजसेविका महिला नेत्री प्रियंता शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुईं। प्रियंता शर्मा ने सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सप्तशती संगम कार्यक्रम मातृशक्ति को जागरूक, सशक्त और संगठित करने के लिए आयोजित किए जाते हैं, ताकि महिलाएं अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानें और समाज में संस्कार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

# करोड़ों की जमीन बिल्डरों को देने की तैयारी : गर्ग

## कहा-हिमुडा के जरिए सरकारी जमीन को बेचना चाहती है प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने आरोप लगाया है कि सरकार हिमुडा के जरिए हजारों करोड़ रुपए की सरकारी जमीन निजी बिल्डरों को देने की तैयारी कर रही है। सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों में इस संबंध में जो जानकारियां सामने आई हैं, उन्होंने हिमाचल की जनता को गंभीर चिंता में डाल दिया है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि वर्ष 2026 के पहले ही दिन प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार हिमाचल की कीमती जमीनें चुपचाप कुछ चुनिंदा निजी बिल्डरों को देने की प्रक्रिया चल रही है। यदि ये खबरें सही हैं, तो यह केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि हिमाचल के इतिहास का सबसे बड़ा भूमि घोटाला साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि हिमुडा विभाग के मंत्री स्वयं राजेश धर्माणी हैं, इसलिए इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करना उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है। गर्ग ने सवाल उठाया कि क्या वास्तव में हिमाचल की कीमती जमीनें निजी बिल्डरों को चुपचाप सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बद्दी, चंडीगढ़ बेल्ट के पास लगभग 3485 बीघा सरकारी भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत 5000 करोड़ से अधिक बताई जा रही है, इसके अतिरिक्त सिरमौर जिले के पच्छाद क्षेत्र में लगभग 134 बीघा भूमि है। जिसें कुछ निजी बिल्डरों को देने की प्रक्रिया में बताई जा रही है।

# डीसी ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

## बिलासपुर में 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया, जहां उपायुक्त राहुल कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अमूल्य मानव जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे जन-आंदोलन के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि 1 जनवरी को जिला, उपमंडल, तहसील, खंड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी विभागों के साथ शहरी निकाय, पंचायतीराज संस्थान, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। 2 और 3 जनवरी को मोटर वाहन अधिनियम की अनुपालना एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### बाहरी लोग पुलिस थाने में करवाएं पंजीकरण

**बिलासपुर।** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों में उल्लेख किया गया है कि अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोग रोजी-रोटी, व्यवसाय एवं विभिन्न सेवाओं से जुड़े कार्यों के लिए बिलासपुर आते-जाते रहते हैं। ऐसे व्यक्तियों के पूर्ववृत्त का सत्यापन तथा स्थानीय पुलिस थाना स्तर पर पंजीकरण किया जाना आवश्यक है। कई स्थानों पर पीजी बिना सक्षम प्राधिकरणों जैसे नगर समिति, ग्राम पंचायत, स्थानीय पुलिस आदि की अनुमति से चलाए जा रहे हैं। उनको भी अनुमति लेना आवश्यक है।

**बर्बादी** पीढ़ियों तक किसानों की प्यास बुझाने वाली सिंचाई प्रणाली एक झटके में बर्बाद

# कूहल ही नहीं, किसानों की उम्मीदें भी टूटीं

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** जिस सिंचाई व्यवस्था ने पीढ़ियों तक किसानों की प्यास बुझाई, उसी को सरकारी 'अपग्रेड' ने एक झटके में बर्बाद कर दिया। जल शक्ति विभाग द्वारा पारंपरिक कुहल (पक्की नालियों) को तोड़कर पाइपलाइन बिछाने का फैसला खेतों के लिए नहीं, बल्कि किसानों की आजीविका के लिए सबसे बड़ा झटका साबित हुआ है। कूहल टूटते ही खेतों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही और किसान असहाय होकर सूखी जमीन को देख रहे हैं। इस गंभीर संकट से जूझ रहे किसानों ने भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व औहर पंचायत प्रधान देश राज शर्मा की अगुवाई में जल शक्ति विभाग झंडूता के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की। किसानों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं किया गया, तो वे विभाग का घेराव करने को मजबूर होंगे।

देश राज शर्मा ने बताया कि हीरापुर, बड़ोआ और भजवाणी गांवों के लिए रुक्मणी कुंड से वर्ष 1960 में तैयार की गई सिंचाई योजना वर्षों तक किसानों के लिए जीवनरेखा बनी रही। पारंपरिक कूहल प्रणाली के माध्यम से खेतों तक नियमित और पर्याप्त पानी पहुंचता था, जिससे किसान निर्बाध खेती करते थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में इस योजना को 'अपग्रेड' करने के नाम पर नाबार्ड से 73 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इसके बाद विभाग ने आनन-फानन में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पुरानी कूहलों को तोड़ दिया और उनकी जगह पाइपलाइन बिछा दी।

विडंबना यह है कि पाइपलाइन बिछने के बाद खेतों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची। तकनीकी खामियों और विभागीय लापरवाही के चलते लगभग 42 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई सुविधा से वंचित हो गई है। इसका सीधा असर किसानों की रोजी-रोटी पर पड़ा है। नकदी फसलों की खेती ठप पड़ चुकी है और कई किसान भारी आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

किसानों ने इस पूरे मामले में भारी गड़बड़ी और लापरवाही की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद योजना जमीन पर क्यों फेल हो गई। किसानों ने स्पष्ट किया है कि या तो पाइपलाइन व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए या फिर वर्षों से सफल रही पारंपरिक कूहल प्रणाली को पुनः बहाल किया जाए।

इस मौके पर बलवीर सिंह, सुनील दत्त, राजीव शर्मा, लक्ष्मण दास, विपिन शर्मा, विमल शर्मा और राम प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार और जल शक्ति विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों को राहत देने की मांग की है।

# बटवाड़ा स्कूल को मिला नया कमरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्र की बटवाड़ा पंचायत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक नवीन कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया गया। इस नवनिर्मित कक्षा कक्ष का विधिवत हस्तांतरण एनटीपीसी कोलडैम की अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मंगला हरिंद्रन द्वारा विद्यालय प्रबंधन को किया गया। प्रधानाचार्य राम लाल, ग्राम प्रधान निशा देवी, एनटीपीसी कोलडैम से वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल तथा सहायक प्रबंधक (सीएसआर) श्री पूरन सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी के कारण विद्यार्थियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससे उनकी पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। बच्चों की इन कठिनाइयों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी कोलडैम से सहयोग का अनुरोध किया गया, जिस पर एनटीपीसी कोलडैम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएसआर के अंतर्गत कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया।

## न्यूज ब्रीफ

### ढकोग-तरेला मार्ग पर बस सेवा को मिली हरी झंडी



**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत औरा के युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाया। इसमें आपदा के बाद बंद ढकोग-तरेला बस सेवा को पुनः शुरू करने, तरेला-थला सड़क के अधूरे काम को शीघ्र पूरा करने और स्वास्थ्य उप-केंद्र तरेला में सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग शामिल थी। ललित ठाकुर ने युवाओं की बातों को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर जल्द और ठोस कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है और जनहित में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने सकारात्मक आश्वासन मिलने पर संतोष व्यक्त किया और सरकार व प्रशासन के सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

### शव दहन को उपलब्ध करवाई लकड़ी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हाल ही में नवगठित मदनलाल सेवा समिति द्वारा नेपाली व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उसके दाह संस्कार हेतु लकड़ी उपलब्ध करवाई गई। समिति के प्रधान किशोरी लाल ठाकुर के अनुसार नेपाली मूल का अली बहादुर अधिकारी मंडी बस अड्डे से लापता हो गया था और दस बारह दिनों के बाद उसकी मृत देह चक्कर के पास सुकेती खड्ड में मिली थी। पुलिस कार्यवाही के बाद मृतक के परिवार जनों व बल्ह प्रशासन ने समिति से लकड़ी उपलब्ध करवाने करवाने की अपील की थी। इस पर समिति की ओर से मृतक के परिवार जनों को शव दहन के लिए लकड़ी उपलब्ध करवा कर अपने सामाजिक व संवेदनशील दायित्वों का निर्वहन किया।

# बर्फ से लदी चंबा की पहाड़ियां, किसानों-बागवानों के खिले चेहरे

## डलहौजी, जोत, खजियार, भरमौर और मणिमहेश झील में बर्फबारी का क्रम जारी

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा/डलहौजी**



जिला चंबा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार दोपहर बाद एकाएक मौसम ने करवट लेते हुए बर्फबारी शुरू कर दी। इसके साथ ही जिले में करीब 3 महीने से चला आ रहा ड्राई स्पेल भी समाप्त हो गया। इस वर्ष की पहली बर्फबारी प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों डलहौजी और जोत में दर्ज की गई, जिससे नए साल के अवसर पर यहां पहुंचे पर्यटक खुशी से झूम उठे।

डलहौजी, खजियार और जोत में हल्की बर्फबारी हुई, जहां दोपहर बाद करीब दो से तीन इंच तक ताजा बर्फ गिरने की सूचना है। वहीं, जनजातीय क्षेत्र पांगी में भी हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार हल्की बर्फबारी का क्रम जारी है।

उधर, भरमौर उपमंडल के मणिमहेश डल झील, कुगती, क्वार्सी और जालसू जोत जैसे ऊंचे क्षेत्रों में एक फुट से डेढ़ फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है। हालांकि, किसानों और बागवानों का कहना है कि अभी भी अपेक्षित मात्रा में बारिश नहीं हुई है। कई क्षेत्रों में बिना बारिश के ही बर्फबारी शुरू हुई है।

निचले क्षेत्रों में कहीं हल्की बारिश हुई तो कहीं मौसम खराब बना हुआ है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर में सुबह से ही मौसम खराब रहा, जबकि निचले इलाकों में लोग अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

### 3 महीने बाद हुई बारिश-बर्फबारी



**जिले** के अधिकांश हिस्सों में आपदा के दौरान 23 अगस्त के बाद पहली बार बारिश और बर्फबारी दर्ज की गई है। करीब चार महीने बाद बदले मौसम का लोगों ने राहत के रूप में स्वागत किया है।

### सेब की फसल के लिए अहम

**जानकारों** के अनुसार दिसंबर और जनवरी में होने वाली बारिश व बर्फबारी सेब की फसल के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। इस दौरान पहाड़ों में जमी बर्फ से सालभर निचले क्षेत्रों को पर्याप्त जल उपलब्ध होता है, जो कृषि के लिए संजीवनी साबित होता है।

# चंबा कॉलेज में 'संकल्प-2026' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**




राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर 'संकल्प 2026' का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह शिविर 'यूथ फॉर माय भारत' और 'यूथ फॉर डिजिटल इंडिया' थीम पर आधारित है और 7 जनवरी तक चलेगा। शुभारंभ समारोह में राजकीय महाविद्यालय भरमौर के प्राचार्य डॉ. हेमंत पाल मुख्यातिथि रहे। उन्होंने राष्ट्र और समाज की सेवा को सच्चा स्वयंसेवक धर्म बताते हुए कहा कि समुदाय सेवा से व्यक्तित्व और चरित्र का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को निःस्वार्थ और निष्काम सेवा के लिए प्रेरित किया और एनएसएस के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश और प्रो. संतोष ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के इतिहास, लक्ष्य और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका से अवगत कराया। अकादमिक सत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की आर्थिक शब्दावली, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और टीम वर्क के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, सहायक कर्मचारी और एनएसएस स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल हुए। शिविर में विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से स्वयंसेवकों को व्यावहारिक अनुभव और नेतृत्व कौशल सिखाया जाएगा। समारोह के अंत में मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने आगामी शिविर में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ भाग लेने का संकल्प लिया।

**7 जनवरी तक चलेगा 'यूथ फॉर माय भारत, यूथ फॉर डिजिटल इंडिया' थीम पर शिविर**

## नववर्ष पर मारपीट व रास्ता रोकने के 3 मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नववर्ष के दिन चंबा जिला पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए और मारपीट व रास्ता रोकने के तीन मामले दर्ज किए। सभी मामलों में जांच जारी है और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं, थाना डल्हौजी में शिकायतकर्ता ऋषभ (लोहाली) ने बताया कि गांधी चौक डल्हौजी से घर लौटते समय कार्तिक सैनी और दो अन्य (रायपुर, पंजाब) ने उनका रास्ता रोका और मारपीट की।

उधर, दूसरे मामले में कार्तिक सैनी ने शिकायत दर्ज कराई कि नववर्ष समारोह देखने के बाद गांधी चौक पर ऋषभ और एक अन्य ने उनके रास्ते में बाधा डालकर मारपीट की। थाना किहार में मनोज कुमार (गांव बंजला) ने आरोप लगाया कि ठकरी और उनके दो बेटों ने जमीन पर अवैध पत्थर निकालने से रोकने पर रास्ता रोककर मुक्कों से हमला किया। चंबा पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना की तुरंत सूचना देने की अपील की गई है।

# ममता, शमीम व रेखा को मिला 'असिडियस मदर ऑफ द ईयर' अम्मा पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा**



शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में अध्यनरत तीन विद्यार्थियों की माताओं को इस वर्ष के 'असिडियस मदर ऑफ द ईयर' अम्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वर्ष भर में उत्कृष्टतम प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स की माता को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले अरनव ठाकुर की माता ममता देवी, कक्षा पांचवीं के ही एक अन्य छात्र प्रिंस रावत की माता रेखा देवी व कक्षा चतुर्थ में अध्यनरत छात्र अरमान लोन की माता शमीम बेगम को प्रदान किया गया है। इन तीनों विद्यार्थियों ने सालभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके पूरे विद्यालय में अपनी एक अलग पहचान बनाई जिसके चलते उनकी इस कामयाबी के पीछे के परिश्रम को सम्मान देने के लिए इन बच्चों की माताओं को यह पुरस्कार दिया गया।

यह पुरस्कार राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं प्रख्यात पर्यावरण विद हिंगराज 'चिराग' द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार पाठशाला प्रभारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक युद्धवीर टंडन द्वारा प्रतिवर्ष अपने निजी व्यय से उत्कृष्टतम प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रा की माता को दिया जाता है। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात शमीम बेगम ने जहां इस पुरस्कार को अपने बच्चे की मेहनत का प्रतिफल बताया और रेखा देवी ने भविष्य में भी निरंतर अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर सजग रहने की बात कही, तो वहीं ममता देवी ने इस पुरस्कार के मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय प्रबंधन का उनके चयन के लिए आभार व्यक्त किया।

# सलूणी कॉलेज में स्टूडेंट्स को 'मैं नहीं, बल्कि आप' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सलूणी**



राजकीय महाविद्यालय सलूणी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने एनएसएस के आदर्श वाक्य 'मैं नहीं, बल्कि आप' को युवाओं के जीवन का मूल मंत्र बताया।

विधायक ने कहा कि एनएसएस केवल शिविर नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की सशक्त पाठशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि युवा शक्ति ही समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है। शिविर के दौरान सलूणी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हुआ और वे संवेदनशील तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़े।

मुख्यातिथि ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सलारिया द्वारा किए गए स्नेहपूर्ण स्वागत और सम्मान पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी छात्र स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों और प्रबंधकों को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

समापन समारोह में विद्यार्थियों में उत्साह और समाज सेवा के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से देखा गया। यह शिविर युवा शक्ति, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के लिए एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

## डलहौजी-चंबा के लिए हवाई कनेक्टिविटी की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



डलहौजी-चंबा क्षेत्र के समग्र विकास और पर्यटन को नई गति देने के उद्देश्य से हवाई कनेक्टिविटी की माँग एक बार फिर जोर पकड़ती नज़र आ रही है। डलहौजी से सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर डलहौजी-चंबा क्षेत्र में एयरस्ट्रिप अथवा बेहतर हवाई संपर्क की आवश्यकता को विस्तार से साझा किया है।

उन्होंने कहा कि डलहौजी हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र होने के बावजूद सीमित हवाई पहुंच के कारण पर्यटन विस्तार, स्थानीय रोज़गार के अवसर, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और आपदा प्रबंधन जैसी अहम आवश्यकताएं प्रभावित होती हैं। यदि क्षेत्र को बेहतर हवाई संपर्क मिले, तो इससे पूरे चंबा जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। सरीन ने बताया कि इस पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू तथा आरएस बाली, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं नागरिक उड्डयन को भी प्रेषित की गई है, ताकि राज्य और केंद्र सरकार के समन्वय से इस विषय पर व्यावहारिक समाधान निकाला जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि उड़ान योजना, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति तथा वैकल्पिक विमानन विकल्पों के तहत व्यवहार्यता अध्ययन, भूमि की पहचान और दीर्घकालिक योजना पर गंभीरता से विचार किया जाना समय की मांग है। अंत में मनीष सरीन ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में इस दिशा में सकारात्मक पहल होगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा, स्थानीय युवाओं को रोजगार और आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। इस घोषणा में भरमौर विधानसभा क्षेत्र के गैर-जनजातीय क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले पवन बग्गा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया है।

पवन बग्गा के चयन पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पवन बग्गा ने कहा कि 'जब से मैंने होश संभाला है, तभी से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर सक्रिय रूप से कार्य करता आया हूँ। यह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि पार्टी ने मुझे इस दायित्व के योग्य समझा।' उन्होंने इस विश्वास के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार भी प्रकट किया और कहा कि उन्हें यह तोहफा पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज द्वारा फोन कर नववर्ष पर बधाई संदेश के साथ दिया गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनजातीय समाज के हितों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पवन बग्गा की नियुक्ति से भरमौर क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# एनटीपीसी कोलडैम ने बटवाड़ा स्कूल में नए क्लासरूम का किया निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कक्षा कक्ष का निर्माण करवाने के उपरांत हस्तांतरण करने के दौरान सामूहिक चित्र में पदाधिकारी।

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्र की बटवाड़ा पंचायत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक नवीन कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया गया। इस नवनिर्मित कक्षा कक्ष का विधिवत हस्तांतरण एनटीपीसी कोलडैम की अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मंगला हरिंद्रन द्वारा विद्यालय प्रबंधन को किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम लाल, ग्राम प्रधान निशा देवी, एनटीपीसी कोलडैम से वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल तथा सहायक प्रबंधक (सीएसआर) पूरन सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी के कारण विद्यार्थियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससे उनकी पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। बच्चों की इन कठिनाइयों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी कोलडैम से सहयोग का अनुरोध किया गया, जिस पर एनटीपीसी कोलडैम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएसआर के अंतर्गत कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने एनटीपीसी कोलडैम की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और उनकी पढ़ाई को बेहतर वातावरण मिलेगा।

**विजिट** उपायुक्त ने सिद्धपुर में फूड प्रोसेसिंग प्लांट का किया दौरा, बोले-

# उत्पाद के साथ पैकेजिंग-ब्रांडिंग भी जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने ग्राम पंचायत हरिपुर के सिद्धपुर में आश्रय फाउंडेशन के फूड प्रोसेसिंग डिहाइड्रेशन प्लांट का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रशिक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण सामाजिक बदलाव के साथ ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला भी है।

उन्होंने फाउंडेशन की 'लखपति दीदी' पहल पर विशेष चर्चा करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त समूह से एक वर्ष में लक्ष्य हासिल करने की अपील की। रेपसवाल ने उत्पाद की गुणवत्ता, पैकेजिंग और ब्रांडिंग को वैश्विक स्तर तक ले जाने पर जोर दिया, जिससे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिले। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बाजार नेटवर्क से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान उपायुक्त ने प्लांट में स्थापित मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। आश्रय फाउंडेशन की प्रशिक्षक दिशा ने उन्हें महिलाओं की गतिविधियों और उत्पादों की जानकारी दी।



फूड प्रोसेसिंग प्लांट के दौरे के दौरान उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

## सहायक आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलवाई शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त कार्यालय परिसर चंबा में सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत के अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई। इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दुर्घटनाओं को कम करना और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने की शपथ ली। सहायक आयुक्त की उपस्थिति में उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे पैदल चलने या वाहन चलाते समय सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट का प्रयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त, नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकेंगे। सभी ने सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहने, दूसरों को भी प्रेरित करने तथा 'एक सुरक्षित भारत' और 'सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन' के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## उपायुक्त ने मीडिया से नववर्ष बैठक में साझा की विकास योजनाएं

**नववर्ष** के अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिले में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ सौहार्द बैठक आयोजित की। उन्होंने प्रशासन और जनता के बीच मीडिया को सेतु बताते हुए विकास कार्यों, योजनाओं और भावी परियोजनाओं की जानकारी साझा की। बैठक में मीडिया ने पर्यटन, साहसिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों व अधोसंरचना सुदृढ़ करने, सड़कों, स्वच्छ पेयजल और अन्य बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, कचरा प्रबंधन और नगर-ग्रामीण सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने जैसे सुझाव भी दिए गए। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि मीडिया द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और सतत, समावेशी विकास के लिए उन्हें लागू किया जाएगा।

**दी रोपा प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभा समिति**
डाकघर ककड़यार, तहसील बमसन टौणी देवी, जिला हमीरपुर

**सचिव के पद के लिए शैक्षणिक योग्यताएं व अन्य शर्तें**

1. सचिव/उम्मीदवार भारतीय नागरिक होना चाहिए।
2. उम्मीदवार की आयु दिनांक 20 जनवरी 2026 को 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत या उससे अधिक अकों सहित 10+2 पास हो।
4. उम्मीदवार केन्द्र सरकार, राज्य सरकार बोर्ड, निगम, सहकारी, संस्था स्थानीय संस्था या किसी कारपेट निकाय से कदाचार के आधार पर के आधार पर निष्काशित न किया हो या किसी न्यायालय द्वारा नैतिकता के आधार पर दंडित न किया गया हो।
5. उम्मीदवार किसी सहकारी संस्था, स्थानीय निकाय जैसे पंचायत आदि के चुनाव हुआ पदाधिकारी नहीं होना चाहिए।
6. हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं नियम 1971 के नियम संख्या 2 (xxvi) के अनुसार सहकारी सभा प्रबंधक समिति के किसी सदस्य का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होना चाहिए।
7. उम्मीदवार को नियुक्ति उपरांत किसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी शारीरिक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उम्मीदवार शारीरिक व मानसिक आधार पर विलांग न हो।
9. उम्मीदवार को प्रारंभिक दो वर्षों के लिए 5500 (पांच हजार पांच सौ रुपए) मूल वेतन के रूप में दिया जाएगा। उम्मीदवार को परिवेक्षण अविध के सफलता पूर्वक समाप्त होने के बाद ही पूर्ण वेतन व वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी।
10. परिवेक्षण अवधि के दौरान या बाद में उम्मीदवार के कार्य में धन का दुरुप्रयोग या सभा के आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर सभा के कार्यों में धोखाधड़ी पाए जाने की स्थिति में उसे बिना किसी पूर्व सूचना से निकाला जा सकता है।
11. उम्मीदवार को नियुक्ति से पूर्व सभा को 1 लाख कर जमानत नामा तथा 50000/- पचास हजार रूपए की नगदी प्रति भूति सभा में जमा करवानी होगी।
12. उम्मीदवार के साक्षात्कार के लिए चयन समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा जिसके लिए उसे कोई भी भत्ता या आने-जाने का किराया नहीं दिया जाएगा।
13. उम्मीदवार का परिवार वहीं कार्य न करता हो जो सभा करती है। यदि नियुक्ति की बाद वह या उसका परिवार वही कार्य (ट्रेडिंग बिजनेस) कर जो सभा करती है उससे सभा की हानि होती हो तो प्रबंधक समिति बिना नोटिस दिए उसे सचिव पद से निष्कासित कर सकती है।
14. उम्मीदवार को कंप्यूटर का ज्ञान होना जरूरी है। इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त योग्यताएं रखते हों व उपरोक्त शर्तों से सहमत हो वे अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर बांछित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां व उम्मीदवार की पास पोर्ट साईज की फोटो सहित सभा के पते पर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दिनांक 20.01.2026 सायं पांच बजे से पूर्व किसी भी कार्य दिवस पर पंहुचना निश्चित करें उसके बाद किसी भी आवेदन पत्र किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा।

**संपर्क करें:- उप प्रधान सुनील कुमार मोबाइल नं. 8219547636**

दूसरों की गलतियों से सीखें। आप इतने दिन नहीं जी सकते कि खुद इतनी गलतियां कर सकें।

**अमिताभ बच्चन**

## संपादकीय

# प्रकृति का सुखद संकेत

हिमाचल प्रदेश को नववर्ष 2026 के पहले दिन प्रकृति ने एक सुखद संदेश दिया। प्रदेश के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में जहां व्यापक बर्फबारी देखने को मिली, वहीं कई मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। ऊना जिले में तो करीब एक घंटे तक जोरदार वर्षा हुई। इस मौसम परिवर्तन ने न केवल तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज कराई, बल्कि पिछले लगभग तीन महीनों से चले आ रहे लंबे ड्राई स्पेल को भी तोड़ दिया। यह बदलाव प्रदेशवासियों के लिए राहत और खुशी दोनों लेकर आया।

लंबे समय तक बारिश न होने से जहां जलस्रोत सूखने लगे थे, वहीं फसलें भी मुरझाने लगी थीं। ऐसे में नववर्ष के पहले दिन हुई वर्षा और बर्फबारी को किसी वरदान से कम नहीं कहा जा सकता। खासतौर पर हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में, जहां कृषि और बागवानी काफी हद तक मौसम पर निर्भर करती है, वहां यह बदलाव किसानों और बागवानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है।

बारिश आमजन के लिए भी अनेक रूपों में राहत प्रदान करती है। इससे वातावरण शुद्ध होता है, हवा में जमी धूल और प्रदूषक तत्व कम होते हैं तथा तापमान संतुलित होता है। यही नहीं, नदियों, झीलों, तालाबों और भू-जल स्तर में भी सुधार आता है, जिससे पेयजल संकट से राहत मिलती है। लंबे सूखे के कारण जिन क्षेत्रों में जल संकट गहराने लगा था, वहां अब हालात सुधरने की उम्मीद जगी है।

कृषि की दृष्टि से यह बारिश संजीवनी के समान है। मुरझा चुकी फसलों में अब नया जीवन संचार होगा। खेतों में हरियाली लौटेगी, पौधों में फूल आएंगे और फिर फसल बनने की प्रक्रिया तेज होगी। रबी सीजन में खासकर गेहूं की फसल के लिए यह बारिश अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसके साथ ही सब्जियों और अन्य नकदी फसलों को भी इससे भरपूर लाभ मिलेगा। मिट्टी में नमी बनी रहने से उसकी उर्वरता बढ़ेगी और सिंचाई की लागत में भी कमी आएगी, जो किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी। पशुपालन से जुड़े लोगों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद है, क्योंकि इससे चारे और घास की उपलब्धता बढ़ेगी।

स्वास्थ्य की दृष्टि से भी वर्षा का महत्व कम नहीं है। बारिश से वातावरण में मौजूद धूल, एलर्जी उत्पन्न करने वाले कण और प्रदूषण घटते हैं, जिससे सांस संबंधी बीमारियों में राहत मिलती है। हरियाली बढ़ने से मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और लोगों में तनाव कम होता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि वर्षा के दौरान और बाद में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि गंदा या ठहरा हुआ पानी कई बीमारियों को जन्म दे सकता है।

हालांकि, मौसम के इस बदलाव के साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। तापमान में गिरावट के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में लकड़ी, ईंधन और गर्म कपड़ों का पर्याप्त इंतजाम जरूरी हो जाता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। इसके साथ ही पालतू पशुओं के लिए भी चारा और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करना जरूरी है। यहीं से समाज की नैतिक जिम्मेदारी का प्रश्न भी खड़ा होता है। बारिश और ठंड का यह मौसम उन लावारिस पशुओं के लिए अत्यंत कठिन हो जाता है, जिन्हें स्वार्थी लोग दूध देना बंद करते ही सड़कों पर छोड़ देते हैं। सबसे अधिक दुर्दशा गायों और बैलों की हो रही है। यह प्रवृत्ति न केवल अमानवीय है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। पशुओं की देखभाल केवल तब तक नहीं होनी चाहिए जब तक वे लाभ देते हैं, बल्कि जीवनभर उनके प्रति जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है।

इस दिशा में सरकार को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत है। जिस प्रकार नशे और चिट्टे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, उसी तरह लावारिस पशुओं की समस्या पर भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही, पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त नीति और कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### महावीर चक्र विजेता

**देहरादून** के मेजर विवेक गुप्ता भारतीय सेना के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के प्रतीक थे। 2 राजपूताना राइफल्स के इस जांबाज अधिकारी ने कारगिल युद्ध के दौरान तोलोलिंग टॉप पर दुश्मन के कब्जे को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई। 12-13 जून 1999 की रात उन्होंने अपनी कंपनी का नेतृत्व करते हुए अत्यंत कठिन और खतरनाक अभियान को अंजाम दिया।



मेजर विवेक गुप्ता
जन्म : 2 जनवरी, 1970
मृत्यु : 13 जून, 1999

ऊंचाई पर बैठे दुश्मन के भीषण हमले में मेजर विवेक गुप्ता को दो गोलियां लगीं, लेकिन घायल अवस्था में भी उन्होंने पीछे हटने से इनकार कर दिया। आमने-सामने की लड़ाई में उन्होंने तीन दुश्मन सैनिकों को मार गिराया और बंकर पर कब्जा कर तिरंगा फहराया। उनकी वीरता और नेतृत्व के कारण ही भारतीय सेना को तोलोलिंग टॉप पर ऐतिहासिक विजय मिली। इसी अभियान के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके असाधारण पराक्रम के लिए मेजर विवेक गुप्ता को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनके बलिदान ने पूरे देश को झकझोर दिया। अंतिम दर्शन के समय उनकी पत्नी कैप्टन जयश्री द्वारा दी गई सैन्य सलामी और उस क्षण कपिल देव की भावुक प्रतिक्रिया आज भी देशवासियों की स्मृति में अमर है। मेजर विवेक गुप्ता का जीवन देशभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की अमर गाथा है। ■



कविता

## प्रण करो नए साल में

**शिव राज सन्याल, जवाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**जाग** उठो न कर विलंब, नवभोर है उल्लास की।
प्रण करो नव साल में, दृढ़ आत्म विश्वास की।
रह गए हैं काम अधूरे, पूरी करो मन कामना।
फौलाद बन चट्टान सा, कष्टों से करो सामना।
कदम डगमगाएं नहीं, झंझावात तूफान हो।
बढ़ते रहो लड़ते रहो, दिल से अभी जवान हो।
मंजिल मिलेगी एक दिन, हो कामना आस की।
प्रण करो नव साल में, दृढ़ आत्म विश्वास की।
गिर गए तो फिर से उठो, हौसले सदा बुलंद हो।
सरिता सा आगे बढ़ो, नहीं वेग कभी मंद हो।
चलता जो मन में ठान के, पा लेता है छोर को।
हर परिस्थिति में ढाल ले,समझो वक्त के दौर को।
सदा भीतर संबल बनो,गर हो घड़ी निराश की।
प्रण करो नव साल में, दृढ़ आत्म विश्वास की।
स्वार्थ सदा ही त्यागिए, मनोरथ हो भलाई का।
समभाव की नजर रहे, न भेद अपने पराई का।
निर्धन और बेसहारे, लीजिए सदा साथ में।
कठोर निर्णय व्यवस्था, लीजिए अपने हाथ में।
रहें नहीं दुर्दिन यहां, न घड़ी रहे हताश की।
प्रण करो नव साल में, दृढ़ आत्म विश्वास की।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिक्षक-छात्र अनुपात में राष्ट्रीय औसत से आगे सीयूएचपी

भारतीय उच्च शिक्षा में शिक्षक-छात्र अनुपात को शिक्षा की गुणवत्ता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन व छात्र केंद्रित शिक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अनुपात को नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत दस छात्रों पर एक शिक्षक करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और क्रेडिट ट्रांसफर जैसे प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।



**डॉ. अवधेश कुमार यादव**
राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय के सहायक प्रोफेसर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी संदर्भ में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में उभरा है, क्योंकि यहां नियंत्रित नामांकन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अटूट फोकस तथा एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के साथ शिक्षक-छात्र अनुपात देश के अधिकांश केंद्रीय विश्वविद्यालयों से बेहतर है। 2025 तक उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार- सीयूएचपी, धर्मशाला में कुल 1,579 छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें अध्यापन के लिए 188 पूर्णकालिक शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस आधार पर सीयूएचपी में छात्र-शिक्षक अनुपात 8.4:1 (अर्थात प्रत्येक शिक्षक पर औसतन 8-9 छात्रों) का है। यह अनुपात एनईपी-2020 के लक्ष्य से काफी बेहतर है। सीयूएचपी का यह उत्कृष्ट अनुपात संयोग मात्र नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन की सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। यहां छात्र नामांकन को सीमित रखा गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता न हो सके। शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, भाषा, प्रबंधन और विज्ञान जैसे विभागों में यह अनुपात और भी बेहतर है। छात्रों की प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि शिक्षक अत्यंत सुलभ, सहयोगी और उच्च योग्यता वाले हैं। कक्षाओं में छात्रों की संख्या सीमित होने से पाठ्यक्रमों की गहन चर्चा, प्रोजेक्ट वर्क, व्यक्तिगत मेंटरिंग व नियमित फीडबैक आसान हो जाता है, जिससे छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। इससे सीयूएचपी की रैंकिंग में भी शीर्ष पर है।

देश के अन्य प्रमुख केंद्रीय विश्वविद्यालयों की बात करें तो जेएनयू, नई दिल्ली में 8,000-10,000 छात्रों को पढ़ाने के लिए 500-600 शिक्षक हैं, जिनका अनुपात 15:1 से 20:1 बनता है। बीएचयू, वाराणसी में 30,000 से अधिक छात्रों पर 1,800-2,000 शिक्षक नियुक्त होने से छात्र-शिक्षक अनुपात 18:1 से 20:1 के आसपास होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय देश का सबसे बड़ा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जहां 2.6 लाख से अधिक




छात्र पढ़ते हैं। इनके लिए 14,000 शिक्षक मौजूद हैं। इनका समग्र अनुपात 19:1 के करीब रहता है। हैदराबाद विश्वविद्यालय में यह अनुपात लगभग 12:1 है।

इसी प्रकार, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया व अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों में औसत 15:1 से 25:1 के बीच रहता है। ऐसे में, सीयूएचपी, धर्मशाला का 8.4:1 अनुपात राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना बेहतर है, जो कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों के मानकों से मेल खाता है।

यह अंतर बड़े विश्वविद्यालयों में छात्र संख्या का दबाव अधिक होने से अध्यापकों के व्यक्तिगत ध्यान व नियमित मूल्यांकन को सीमित कर देता है। वहीं, सीयूएचपी में शिक्षक छात्रों से गहरा संबंध स्थापित कर पाते हैं, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन, शोध भागीदारी और समग्र विकास में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसी आधार पर सीयूएचपी को एनआईआरएफ रैंकिंग में शिक्षण, अधिगम एवं संसाधनों को 30 प्रतिशत भारांक मिला है, जहां शिक्षक-छात्र अनुपात निर्णायक भूमिका निभाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 उच्च शिक्षा में विस्तार और गुणवत्ता के बीच संतुलन को सुदृढ़ करती है। यह नीति सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखती है, साथ ही गुणवत्ता से समझौता न करने का स्पष्ट निर्देश देती है। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) ने इस द्वंद्व को संतुलित करते हुए गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

नैक से 'ए-प्लस' ग्रेड प्राप्त सीयूएचपी एनईपी-2020 को लागू करने वाले अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल है। विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021 से नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों को अपनाना शुरू किया, जिन्हें शैक्षणिक सत्र 2025-26 तक सभी पाठ्यक्रमों में पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया। इसके अंतर्गत सभी छात्रों को 20 क्रेडिट का कौशल-आधारित प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है, जो शिक्षा को समाज से जोड़ता है। बहु-विषयक शिक्षा, ेडिट ट्रांसफर, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, भारतीय ज्ञान प्रणाली, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षा को भी सुदृढ़ किया गया है।

वर्तमान कुलपति प्रो. एसपी बंसल के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने ग्रेडेड ऑटोनॉमी प्राप्त की और यूजीसी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया। हिमालयी क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद सीयूएचपी ने नियंत्रित नामांकन और संतुलित छात्र-शिक्षक अनुपात बनाए रखा है। भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद विश्वविद्यालय एनईपी 2020 के लक्ष्यों—गुणवत्ता, समावेशिता और डिजिटल शिक्षा—को साकार करते हुए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की देव परंपरा : आस्था, विवेक और समय की कसौटी

हिमाचल प्रदेश की देव परंपरा केवल पूजा-पद्धतियों या धार्मिक अनुष्ठानों का संकलन नहीं है। यह इस पर्वतीय समाज की नैतिक चेतना, सामूहिक स्मृति और सामाजिक अनुशासन की जीवंत धरोहर रही है।



**हितेन्द्र शर्मा**
लेखक एवं साहित्यकार
कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यहां देवता श्रद्धा के विषय मात्र नहीं रहे, बल्कि न्याय, करुणा और लोकहित के प्रतीक रहे हैं। मंदिर और देव स्थान केवल पूजा के स्थल नहीं बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन के केंद्र रहे हैं, जहां समुदाय ने अपने विवाद, निर्णय और विश्वास की कसौटी तय की।

यही कारण है कि हिमाचल की देव परंपरा सदियों तक सामाजिक संतुलन और सामूहिक विवेक का आधार बनी रही, लेकिन आज यह परंपरा एक कठिन और निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। मंदिर के भीतर खड़ा व्यक्ति जितना महत्वपूर्ण है, उससे अधिक महत्वपूर्ण वह सामान्य नागरिक है जो मंदिर के बाहर खड़ा होकर घटित हो रहे घटनाक्रम को देख रहा है। यह व्यक्ति न देव-विरोधी है न परंपरा का शत्रु। वह केवल यह परखना चाहता है कि देव के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह वास्तव में आस्था की आत्मा के अनुरूप है या नहीं। वह यह प्रश्न उठा रहा है कि क्या देव के नाम पर अन्याय, पक्षपात और अपारदर्शिता को धर्म कहा जा सकता है? क्या आस्था का अर्थ केवल मौन स्वीकार है, चाहे सत्य दबाया जा रहा हो?

भारतीय ज्ञान-परंपरा ने कभी अंधश्रद्धा का समर्थन नहीं किया। वेद, उपनिषद और गीता में आस्था का आधार विवेक और नैतिक चेतना है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' कोई औपचारिक उपदेश नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि है। धर्म यहां कर्मकांड नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण, करुणामय और उत्तरदायी आचरण का नाम है। जब देवपरंपरा नैतिकता से कट जाती है, तब वह



रस्म बनकर रह जाती है और उसका सामाजिक प्रभाव क्षीण होने लगता है।

ऐसे समय में श्रद्धा भय में बदल जाती है और भय से उपजी श्रद्धा न टिकाऊ होती है, न रचनात्मक। हिमाचल की लोक-आस्था में देवताओं की भूमिका हमेशा सामाजिक रही है। देवता निर्बल की आवाज और अन्याय पर नियंत्रण के प्रतीक माने गए। पंचायतों और ग्रामीण न्याय-व्यवस्था में देव-निर्णय अंतिम इसलिए माने जाते थे, क्योंकि उन्हें निष्पक्ष और लोक हितकारी समझा जाता था। हिमाचल की देव परंपरा केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन, नैतिक उत्तरदायित्व और सामूहिक विवेक की परंपरा रही है। समस्या आस्था में नहीं, बल्कि तब उत्पन्न होती है जब देव के नाम पर लिए गए निर्णय अपारदर्शी हो जाएं, सार्वजनिक लेखा-जोखा अस्पष्ट हो और कुछ व्यक्तियों की व्याख्या को अंतिम सत्य मान लिया जाए।

आज की युवा पीढ़ी इसी असंगति पर प्रश्न उठा रही है। यह विद्रोह नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा की मूल आत्मा प्रश्नशीलता का ही विस्तार है, जैसा बुद्ध और कबीर ने किया था।

देव परंपरा का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह प्रश्न और आत्मालोचन को खतरे के रूप में देखती है या सुधार के अवसर के रूप में। परंपरा को जीवित रखने के लिए पारदर्शिता, लिखित नियम, सार्वजनिक लेखा और ग्राम-स्तर पर सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। देवस्थान किसी व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि सामूहिक सांस्कृतिक धरोहर हैं।

आस्था और भय में अंतर समझना भी जरूरी है। भय से उपजी श्रद्धा अनुशासन तो लाती है, पर विश्वास नहीं।

विवेकपूर्ण आस्था समाज को जोड़ती है और संस्कृति को जीवित रखती है। परंपरा तभी टिकती है जब वह समय, प्रश्न और सुधार की कसौटी पर खरी उतरे। प्रश्न देव के अस्तित्व का नहीं, बल्कि मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी का है-सत्य, न्याय और करुणा के पक्ष में खड़े होने का साहस ही देव संस्कृति का सार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैमनस्य को रोकने की अपील : सराज मामले की सच्चाई और कानूनी दृष्टिकोण

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक दोधारी तलवार की तरह है। यह सूचना और विचारों का आदान-प्रदान आसान बनाता है, लेकिन अफवाहें और वैमनस्य फैलाने का माध्यम भी बन सकता है।



**हेमराज सिंह ठाकुर**
एडवोकेट, गोहर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश के सराज क्षेत्र में शहनाई वादक सूरजमणी के साथ हुई घटना इसका उदाहरण है। उनकी निजी बातचीत को किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे समाज में तनाव और विभाजन पैदा हुआ।

सूरजमणी, जो दलित समुदाय से हैं और संगीत में योगदान दे रहे हैं, बातचीत में भारत के संविधान को सर्वोच्च ग्रंथ बताते हुए अन्य धार्मिक ग्रंथों पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। यह बातचीत निजी थी, लेकिन वायरल होने पर कुछ समूहों ने उन्हें सामाजिक बहिष्कार और पुलिस शिकायत की धमकी दी। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत हर व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। केवल धार्मिक ग्रंथों पर सवाल उठाना अपराध नहीं है, जब तक कि इससे हिंसा या घृणा भड़काने का इरादा न हो। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएस पुट्टास्वामी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2017) के फैसले में गोपनीयता को मौलिक अधिकार माना गया। बिना सहमति किसी की निजी बातचीत रिकॉर्ड करना और साझा करना इसके उल्लंघन में आता है।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66-ई बिना सहमति रिकॉर्डिंग, प्रसारण या प्रकाशन को दंडनीय मानती है। यदि वीडियो का उद्देश्य उत्पीड़न या मानहानि है, तो धारा 67 और भारतीय दंड संहिता की धाराएं 196, 353, 356 लागू हो सकती हैं। यदि जाति के आधार पर किसी दलित व्यक्ति को निशाना बनाया गया है, तो एससी/एसटी (अत्याचार निवारण)




अधिनियम, 1989 लागू होता है। असली अपराधी वे हैं जिन्होंने वीडियो वायरल किया, न कि सूरजमणी जिन्होंने अपने विचार साझा किए।

सूरजमणी प्रकरण यह भी दिखाता है कि जातिगत पूर्वाग्रह और सामाजिक भेदभाव वैमनस्य फैलाने का आसान माध्यम बन सकते हैं। समाज में उच्च जाति के लोग भी धार्मिक ग्रंथों पर सवाल उठाते हैं, और इसे लोकतांत्रिक अधिकार के तहत स्वीकार किया जाना चाहिए। देवता या धार्मिक संस्थान, यदि सामाजिक भेदभाव, भ्रष्टाचार या अन्याय का केंद्र बन गए हैं, तो उनका आलोचना करना स्वाभाविक है।

यह घटना हमें याद दिलाती है कि वैमनस्य फैलाना आसान है, लेकिन सद्भावना बनाए रखना चुनौतीपूर्ण। हमें संविधान और कानून का सम्मान करना चाहिए, व्यक्तिगत गोपनीयता की रक्षा करनी चाहिए और जातिगत भेदभाव को जड़ से समाप्त करना चाहिए। देव संस्थानों में सुधार कर उन्हें समाज के नैतिक और समावेशी केंद्र में बदलना जरूरी है। आज का समाज विविध धर्मों, जातियों और पृष्ठभूमियों का मिश्रण है। इस विविधता में सद्भाव बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया का उपयोग जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक संवाद के लिए होना चाहिए, न कि वैमनस्य फैलाने के लिए। सूरजमणी प्रकरण हमें सिखाता है कि केवल कानून का पालन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी जरूरी है। संविधान हमारा सर्वोच्च मार्गदर्शक है, जो सभी को समान अधिकार और स्वतंत्रता देता है। यदि हम इसे समझें और अपनाएं, तो कोई भी वैमनस्य या घृणा हमें विभाजित नहीं कर सकेगी।

आइए, हम सोशल मीडिया और वास्तविक जीवन में सद्भावना को बढ़ावा दें, घृणा और वैमनस्य के प्रसार को रोकें। व्यक्तिगत गोपनीयता और अधिकारों की रक्षा करें, जातिगत या धार्मिक भेदभाव से दूर रहें। सभी समुदायों के लिए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित करें। मिलकर एक समावेशी, न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिंदुओं और भारत के खिलाफ पश्चिमी देशों में कैसे भरा जा रहा है जहर

श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्हाइट हाउस का सीनियर पॉलिसी एडवाइजर नियुक्त किए जाने और विवेक रामास्वामी के 26 दिसंबर, 2024 को एक्स पर पोस्ट करने के बाद, जब वे डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लीडर के तौर पर अपने छोटे से कार्यकाल में थे, तो प्लेटफॉर्म पर भारत विरोधी नफरत में काफी बढ़ोतरी देखी गई।



**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जनवरी 2025 में सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ऑर्गेनाइज्ड हेट ने एक्स पर भारत विरोधी नस्लवाद पर एक रिपोर्ट जारी की। तब से, इस बात का कोई खास संकेत नहीं मिला है कि एक्स सहित सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पूर्वाग्रह कम हुआ है। इस रिपोर्ट में एक्स पर भारत विरोधी नस्लवाद के मौजूदा स्तर का विश्लेषण किया गया है। यह भारत विरोधी भावना में बढ़ोतरी का विश्लेषण करती है, भारत विरोधी नस्लवादी बातचीत में मुख्य विषयों और कहानियों को बताती है और उन पोस्ट और मुद्दों पर प्रकाश डालती है जिनका उल्लेखनीय प्रभाव और पहुंच रही है। एक्स पर 680 ज्यादा एंगेजमेंट वाली भारत विरोधी नस्लवादी पोस्ट को 1 जुलाई से 7 सितंबर, 2025 के बीच 281.2 मिलियन व्यूज मिले। भारतीयों को हमलावर और नौकरी चोर बताने वाली कहानियों के साथ-साथ भारतीयों को देश से निकालने की मांगों वाली 474 पोस्ट (69.7%) और 111.8 मिलियन व्यूज मिले, जिससे इमिग्रेशन और निष्कासन से जुड़ी बातें एंगेजमेंट का मुख्य कारण बन गईं। HB असंतोष और नौकरी चोरी की बातें मुख्य समूह में प्रमुख थीं, जोजेनोफोबिया को आर्थिक असुरक्षा के साथ मिला रही थीं और भारतीयों पर वीजा प्रतिबंध, इनकार, निर्वासन और नागरिकता रद्द करने की मांगों को बढ़ा रही थीं। 121 पोस्ट (17.8 %) में भारत विरोधी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और उन्हें 74.3 मिलियन व्यूज मिले। 12 अगस्त को फ्लोरिडा में एक सिख ड्राइवर से जुड़े ट्रक दुर्घटना संबंधी 74 पोस्ट (10.9 %) को 94.9 मिलियन व्यूज



मिले, जिससे पता चलता है कि कैसे एक ही घटना का इस्तेमाल पूरे समुदाय को पेशे के आधार पर बलि का बकरा बनाकर बदनाम करने के लिए किया जाता है।

अगस्त 2025 में गतिविधि चरम पर थी, जिसमें 381 पोस्ट और 189.9 मिलियन व्यूज थे। अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद और घटना-आधारित गुस्सा कहानियों में बढ़ोतरी के साथ मेल खाता था, जो दर्शाता है कि नीतिगत तनाव और ब्रेकिंग न्यूज नस्लवादी सामग्री को बढ़ाने वाले अनुमानित कारक के रूप में काम करते हैं। लगभग 65% पोस्ट यूएस पर केंद्रित थे, जिससे यह कन्फर्म होता है कि स्टडी के दौरान यूएस ही भारत विरोधी डिजिटल नस्लवाद का केंद्र था।

हिंदुओं और भारत के प्रति नफ़रत भारत से व्यक्तिगत द्वेष नहीं, बल्कि औपनिवेशिक मानसिकता और विकासशील देशों के प्रति पूर्वाग्रह है। पश्चिमी मीडिया और सत्ता संरचनाओं में कई लोग भारत की शक्ति और समृद्धि को अपने प्रभुत्व के लिए खतरा मानते हैं। इसका परिणाम हिंदूफोबिया और भड़काऊ प्रचार के रूप में सामने आता है—शैक्षणिक, पेशेवर या सोशल मीडिया पर। इस नफरत का उद्देश्य भारतीयों को नीचा दिखाना, आक्रामक या निष्क्रिय बनाने और उन्हें मानसिक रूप से कमजोर करना है। अक्सर पश्चिमी मीडिया और अकादमिक प्रचारक हिंसा और अन्याय को दबाने या नकारने का प्रयास करते हैं।

प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, दुनिया भर में हिंदू प्रवासियों का मात्र 5% हिस्सा है, जो साबित करता है कि यह नफरत सांस्कृतिक और राजनीतिक पूर्वाग्रह पर आधारित है। पश्चिमी हिंदू विरोधी भारत को कमजोर और निर्भर बनाना चाहते हैं, ताकि उसकी शक्ति और सामाजिक प्रभाव कम हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नए साल की शुरुआत बारिश के साथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नए साल का आगाज जोगिंदरनगर क्षेत्र में बारिश के साथ हुआ। वीरवार को दोपहर बाद जोगिंदरनगर में हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंड में इजाफा हो गया। बारिश के चलते जोगिंदरनगर सहित आसपास के इलाकों में मौसम काफी ठंडा हो गया, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया। लोग हीटर और अंगीठी सेकते नजर आए। नए साल के पहले दिन हुई बारिश से किसानों और बागवानों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि यह बारिश फसलों के लिए लाभकारी मानी जा रही है। वहीं, आम जनजीवन पर भी मौसम का असर देखने को मिला। सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम रही और बाजारों में अपेक्षाकृत कम चहल-पहल नजर आई। वहीं, ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी भी हुई है। इससे शीत लहर बढ़ गई है। किसान वर्ग को अब आशा बंधी है कि अब फसल के लिए बारिश उपयोगी सिद्ध होगी।

### सेना चिकित्सा कोर का स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सेना चिकित्सा कोर के पूर्व सैनिकों ने नववर्ष के मौके पर वीरवार को हमीरपुर-बिलासपुर-मंडी सीमा स्थित सी-रॉक होटल में 262वां स्थापना दिवस मनाया। मुख्यातिथि कैप्टन गुरबचन सिंह रहे। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैप्टन जगदीश वर्मा ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं और पूर्व सैनिकों ने आपसी संवाद किया।

### लोगों ने भजन-कीर्तन कर मनाया नववर्ष का जश्न

**अनंत ज्ञान, महादेव।** लोगों ने बुधवार आधी रात को नववर्ष के अवसर पर पटाखे फोड़े व ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। डीजे की धुनों पर लोग नाचते थिरकते रहे। नाचन विधानसभा क्षेत्र और आसपास के एक बड़े इलाके में लोगों ने देव वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल भी किया। नववर्ष के पहले दिन यानी वीरवार को बारिश की हल्की-हल्की बूंदाबांदी के बीच लोगों ने भजन-कीर्तन व जश्न मनाया।

### वृद्धाश्रम आनंद धाम देहरी में मनाया वृद्धजनों का जन्मदिन



**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** नववर्ष के पहले दिन सुंदरनगर शहरी क्षेत्र स्थित वृद्धआश्रम आनंद धाम देहरी में वृद्धजनों, जो पंद्रह की संख्या में बताए जाते हैं, उनका जन्मदिन मनाया गया। यहां रहने वाली सबसे वृद्ध महिला दर्शनू देवी ने भी अपना 96वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया तथा मनोरंजन केलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आश्रम के प्रधान डॉ. पदम सिंह गुलेरिया, सचिव उत्तम चंद शर्मा तथा कोषाध्यक्ष डीआर धीमान की उपस्थिति में सुनील आहूजा, हुक्म चंद, खजाना राम, दयोटू राम, दया राम, अनंत राम, सतवीर पठानिया, चमन लाल व राम बहादुर सहित सनेहरु, सूर्यकांता, माया देवी, खुरी देवी, और दीना देवी का जन्मदिन मनाया गया।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री मंडी जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राजेश धर्माणी 2 जनवरी को दोपहर बाद 12 बजे नेरचौक पहुंचेंगे, जहां वे डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक के वार्षिक-सह-पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। यह कार्यक्रम श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नेरचौक के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के उपरांत सायंकाल को वे घुमारवीं के लिए प्रस्थान करेंगे।

### किरतपुर-मनाली फोरलेन पर ढाबा मालिक पर चाकू से हमला करने का मामला

# दो हमलावर चाकू और कार समेत गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

- पटियाला से दबोचे आरोपी फरार दो आरोपियों की तलाश में दबिश जारी
- गिरफ्तार दोनों आरोपी कोर्ट में पेश, 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

**सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर हराबाग स्थित ढाबा संचालक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुंदरनगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण के नेतृत्व में थाना प्रभारी कमलकांत व पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार किया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस के अनुसार, अभी दो अन्य आरोपी, जिनमें एक किन्नर भी शामिल है, फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार पंजाब में दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस थाना सुंदरनगर लाया गया और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 5 दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जांच के दौरान पुलिस ने वारदात में प्रयोग में लाए गए चाकू और स्विफ्ट डिजायर कार को भी कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में ढाबा संचालक पर चाकू से हमला करने वाला मुख्य आरोपी गौरव भी शामिल है। वहीं, घायल ढाबा संचालक का एम्स बिलासपुर में उपचार जारी है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच कर रही है। गौर रहे कि वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार का नंबर पुलिस के पास नहीं था, जिससे जांच चुनौतीपूर्ण बन गई थी। इसके बाद पुलिस ने मंडी की ओर जाने वाली सभी गाड़ियों की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू की।

जांच के दौरान 5-6 स्विफ्ट डिजायर कारें गुजरती दिखाई दीं, जिससे असमंजस और बढ़ गया। इसी बीच पुलिस की नजर एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार पर पड़ी, जो पहले मंडी की ओर जाती दिखी और कुछ ही मिनटों बाद बिलासपुर की ओर लौटती नजर आई। इस असामान्य गतिविधि ने पुलिस का शक गहरा दिया। गहन जांच के बाद पुलिस को पुष्टि हो गई कि यही कार वारदात में शामिल आरोपियों की थी। सुंदरनगर पुलिस के हाथ एक अहम सुराग लगा, जिसने आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता खोल दिया। गौरतलब है कि किरतपुर-मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर के हराबाग स्थित एक ढाबे में बीते मंगलवार रात खाना जल्दी परोसने को लेकर हुए विवाद के बाद चार आरोपियों ने ढाबा संचालक ललित पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वारदात के बाद सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर फरार हो गए थे। पुलिस थाना सुंदरनगर ने ढाबा में ही कार्य करने वाले युवक के बयान पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस टीम मामले में जुटा रही साक्ष्य : एसपी

**एसपी** मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशकर 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। पुलिस की जांच जारी है और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आरोपियों से कड़ी पूछताछ अमल में लाई जाएगी।

## नववर्ष पर मंदिरों में भारी भीड़ एनएच पर वाहनों का लगा जमघट



मंदिर में दर्शनों के लिए लगी भीड़।

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

नववर्ष 2026 के पहले दिन लोगों में भारी उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने अपने इष्ट देवता के दरबार में जाकर पूजा-अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। सबसे ज्यादा भीड़ माता भैरवा मंदिर पंडोह में देखी गई।

उधर, माता बगलामुखी मंदिर बाखली में भक्तों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों ने भी रोप-वे के माध्यम से माता रानी की दर्शन किए। हणोगी माता संस्थान में भी भक्तों ने हाजिरी लगवाई।

बता दें कि चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का रेला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। यह पहला अवसर है, जबकि नववर्ष को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया।

## खलैहल पंचायत में उप डाकघर की शाखा खोलने की मांग फिर हुई तेज

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी के अंतर्गत आने वाली खलैहल पंचायत के लोगों ने पंचायत के केंद्र स्थल छोटी झरवाड़ में उपडाकघर बरोट की शाखा खोलने की मांग को लेकर एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद की है। खलैहल पंचायत के तहत आने वाले मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ तथा बड़ी झरवाड़ गांव के बुद्धि सिंह, डागी राम, चन्द्रमणी, रोशन लाल, प्रेम सिंह, सुंदर सिंह, रागी राम, वैरागी राम, नुपा राम, राजकुमार, रूप चंद, राम देव, चंद्रशेखर, सुखराम आदि लोगों का कहना है कि इन चारों गांवों में विधवा, वृद्ध तथा दिव्यांगता पेंशन लेने वाले कई लाभार्थी हैं, जिन्हें सरकार से मिलने वाली पेंशन प्राप्त करने के लिए 6 से 9 किलोमीटर दूर स्थित उपडाकघर बरोट जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं, बरोट स्थित उपडाकघर में भी अधिक भीड़ के कारण उम्रदराज पेंशनधारकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर व डाक विभाग से मांग की है कि विभिन्न पेंशनधारकों की सुविधा के लिए खलैहल पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर उपडाकघर की शाखा स्थापित की जाए। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि खलैहल पंचायत के लोगों की इस मांग को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष पूरे जोर से रखा जाएगा और इस समस्या का समाधान करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## डॉटर एम्पावरमेंट इनिशिएटिव पर आधारित कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**बेटी** बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में वर्ष 2025 के दौरान डॉटर एम्पावरमेंट इनिशिएटिव (देई) के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों, अभियानों और नवाचारों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का डीसी अपूर्व देवगन द्वारा विमोचन किया गया।



टेबल बुक का विमोचन करने के दौरान अधिकारी सामूहिक चित्र में।

इस प्रकाशन में बालिकाओं के सशक्तिकरण से जुड़े प्रयासों को समग्र रूप से संकलित किया गया है। डीसी ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक जिले में बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, नवाचारों और उपलब्धियों का सजीव दस्तावेज है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेलकूद तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को चित्रों और संक्षिप्त विवरणों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों की स्पष्ट झलक मिलती है। उन्होंने बताया कि डॉटर एम्पावरमेंट इनिशिएटिव का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व गुणों का विकास करना है, ताकि वे समाज में सशक्त और सम्मानजनक भूमिका निभा सकें। यह पहल न केवल बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि समाज में लैंगिक समानता के प्रति सकारात्मक सोच को भी मजबूत करती है। उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि यह कॉफी टेबल बुक भविष्य की योजनाओं और नीतिगत निर्णयों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी तथा अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अजय बदरेल उपस्थित रहे।

## बरोट-शिमला सरकारी बस सेवा बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजधानी शिमला से चौहार घाटी के बरोट तक आने वाली बरोट-शिमला रूट पर चलने वाली सरकारी बस सेवा को बहाल करने की मांग को लेकर चौहार घाटी के लोगों ने एक बार फिर आवाज उठाई है।

- बस बंद होने से चौहार व छोटा भंगाल घाटी के लोगों को हो रही भारी परेशानी

लोगों का कहना है कि बस सेवा बंद होने के कारण उन्हें शिमला जाने के लिए 30 से 50 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित घटासनी बस ठहराव से बस पकड़नी पड़ती है, जिससे उनका कीमती समय और धन दोनों व्यर्थ होता है। घाटी के वजिंद सिंह, दान, राम सिंह, विनोद कुमार, रामसरन चौहान, चमेल चौहान, हरी गोपाल, कर्म चंद आदि लोगों ने बताया कि करीब पंद्रह-बीस वर्ष पूर्व निगम की सरकारी बस बरोट-शिमला रूट पर शुरू की गई थी, लेकिन कुछ समय बाद इसे नाहक ही बंद कर दिया गया, जिसके चलते चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी के लोगों को जरूरी कार्यों के लिए शिमला जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बरोट से सीधी शिमला बस सेवा न होने से खासकर महिलाओं, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिसको लेकर दोनों घाटियों के लोगों में प्रदेश सरकार व एचआरटीसी प्रबंधन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

## जोगिंद्रनगर में पुलिस ने जगह जगह की वाहनों की सघन जांच

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**





जोगिंद्रनगर में वाहनों की चेकिंग करते पुलिस कर्मी।

**जोगिंद्रनगर।** नए साल के जश्न को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जोगिंद्रनगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मूड में नजर आ रही है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

जोगिंद्रनगर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पुलिस नाके लगाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है।थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि नए साल के अवसर पर संभावित भीड़ और बाहरी आवाजाही को ध्यान में रखते हुए जोगिंद्रनगर पुलिस के साथ-साथ बस्सी, लडभड़ोल और चौतड़ा पुलिस को भी अलर्ट पर रखा गया है। सभी टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और बाहर से आने वाली गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात व अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही चालान काटे जा रहे हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नए साल के जश्न के दौरान होने वाली संभावित लापरवाहियों और हादसों को रोकने के लिए पुलिस 24 घंटे अलर्ट मोड में तैनात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों से अपील की कि नए साल का जश्न जिम्मेदारी के साथ मनाएं, यातायात नियमों का पालन करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## हटली में 112 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पुलिस** थाना हटली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। थाना हटली में धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, 31 दिसंबर को सायं करीब 7 बजे उपनिरीक्षक अनिल कुमार पुलिस टीम व सरकारी वाहन के साथ ढलवान क्षेत्र में श्मशानघाट मोड़ के समीप नाकाबंदी, यातायात जांच एवं मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु मौजूद थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की आल्टो कार नंबर एचपी01एच-2399 को जांच के लिए रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम प्रिंस कुमार पुत्र राकेश कुमार हमीरपुर, उम्र 29 वर्ष बताया। वाहन की तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 112 ग्राम चरस बरामद की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाना हटली में बंद हवालात किया गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है और जांच जारी है।

### करनाल में दुकान से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस थाना द्वारा वीरवार को करनाल स्थित एक दुकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकान से 4 बोतल शराब ऊना नंबर-01 बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, दुकान अमर सिंह (55 ) पुत्र वंशी लाल, गांव करनाल, डा. थौना तहसील सरकाघाट जिला मंडी की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने अमर सिंह के विरुद्ध एक्साइज एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी है।

## जिला पार्षद वंदना की एकल महिलाओं के सशक्तिकरण की नई पहल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



महिला से मिलती हुईं जिला पार्षद वंदना गुलेरिया।

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण की दिशा में आदर्शिनी वेलफेयर सोसायटी द्वारा एक नई और संवेदनशील पहल की शुरुआत की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत उन एकल महिलाओं तक पहुंचा जाएगा, जो विभिन्न परिस्थितियों के कारण अकेले जीवन जीने को विवश हैं चाहे वे विधवाएं हों या जीवन की किसी अन्य चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रही हों।

आदर्शनी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने कहा कि एक महिला होने के नाते तथा स्वयं इन परिस्थितियों को निकट से अनुभव करने के कारण यह भली भांति समझा जा सकता है कि एकल महिलाओं को सामाजिक, मानसिक और आर्थिक स्तर पर किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस अभियान के माध्यम से उनसे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मबल को जागृत करना है , ताकि वे यह महसूस कर सकें कि वे अकेली नहीं हैं और समाज उनके साथ खड़ा है।

## धर्मपुर तहसील कार्यालय के पास युवक पर हमला, ईंट से वाहन का शीशा तोड़ा, जान से मारने की दी धमकी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना धर्मपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 324(4) व 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता दिनेश कुमार पुत्र मेहर सिंह निवासी गांव सरी, डाकघर सरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 दिसंबर को दिन के समय वह तहसील कार्यालय धर्मपुर के पास खड़ा था। इसी दौरान नरेंद्र कुमार, अचानक दौड़ता हुआ आया और उस पर ईंट से हमला करने की कोशिश की। आरोपी ने शिकायतकर्ता को गाड़ी से बाहर निकलने नहीं दिया तथा गोली मारने व जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने हाथ में ली ईंट से वाहन के फ्रंट शीशे पर जोरदार वार कर शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बतैल स्कूल के पास खाई में गिरी कार, चालक सुरक्षित

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की पंचायत भांबला के बतैल रोपा-ठाठर संपर्क मार्ग पर वीरवार सुबह लगभग पांच बजे के करीब एक गाड़ी एचपी-33-जी-0473 रोपा ठाठर से बतैल की तरफ जा रही थी, तो धुंध होने के कारण बतैल स्कूल के नजदीक सड़क से फिसलकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में चालक गाड़ी सहित खाई में गिर गया। स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की ओर से बड़ी मुश्किल से खाई में उतरकर घायल को क्षतिग्रस्त गाड़ी से सुरक्षित बाहर निकाला और पुलिस थाना हटली और आपातकालीन सेवा 108 को सूचित किया। घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम में नागरिक अस्पताल बल्द्वाडा ले जाया गया। इस हादसे में गाड़ी चालक अक्षय मरवाहा पुत्र निलाक्ष मारवाह निवासी नागचला तहसील बल्ह जिला मंडी घायल हो गया है। हटली थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा ने कहा की हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर गई थी। घायल युवक को नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया है, फिलहाल पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### एसआईएस सिक्योरिटी में 150 पदों पर भर्ती

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 150 पुरुष पदों के लिए उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट को मांग पत्र भेजा गया है। न्यूनतम योग्यता दसवीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 14,000 से 24,000 रुपए मासिक वेतन सहित ईपीएफ, ईएसआईसी व बीमा सुविधाएं मिलेंगी। नियुक्तियां हिमाचल व चंडीगढ़ क्षेत्र में होंगी। इच्छुक उम्मीदवार 5 जनवरी को सुबह 10:30 से 2 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

## कोर्ट स्टे के बाद भी बेदखली के नोटिस निकालने का विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

- किसान सभा का 8 जनवरी को मंडी में होगा अधिवेशन पूर्व
- विधायक राकेश सिंघा लेंगे भाग : भूपेंद्र

**हिमाचल** किसान सभा किसानों की बेदखली पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद भी मंडी जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी करने के विरोध में 8 जनवरी को मंडी में अधिवेशन आयोजित करेगी। इसमें सभा के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा विशेष रूप में भाग लेंगे।

अधिवेशन के बाद उपायुक्त मंडी को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा और कोर्ट के फैसले के अनुरूप यथास्थिति बनाए रखने की मांग की जाएगी। पूर्व जिला पार्षद एवं सभा के प्रभारी भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष दिनेश काकू, दिलीप सिंह, कश्मीर सिंह आदि ने कहा कि हिमाचल किसान सभा सभी किसानों के कब्जे वाली जमीन उनके नाम नियमित करने की मांग कर रही है और मकानों को तोड़ने तथा बगीचों को न काटने के लिए संघर्षरत है। इसके चलते तीन बार शिमला में प्रदर्शन किए जा चुके हैं और न्यायालय के माध्यम से भी लड़ाई लड़ी जा रही है, जिसके चलते हिमाचल हाईकोर्ट के उस फ़ैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक जिसमे हिमाचल सरकार द्वारा बनाए भू-राजस्व कानून की धारा 163ए को निरस्त कर दिया था, जिसके चलते लाखों लोगों के कब्जे वाली जमीन और उस पर बने मकानों को हटाने की तलवार लटक गई थी। किसान सभा की याचिका पर उस निर्णय पर रोक लग गई है। लेकिन कुछ अधिकारी नोटिस निकाल रहे हैं, जो कोर्ट के फैसले की अवमानना है। सभा की यह मांग लंबे समय से है कि सभी परिवारों को न्यूनतम पांच बीघा जमीन सरकार उपलब्ध करवाए और इसके लिए केंद्र सरकार वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन करे और राज्यों को भूमि आवंटन के लिए अधिकार प्रदान करे।

**समारोह** विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर पढ़ाई व रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देने का आह्वान

## नवज्योति आदर्श स्कूल के मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**नवज्योति** आदर्श विद्यालय सरकाघाट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में एसबीआई सरकाघाट के चीफ मैनेजर सुल्तान सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर पढ़ाई व रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों से पूरी लगन के साथ पढ़ाई पर लक्ष्य प्राप्त करने व साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी एवं बच्चों को पैसों की बचत क्यों और कैसे करनी चाहिए की जानकारी भी साझा की।

उन्होंने बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं में मेरिट में आए हुए बच्चों को मेरिट सर्टिफिकेट भी बांटे।



नवज्योति आदर्श विद्यालय सरकाघाट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया।

इससे पहले प्रधानाचार्य निशा शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। शाश्वत मोदगिल, विपुल पाराशर, हर्षिता, अंशिका शर्मा, प्रणव शर्मा, अदिति गुमरा, कृष पठानिया, शानवी ठाकुर, परीक्षित ठाकुर, अचल ठाकुर, दीक्षित कुमार, निशांत ठाकुर और अचल ने मेरिट में दशमी कक्षा के बोर्ड के परीक्षा में मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इसी तरह से प्लस टू में वैष्णवी, मोहम्मद शाहिद, महक, रिशिता सैनी, पलक ठाकुर, साकेत वनियाल, श्रेया ठाकुर, समीक्षा ठाकुर, इशिता शर्मा, मुकुल ठाकुर और कशिश को मेरिट सर्टिफिकेट बांटे गए एवं बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अन्य गतिविधियों में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर पीटीए प्रधान कैप्टन शेर सिंह के साथ-साथ अभिभावक और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# चिंतपूर्णी में भक्तों ने 'नया साल मैया दे नाल' मनाया

## बारिश के बावजूद उमड़े श्रद्धालु, भक्तिमय माहौल में हुआ नव वर्ष 2026 का स्वागत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

नव वर्ष 2026 के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

वीरवार, 1 जनवरी 2026 को तड़के से ही देश-विदेश से आए हजारों भक्त माता रानी के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर नए साल की मंगलमय शुरुआत की। पूरे चिंतपूर्णी क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। हर ओर 'नया साल मैया दे नाल' (नया साल माता के साथ) थीम पर आधारित भजनों और जयकारों की गूंज सुनाई दी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। नव वर्ष के स्वागत को लेकर बाबा श्री माईदास सदन सहित क्षेत्र की विभिन्न धर्मशालाओं, होटलों और मेला क्षेत्र में माता की चौकियों और भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जैसे ही घड़ी ने रात 12:00 बजे का समय दर्शाया, पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' और 'नया साल मैया दे नाल' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर, भजनों पर झूमते हुए और जयकारे लगाकर नव वर्ष का स्वागत किया।


माता चिंतपूर्णी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया।

### पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने चिंतपूर्णी मंदिर में लगाई हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के नववर्ष मेले के दूसरे दिन, वीरवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मंदिर परिसर में पहुंचकर माता के दरबार में हाजिरी भरी और आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल के आगमन पर, चिंतपूर्णी मंदिर के मुख्य पुजारी नव कालिया ने उनका विधिवत रूप से स्वागत किया। पुजारी नव कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरी श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। राज्यपाल कटारिया ने मंदिर में माथा टेका व प्रदेश व देश की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ट्रैफिक व्यवस्था बनी चुनौती

**श्रद्धालुओं** की भारी आमद के चलते चिंतपूर्णी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती रहा। थाना प्रभारी जयराम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम दिन-रात ड्यूटी पर तैनात रही और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करती रही। पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हुए व्यवस्था संभाली।

### बारिश भी नहीं रोक पाई आस्था

**वीरवार** सुबह हुई हल्की बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था के आगे बेअसर साबित हुई। बारिश में भीगते हुए भी भक्त लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। माता रानी के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतार व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य मूलभूत प्रबंध किए गए। हालांकि भीड़ अधिक होने के कारण कुछ श्रद्धालु व्यवस्थाओं से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए, फिर भी अधिकतर भक्तों ने संयम बनाए रखा।

### लंगर सेवाओं के समापन के बाद घटा दबाव

**नव** वर्ष के अवसर पर विभिन्न लंगर संस्थाओं द्वारा माता रानी को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के लिए भंडार आयोजित किए गए। दोपहर बाद कुछ लंगर सेवाओं के समापन के पश्चात मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या में हल्की कमी देखी गई, जिससे व्यवस्थाओं में कुछ राहत मिली। कुल मिलाकर, माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ नव वर्ष 2026 का भव्य स्वागत किया गया, जिसे श्रद्धालु लंबे समय तक याद रखेंगे।

# ऊना में बारिश से किसानों के चेहरे खिले, खेतों में लौटी रौनक


जिला ऊना के कई इलाकों में वीरवार सुबह हुई हल्की बारिश।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के कई इलाकों में वीरवार सुबह करीब ग्यारह बजे हुई हल्की बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान चिंतित थे, लेकिन आज हुई हल्की से मध्यम बारिश ने उन्हें बड़ी राहत दी है। बारिश से खेतों में नमी आ गई है, जिससे रबी फसलों विशेषकर गेहूं, सरसों और चारे की फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

किसानों का कहना है कि यदि यह बारिश समय पर न होती तो फसलों की बढ़वार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। बारिश से जहां सिंचाई का खर्च कम होगा, वहीं पैदावार बेहतर होने की उम्मीद भी जगी है। गांवों के खेतों में एक बार फिर हरियाली लौटने की संभावना से किसान उत्साहित नजर आ रहे हैं। किसान जोगिंदर सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से खेत सूखने लगे थे, लेकिन आज की बारिश ने खेतों को नई जिंदगी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह बारिश गेहूं की फसल के लिए बेहद लाभकारी है और इससे अच्छी पैदावार की उम्मीद है। किसान सुरेंद्र कुमार का कहना है कि जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन नहीं हैं, उनके लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। इससे मिट्टी में नमी बनी रहेगी और फसलों की जड़ें मजबूत होंगी। वहीं किसान रमेश चंद ने कहा कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह हल्की बारिश होती रही तो क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ मिलेगा और फसलें अच्छी होंगी। कुल मिलाकर चकसराय के आस पास के क्षेत्र में हुई बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है और आने वाले समय में बेहतर खेती व उत्पादन की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### लंगर में दिखा सामाजिक एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नव वर्ष के शुभ आगमन पर ऊना शहर की सैनी मार्केट, पुराना होशियारपुर रोड पर हर साल की भांति इस वर्ष भी सामाजिक एकता और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। 1 जनवरी को स्थानीय दुकानदारों ने सामूहिक रूप से लंगर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और राहगीर शामिल हुए और लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। विनोद जोशी ने बताया कि यह परंपरा नव वर्ष की शुरुआत को यादगार और मंगलमय बनाने के लिए आयोजित की जाती है। यह आयोजन आपसी भाईचारे, सहयोग और समाज सेवा की भावना को मजबूत करता है। लंगर में स्वादिष्ट और शुद्ध व्यंजन उपलब्ध कराए गए, जिन्हें लोगों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। इस सेवा कार्य में नव सैनी, राहुल सैनी, रोहित सैनी, दीना नाथ सैनी, सुखवंत, सुरिंद्र चौधरी, अवतार सिंह, शिवम सैनी, साहिल हनी, वंश जोशी सहित अन्य स्थानीय लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। नव वर्ष पर आयोजित यह लंगर न केवल सेवा का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक एकता का संदेश भी फैलाया।

# चिंतपूर्णी मेला क्षेत्र में सुलभ इंटरनेशनल ने संभाली सफाई व्यवस्था की कमान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दो दिवसीय नववर्ष मेले के शांतिपूर्ण समापन के बाद मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल द्वारा बखूबी निभाई जा रही है। वीरवार देर रात मेला संपन्न होने के उपरांत सुलभ इंटरनेशनल के सफाई कर्मी दिन-रात अथक परिश्रम करते हुए पूरे मेला क्षेत्र की सफाई में जुटे रहे।

मेला समाप्त होते ही श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए कूड़े-कचरे, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। पूरे क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में सुलभ इंटरनेशनल चिंतपूर्णी के प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि मेले के दौरान भारी भीड़, यातायात जाम और अचानक हुई बारिश के कारण कुछ समय के लिए सफाई कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हुआ था। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होते ही सफाई कार्यों को पुनः तेजी से शुरू कर दिया गया और देर शाम तक पूरे मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया गया। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा की गई इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया गया कि मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की गंदगी न फैले और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। स्थानीय प्रशासन और श्रद्धालुओं ने भी सुलभ इंटरनेशनल के कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। कुल मिलाकर, नववर्ष मेले के सफल आयोजन के बाद सुलभ इंटरनेशनल की सक्रिय भूमिका ने चिंतपूर्णी मेला क्षेत्र को पुनः स्वच्छ और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को साफ-सुथरा एवं स्वस्थ वातावरण मिल सका।

# लठियानी उत्सव में सामाजिक एकता की दिखी झलक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


उत्सव का आनंद उठाते मुख्यातिथि अजय ठाकुर और अन्य लोग।

उपमंडल बंगाणा के लठियानी में आयोजित भव्य लठियानी उत्सव इस वर्ष भी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और देशभक्ति का प्रतीक बना।

प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन अजय ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी के पदाधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से किया और उन्हें सम्मानित किया। अजय ठाकुर ने कहा कि यह उत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करता है। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान पर आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए युवाओं में देशभक्ति और सेवा की भावना को प्रबल करने पर जोर दिया। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

पहाड़ी गीत, लोकनृत्य और आधुनिक संगीत के कार्यक्रमों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों, खानपान के स्टॉल और बच्चों के झूलों ने भी उत्साह बढ़ाया। शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब के सदस्यों ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज को एक मंच पर लाना, सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना है। अजय ठाकुर ने क्लब की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे आयोजन लगातार करने की शुभकामनाएं दीं। उत्सव ने यह साबित कर दिया कि जब समाज, युवा संगठन और सामाजिक संस्थाएं मिलकर कार्य करती हैं, तो मनोरंजन के साथ-साथ समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है।

### अतिथि रजिस्टर व पहचान सत्यापन के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, हॉस्टल, प्राइवेट लॉज एवं अन्य ठहराव स्थलों के संचालकों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अतिथि को ठहराने से पूर्व उसका पूरा नाम एवं स्थायी पता रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके साथ-साथ प्रत्येक अतिथि का वैध पहचान पत्र देखकर सत्यापन करना भी आवश्यक होगा। एसडीएम ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अतिथियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी पुलिस अथवा प्रशासन को तुरंत उपलब्ध कराई जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं जन-सुरक्षा बनाए रखी जा सके। ये निर्देश जनहित, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। नियमों की अवहेलना करने वाले ठहराव स्थलों के संचालकों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी चुनाव में सहायक पंजीयक के फैसले पर पंजीयक ने लगाई रोक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट के प्रबंधन समिति के चुनाव में वार्ड नंबर दो की री-काउंटिंग के बाद सहायक पंजीयक द्वारा घोषित किए गए नए परिणाम पर पंजीयक सहकारी सभाएं ने रोक लगा दी है।

सहायक पंजीयक के फैसले को वार्ड नंबर दो से पहले विजयी घोषित किए गए सदस्य विनय शर्मा ने शिमला में पंजीयक सहकारी सभाएं के समक्ष अपने अधिवक्ता के माध्यम से चुनौती दी थी। पंजीयक ने 12 दिसंबर को सहायक पंजीयक के फैसले पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 24 फरवरी को तय की है। 17 अक्तूबर को हुए चुनाव में वार्ड नंबर दो में विनय शर्मा ने राज कुमार को दो मतों से हराकर विजयी घोषित किए गए थे। उस समय कुल 40 मत पड़े थे, जिनमें 21 विनय शर्मा और 19 राज कुमार के पक्ष में थे, कोई भी मत अवैध नहीं था। इसके बाद राज कुमार ने सहायक पंजीयक के समक्ष री-काउंटिंग के लिए आवेदन किया। 12 दिसंबर को हुई री-काउंटिंग में दस मत अवैध घोषित किए गए, जिसमें दो राज कुमार और आठ विनय शर्मा के मत शामिल थे।

इस हिसाब से राज कुमार को 17 और विनय शर्मा को 13 वैध मत मिले, जिसके आधार पर सहायक पंजीयक ने राज कुमार को विजयी घोषित किया। पंजीयक ने स्पष्ट किया कि री-काउंटिंग से पहले विनय शर्मा को अपील की कोई कॉपी नहीं दी गई और उन्हें सुनने का पर्याप्त अवसर भी नहीं मिला। साथ ही दस मत अवैध घोषित करने के पर्याप्त कारण रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए। इसलिए पंजीयक ने सहायक पंजीयक के फैसले पर रोक लगाई और सोसायटी को आदेश का अनुपालन करने की हिदायत दी।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री कल ऊना जिले के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 3 जनवरी को ऊना जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे ठठल में यूको बैंक शाखा (पुनर्निर्मित परिसर) का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत दोपहर 2.10 बजे मुकेश अग्निहोत्री श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत बेहड़ जस्वां में बहु-ग्राम पाइपलाइन जलापूर्ति योजना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा।

### तलवारबाजी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी सादिया

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** तलवारबाजी की जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फॉयल स्पर्धा में अंबोटा की सादिया बेगम ने स्वर्ण पदक जीता है। सादिया बेगम अब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। सादिया बेगम की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने सादिया को 31 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया है। हाल ही में मैंडी में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में सादिया बेगम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और फाइनल मुकाबले में भी अपनी प्रतिद्वंदी को रोचक मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सादिया बेगम अब उड़ीसा में होने वाली तलवारबाजी की जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। सादिया ने बताया कि नेशनल प्रतियोगिता के लिए उसकी तैयारी पूरी है। उसे पूरी उम्मीद है कि इस प्रतियोगिता में भी वह मेडल अपने नाम करेगी। सोमवार को पूर्व विधायक राजेश ठाकुर की टीम ने सादिया के घर पहुंच कर जहां पूर्व विधायक का बधाई संदेश दिया। वहीं, उसे राजेश ठाकुर की ओर से 3100 रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया।

### रोवर-रेंजर्स ने प्री-रिपब्लिक डे कैंप में लिया भाग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की रोवर-रेंजर इकाई के 12 रोवर एवं रेंजर्स ने राज्य स्तरीय प्री रिपब्लिक डे कैंप में भाग लिया। यह शिविर शिमला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य प्रशिक्षण केंद्र, रिवालसर में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को मार्च पास्ट, ड्रिल तथा स्काउटिंग की विभिन्न बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस कैंप में महाविद्यालय के रोवर गौरव, सोनू, शहबाज, कृष, टिंकू, ललित, कृष पटियाल तथा रेंजर तमन्ना, काजल, वंशिका, गुरविंदर और आरिश ने भाग लिया। जो विद्यार्थी इस परीक्षण में सफल होंगे, वे शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस ने बताया कि यह कैंप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता को निखारने में सहायक सिद्ध होता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनकी उपलब्धि की सराहना की।उल्लेखनीय है कि यह राज्य स्तरीय प्री रिपब्लिक डे कैंप 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र, रिवालसर में आयोजित किया गया।

### हेलमेट और सीट बेल्ट की अहमियत बताई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज (वीरवार) हिमाचल प्रदेश डिफेंस अकादमी, ऊना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अशोक कुमार ने की। इस अवसर पर अकादमी के सेवानिवृत्त कर्नल डी.पी. वशिष्ठ, कर्नल कुलदीप सिंह, कैप्टन विजय शंकर शर्मा, प्रशिक्षण स्टाफ और 88 प्रशिक्षुओं (62 छात्र, 26 छात्राएं) को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। अशोक कुमार ने प्रशिक्षुओं को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। जिला ऊना में उपायुक्त और जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के मार्गदर्शन में अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय निकाय विभागों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# निशा प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने निशा भुल्लर की प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस नियुक्ति के बाद कुटलैहड़ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। दविंदर भुट्टो ने कहा कि निशा लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं और उनकी सक्रियता, निष्ठा व समाजसेवा की भावना को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

निशा भुल्लर ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक सतपाल सत्ती, जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास और पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह भुट्टो सहित समस्त प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा के माध्यम से वे समाज के पिछड़े वर्गों को संगठन से जोड़ेंगी और उनकी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगी। निशा ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

कुटलैहड़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, महिला नेत्री संतोष सैनी, पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक कृष्ण पाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा ठाकुर समेत अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी नियुक्ति ओबीसी मोर्चा की गतिविधियों को नई दिशा और गति देगी। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि निशा भुल्लर संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी और कुटलैहड़ में पार्टी को और मजबूत बनाएंगी।

### सिस इंडिया लिमिटेड में भरे जाएंगे 120 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 120 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 5 जनवरी को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना, 6 जनवरी को रोजगार उपकार्यालय अंब और 7 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 17,500 से 23 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक महीने की ट्रेनिंग के उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति एटीएम, अस्पतालों, औद्योगिक क्षेत्र, मॉल सहित अन्य संस्थानों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा।

# विवेक शर्मा ने सामाजिक एकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


लठियानी उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देते क्लब के सदस्य।

उपमंडल बंगाणा के लठियानी में आयोजित लठियानी उत्सव में विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजनकर्ता शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी के सदस्यों ने उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया।

उत्सव में ग्रामीणों, युवाओं और गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना। अपने संबोधन में विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि लठियानी उत्सव जैसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन के लिए क्लब की सराहना करते हुए इसे समाजहित में निरंतर योगदान देने वाला बताया। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और हमारे सुरक्षित जीवन के पीछे सैनिकों का अहम योगदान है। ऐसे मंचों से नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम के दौरान मंच से विधायक को भी आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेल, संस्कृति तथा सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं और समाज के लिए घातक है, जबकि सकारात्मक गतिविधियों से ऊर्जा सही दिशा में लगती है। लाठियानी उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा भी देखने को मिली। आमंत्रित गायकों और कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज में सौहार्द, संस्कृति संरक्षण और सकारात्मक संदेश देना है। विधायक विवेक शर्मा ने आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भविष्य में भी वे ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ।

**परेशानी** सरकारी अभियानों के बावजूद कॉलेज परिसर के आसपास दिख रहा नशे का असर

# कॉलेज के छात्र नशे की चपेट में, लोगों में चिंता

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जा सके और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से बचाया जा सके। सरकार और पुलिस प्रशासन के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह भी है कि नशा अब प्रदेश के गांव-गांव, गली-गली और घर-घर तक अपनी पैठ बना चुका है।

पुलिस प्रशासन द्वारा रोजाना नशे के छोटे सौदागरों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे के बड़े नेटवर्क और मुख्य सप्लायर अब भी प्रशासन की पकड़ से दूर नजर आते हैं। मामला युवाओं से जुड़ा है और चिंता का विषय यह है कि बंगाणा कॉलेज के समीप कुछ छात्र भी नशे की गिरफ्त में आते दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में कॉलेज के आसपास का एक मामला सामने आया, जिसमें दो युवक नशे की हालत में


बंगाणा कॉलेज के समीप बाइक पर सवार होते संदिग्ध छात्र

कॉलेज के समीप झाड़ियों और नालियों के पास लड़खड़ाते हुए देखे गए। इसमें एक छात्र इसी कॉलेज का छात्र बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जब युवकों से बातचीत करने का प्रयास किया, तो एक युवक ने तुरंत अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट की और दूसरे युवक, जो बंगाणा कॉलेज का छात्र बताया जा रहा है। उसको मोटरसाइकिल पर बैठाकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दूसरे युवक की हालत ऐसी थी कि उसके हाथ-पैर ठीक से काम नहीं कर रहे थे। स्थानीय व्यक्ति द्वारा तत्काल पुलिस विभाग को सूचना दी गई और मोटरसाइकिल का नंबर भी नोट करवाया गया। युवकों के परिजनों तक पहुंचने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इससे क्षेत्र में और अधिक चिंता का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलेज के आसपास अक्सर युवाओं का जमावड़ा देखा जाता है, जो नशा विरोधी अभियानों को खुलेआम चुनौती देता नजर आता है। इससे न केवल कॉलेज का माहौल प्रभावित हो रहा है, बल्कि आने-जाने वाले छात्रों और स्थानीय लोगों में भी असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### कार्रवाई और जागरूकता की मांग

**स्थानीय** लोगों व अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलेज परिसरों और उनके आसपास गश्त बढ़ाई जाए, नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की जाए और छात्रों के लिए नियमित काउंसलिंग व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि युवाओं को समय रहते इस दलदल से बाहर निकाला जा सके।

# नव वर्ष पर बंगाणा बाजार में पूर्व विधायक भुट्टो ने बांटा हलवा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



नव वर्ष 2026 के पावन अवसर पर बंगाणा, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बंगाणा बाजार में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता के साथ खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर उन्होंने बाजार में आए लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को सूजी का हलवा वितरित किया तथा सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि नव वर्ष का आगमन नई उम्मीदों, नए संकल्पों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ होता है। उन्होंने कामना की कि वर्ष 2026 कुटलैहड़ क्षेत्र वासियों सहित पूरे देश के लिए सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और समाज में सौहार्द का वातावरण बनाते हैं। बंगाणा बाजार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्थानीय व्यापारियों व नागरिकों ने पूर्व विधायक के हर वर्ष के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण व श्रद्धा से भरा रहा। भुट्टो ने सनातन धर्म पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल एक पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्ग है, जो सत्य, अहिंसा, सेवा और सहिष्णुता का संदेश देता है। आज के समय में युवाओं को अपनी संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने की आवश्यकता है, ताकि समाज में नैतिकता और एकता बनी रहे। भुट्टो ने कहा कि सनातन परंपराएं हमें प्रकृति, समाज और मानवता के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराती हैं। नव वर्ष जैसे अवसरों पर सेवा व दान के कार्य करने से आत्मिक शांति मिलती है और समाज में सकारात्मक सोच का प्रसार होता है।

# मनाली के पर्यटन स्थलों में बर्फ के फाहों से नए साल का आगाज

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/केलांग/मनाली**

हिमाचल प्रदेश के मशहूर पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे सहित ऊंची चोटियों में पहाड़ों हिमपात के साथ नए साल की शुरुआत हुई है।

बुधवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रोहतांग दर्रे सहित शिंकुला, कोकसर, अटल टनल और समस्त ऊंची चोटियों पर हिमपात का क्रम शुरू हुआ जो वीरवार को भी जारी रहा। हिमपात के कारण बुधवार से रोहतांग व शिंकुला दर्रे के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी है। वीरवार को बर्फ के दीदार करने कोकसर गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। नया साल मनाने पहुंचे पर्यटकों ने यहां हिमपात का आनंद लिया। रोहतांग व शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में पर सात इंच फीट से अधिक, जांस्कर- समदो में चार इंच, कोकसर में तीन इंच व अटल टनल में दो इंच जबकि सोलंग नाला में एक इंच हिमपात हुआ। फोर बाई फोर वाहन कोकसर से आगे पहुंच गए जबकि सामान्य वाहन में पर्यटक अटल टनल व सिस्सु पहुंचे। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों में खूब मस्ती की ओर फोटोग्राफी सहित बर्फ की खेलों का आनंद लिया। दूसरी ओर माल रोड मनाली में बर्फ के फाहों की उम्मीद लिए हजारों पर्यटकों ने मनाली में डेरा डाला हुआ है। नव वर्ष का जश्न मनाकर कुछ एक पर्यटकों ने वापसी की राह पकड़ी है जबकि अधिकतर पर्यटक अभी मनाली ही रुके हुए है। मौसम विभाग ने भी हिमपात होने की बात कही है। हालांकि अभी बर्फ के फाहे ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक ही सीमित है लेकिन उम्मीद है कि देर शाम तक घाटी में भी हिमपात होगा। फोटोग्राफर यूनियन के अध्यक्ष दुर्गा दत्त ने बताया कि पर्यटन स्थलों में बिछ रही बर्फ की परत से पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि भारी हिमपात होने की सूरत में जनवरी महीने में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि हिमपात को देखते हुए रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि दर्रे में पर्यटकों की आवाजाही मौसम की परिस्थितियों पर ही निर्भर रहेगी।




हिमाचल प्रदेश के मशहूर पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे सहित ऊंची चोटियों पर हिमपात के साथ नए साल की शुरुआत हुई है।

> **वहीं,** एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला का कहना है कि लाहौल-स्पीति पुलिस लगातार सैलानियों से आग्रह कर रही है और पूरी घाटी में भी गश्त की जा रही है, अगर कोई सैलानी नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लाहौल में बर्फबारी के बीच सैलानियों का हुडदंग

**जिला** कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली से होते हुए सैलानी बर्फ का मजा लेने के लिए अटल टनल से लाहौल घाटी का भी रुख कर रहे हैं। ऐसे में 1 जनवरी को भी सैलानियों को बर्फ के बीच मस्ती करने का मौका मिला। ऐसे में लाहौल स्पीति पुलिस भी लगातार घाटी में गश्त कर रही है और सैलानियों से आग्रह कर रही है कि वह शांति से यहां पर जश्न मनाएं। लेकिन उसके बावजूद भी कुछ सैलानी यहां हुड़दंग मचाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। लाहौल घाटी में सैलानियों के द्वारा हुड़दंग मचाने का एक और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इसमें सैलानी कपड़े उतार कर हुक्का पी रहे हैं और हाथ में शराब की बोतल लेकर भी नाच रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी लाहौल स्पीति पुलिस से आग्रह किया है कि ऐसे हुडदंगियों पर कार्रवाई करें। ताकि घाटी में शांति बनी रह सके। इससे पहले भी मंडी जिला के थलोट में सैलानियों के द्वारा कपड़े उतार कर गाड़ी के बोनट पर बैठकर शराब पीने का वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर संज्ञान लेते हुए मंडी पुलिस ने सैलानियों का चालान भी काटा था।

# जन्मदिन व नववर्ष की खुशियां मातम में बदलीं

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू में नववर्ष पर चार युवाओं के लिए खुशियों से भरी एक रात जश्न मनाने के बाद, कुछ ही पलों में जिंदगी का सबसे दर्दनाक अध्याय बन गई।

नववर्ष के साथ-साथ जन्मदिन का जश्न मनाने के बाद वापस घर लौट रहे इन चारों युवाओं को क्या पता था कि यह जश्न इनकी जिंदगी का आखिरी जश्न होगा। इन चार युवा व युवतियों में एक युवक टैटू आर्टिस्ट सतपाल निवासी कुल्लू है। 31 दिसंबर को सतपाल का जन्मदिन था और इसी खुशी में वह अपनी तीन महिला मित्रों के साथ कसोल गया था। लौटते समय उनकी कार भूतनाथ के पास पहले सड़क किनारे बने पैरापिट से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के नीचे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस व स्थानीय लोगों ने कार में फंसे चारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन की सांसे थम चुकी थीं। सतपाल पेशे से टैटू आर्टिस्ट था और कुल्लू के अखाड़ा बाजार में उसकी दुकान थी। अपनी कला और व्यवहार के कारण वह युवाओं में खासा लोकप्रिय था। जन्मदिन के दिन उसकी असमय मौत ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे इलाके को गहरे शोक में डुबो दिया है। यह हादसा एक बार फिर रात के समय तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की याद दिला गया है।

अनंत ज्ञान साइड स्टोरी

## तीनों लड़कियां महज 20 साल की, युवक 25 साल का

**नया** साल यानी 2026 बहुत ही दुखद सड़क हादसे के साथ शुरू हुआ, जहां पर 4 युवाओं की जान चली गई। जिला कुल्लू में हुए भयावह हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना में चार युवाओं की मौत हो गई, जिनमें तीन युवतियां और एक युवक शामिल हैं। सभी मृतकों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मृतकों के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। चारों मृतकों में तीन जहां कुल्लू से हैं जबकि एक लड़की लाहौल की है।

## कसोल से लौट रहे युवाओं की कार भूतनाथ के पास हादसे का शिकार

# न्यूज ब्रीफ

## उचित मूल्य की दुकानों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिला कुल्लू के विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत मलाणा (मलाणा सोरा बेहड़ वार्ड नंबर-2) और मलाणा, धारा बेहड़ वार्ड नंबर-5 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान के पुनः आवंटन किया जाना है। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, शिव राम ने बताया कि वर्तमान उचित मूल्य दुकान धारकों बुद्ध राम व चमन लाल द्वारा दुकान के कार्य से त्यागपत्र दिए जाने के उपरांत उक्त दुकान को पुनः आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए पात्र संस्थाओं व व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन 28 जनवरी, तक किए जा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति/ संस्थाएं ऑनलाइन हिमाचल पोर्टल httpsN//emerginghimachal.hp.gov.in पर कर भी सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम में सार्वजनिक संस्थाएं जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं एवं महिला मंडल शामिल हैं। इसके पश्चात एकल नारी, दिव्यांगजन तथा शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। तृतीय प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को दी गई है। आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र व दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा। बिना पूर्ण दस्तावेजों के आवेदन स्वतः निरस्त माने जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## 3 जनवरी को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान भुंतर।** सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल, एचपीएसईबीएल भुंतर अमन कुमार ने जानकार दी कि 11 केवी भुंतर फीडर में उच्च ताप लाइनों के आसपास पेड़ों के काटने व सामान्य रख-रखाव से संबंधित कार्य के कारण इस फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव तेगुबेहड़, सेरीबेहड़, एचपीएम सी शुरड़, जमोट, अप्पर मौहल, पंडितबेहड़, विष्टबेहड़, गढ़ोरी और आस-पास के इलाकों में दिनांक 3/जनवरी सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## यात्री सुविधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन से मिली सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू-मनाली हवाई अड्डा ने एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा कराए गए कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे -2025 में अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। एएआई द्वारा आयोजित इस सर्वे में यात्रियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं, स्टाफ का व्यवहार, टर्मिनल प्रबंधन तथा समग्र यात्रा अनुभव जैसे प्रमुख मानकों पर मूल्यांकन किया गया। इस सभी मापदंडों पर कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण एवं गैर-मेट्रो हवाई अड्डा होने के बावजूद, उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने, यात्रियों को त्वरित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तथा सभी हितधारकों के प्रभावी समन्वय के कारण यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इस अवसर पर विमानपत्तन निदेशक भुंतर सिद्धार्थ कुमार कदंब ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हवाई अड्डे पर कार्यरत समस्त स्टाफ, एयरलाइंस, सुरक्षा एजेंसियों, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों एवं कंसेशनधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना एएआई की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मान न केवल अब तक किए गए प्रयासों की पुष्टि करता है, बल्कि भविष्य में और बेहतर सेवाएं एवं सुविधाएं विकसित करने के लिए भी प्रेरित करता है।

## मोतियाबिंद सर्जरी के लिए तैयार होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने वीरवार को मोतियाबिंद मुक्त भारत के अन्तर्गत की एक बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने बताया कि जिला मोतियाबिंद मुक्त भारत के अंतर्गत मोतियाबिंद से होने वाली अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग के उपरांत चिन्हित वरिष्ठ नागरिकों की सर्जरी कर के उत्तम किस्म के आंखों के लेंस लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए वे मोतियाबिंद से होने वाली अंधता के रोगियों सर्जरी का कार्यक्रम तैयार करें तथा इसके उचित कार्यान्वयन के लिए, संबंधित अधिकारियों के समन्वय से सर्जरी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सर्जरी के कार्यक्रम के दौरान तथा सर्जरी के उपरांत भी फॉलोअप सहित प्रत्येक आवश्यक सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं। बैठक का संचालन करते हुए जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कल्याण विभाग द्वारा जिला में गैर सरकारी संगठन ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से मोतियाबिंद से होने वाली अंधता की पहचान के लिए स्क्रीनिंग शिविरों आयोजन कर जिनमें मोतियाबिंद से पीड़ित 19 वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की गई है और मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के विवरण की पूर्ण सूची तैयार की गई है, जिनकी मोतियाबिंद की सर्जरी चरणबद्ध रूप से की जाएगी। इसके अंतर्गत वर्तमान में 12 मोतियाबिंद के रोगियों की सर्जरी के लिए धन की स्वीकृति मिल चुकी है।

## शिक्षा व लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व समझाया

**अनंत ज्ञान, बंजार।** नए वर्ष के शुभ अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल करते हुए उपमंडलाधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जिभी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के पुस्तकालय के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पुस्तकों की व्यवस्था करवाई, जिससे विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मार्गदर्शन मिल सके। पंकज शर्मा ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को स्कूल स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की समझ होना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में उपलब्ध करवाई गई पुस्तकें विद्यार्थियों को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के मार्गदर्शन प्रदान करेंगी और उन्हें दूर-दराज के कोचिंग संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उपमंडलाधिकारी ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनके शैक्षणिक लक्ष्यों, भविष्य की योजनाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में रुचि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्त्व समझाया। साथ ही, पंकज शर्मा ने विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता की जांच की और स्वयं भोजन ग्रहण कर संतोष व्यक्त किया। नए साल पर की गई यह पहल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बनी है। इससे न केवल विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होगा, बल्कि छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकेंगे।

# बंजार-बठाहड़ सड़क पर खतरे का कारण बना कैंची मोड़

**अनंत ज्ञान तीर्थन**



बंजार की तीर्थन घाटी के बंजार बठाहड़ सड़क मार्ग पर स्थित कैंची मोड़ के समीप हुए भारी भूस्खलन के बाद सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

भूस्खलन के कारण सड़क को भारी क्षति पहुंची है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को रोजाना गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार कैंची मोड़ के पास सड़क पर पानी की उचित निकासी व्यवस्था न होने से पूरा मार्ग जलभराव की चपेट में है। सड़क पर लगातार पानी बहने के कारण फिसलन बढ़ गई है और भारी वाहन तक सुरक्षित रूप से चढ़ नहीं पा रहे हैं। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह से स्लिप ज़ोन में तब्दील हो चुकी है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग सड़क में पानी निकासी के लिए पहले से बने कलवट खोलने नहीं दे रहे है, जिस कारण समस्या विकारल होती जा रही है। स्थानीय लोग समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवा चुके है। गत दिनों बठाहड़ में हुए प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के दौरान भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा था, लेकिन धरातल स्तर पर इस कार्य में अब तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

इससे क्षेत्रवासियों में रोष के साथ-साथ भय का माहौल भी बना हुआ है।तीर्थन घाटी की इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रधान ग्राम पंचायत शिल्ली शेतू देवी तथा प्रधान ग्राम पंचायत तुंग, घनश्याम ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से उप-मंडल अधिकारी बंजार एवं लोक निर्माण विभाग बंजार को भी एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सड़क की शीघ्र मरम्मत, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि इसी सड़क से होकर गॉड वैली बस प्रतिदिन सुबह लगभग 9 बजे बठाहड़ से बंजार आती है। सड़क की खराब स्थिति के कारण धूल और पानी के छींटों से स्कूली बच्चों के कपड़े पूरी तरह गंदे हो जाते हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों को काफी असुविधा झेलनी पड़ती है। इस विषय पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम बंजार ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बंजार को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सड़क को जल्द मरम्मत कर वाहनों के आवागमन के लिए सुरक्षित बनाया जा सके और किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। लोक निर्माण विभाग बंजार मंडल के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने बताया कि बठाहड़ सड़क के कैंची मोड़ पर कार्य प्रगति पर है, पानी निकासी के लिए पाइप उपलब्ध होने पर समस्या को हल किया जाएगा। इन्होने बताया कि जो लोग पुरानी कलवट को खोलने में रुकावट डाल रहे है, उन पर कानून के अनुसार कार्रवई अमल में लाई जाएगी।

# अधीक्षकों को ग्रेड वन व स्थापना अधिकारियों को नए साल पर पदोन्नति का तोहफा : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग अधीक्षकों को ग्रेड वन और स्थापना अधिकारियों को नए साल पर नियमित पदोन्नति का तोहफा दिया है। हिमाचल प्रदेश अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटेड क्लास वन) अधिकारी संघ ने उच्च शिक्षा विभाग में 50 अधीक्षक ग्रेड टू को अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटेड क्लास वन) अधिकारी और तीन अधीक्षकों ग्रेड वन को स्थापना अधिकारी (गैजेटिड क्लास वन) के पद पर नियमित रूप से पदोन्नत करने पर प्रसन्नता जाहिर की है और सरकार का आभार जताया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, महासचिव कश्मीर ठाकुर, संगठन सचिव मिलाप चंद, उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, अशरफ अली, कामराज, जिला बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक शर्मा, हमीरपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रीतम शर्मा, उपाध्यक्ष (महिला विंग) शशि शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटेड क्लास वन) अधिकारी संघ लंबे अरसे से अधीक्षकों ग्रेड वन और स्थापना अधिकारियों के करीब 60 रिक्त पदों पर पदोन्नति अधिसूचना जारी करने की मांग कर रहा था। जिसे प्रदेश सरकार ने अब पूरा किया है। उन्होंने सभी नव पदोन्नत अधीक्षकों ग्रेड वन और स्थापना अधिकारियों को नये साल का पदोन्नति का तोहफा मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे अनेक गैर शिक्षक कर्मचारी और अधिकारी लाभान्वित हुये हैं। अधीक्षक ग्रेड वन गैजेटेड क्लास वन अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने अधीक्षक ग्रेड वन और स्थापना अधिकारियों की पदोन्नति अधिसूचना जारी करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर, प्रधान सचिव (शिक्षा) राकेश कंवर, निदेशक उच्चत्तर शिक्षा डॉ. अमरजीत शर्मा और निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली का आभार जताया है।

# पांच माह बाद वृद्धा आश्रम से पिता को घर ले गया बेटा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पांच महीने बाद पुत्र का दिल पसीजा और पिता को वृद्धा आश्रम से बेटा अपने घर ले गया। तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर कर्मवीर राड़ोली गांव के धीली राम को 19 जुलाई 2025 को मनाली के सहारा वृद्धा आश्रम क्लॉथ छोड़ गए थे। पांच छह महीने के बाद पुत्र की दिल पसीज उठा और वह अपने पिता को लेने मनाली पहुंच गया। सहारा वृद्धा आश्रम क्लॉथ की संचालिका अनिता ने बताया कि उनके वृद्धा आश्रम में 19 जुलाई को अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा धीली राम पुत्र शोडी राम निवासी राड़ोली रामपुर जिला शिमला निवासी का प्रवेश करवाया गया। तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर कर्मवीर ने यह कहकर बुजुर्ग को आश्रम में छोड़ा कि बुजुर्ग का बेटा इनकी अच्छे से देखभाल नहीं कर रहा था। गत 30 दिसंबर को उनका बेटा सागर दास आश्रम में आया और अपने पिता को साथ ले जाने की बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायत शालीन के उपप्रधान के साथ मिलकर पुत्र की काउंसलिंग की। सब सामान्य पाए जाने के बाद आश्रम ने पिता को बेटे सागर दास को सौंपा।

# मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने पतलीकूहल में 'दवा इंडिया जेनेरिक फार्मेसी' का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



घाटी के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी राहत देते हुए पतलीकूहल में 'दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी' के शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस नए स्टोर के खुलने से अब स्थानीय जनता को उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी। यह स्टोर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक जनता की सेवा के लिए खुला रहेगा।

स्टोर का औपचारिक उद्घाटन महिला कांग्रेस मनाली की अध्यक्ष आलमी ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जेनेरिक दवाओं के इस शोरूम के खुलने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर दवाइयों का आर्थिक बोझ कम होगा। उन्होंने बताया कि यहां दवाइयों पर 60 फीसदी से 70 फीसदी तक की भारी छूट दी जा रही है, जो आम जनता के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आलमी ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके विजन और मेहनत की बदौलत ही आज पतलीकुहल सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में घाटी की जनता को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

# मयाड़ घाटी के चंगुट गांव में किया चारा वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा है कि इस वर्ष बाढ़ के कारण मयाड़ घाटी अत्यधिक प्रभावित हुई।

इसमें चंगुट गांव भी शामिल था। ग्रामवासियों के दौरे के दौरान पशुओं के लिए चारे की मांग की गई थी, जिसे तत्काल पूरा करते हुए सहयोगी बीडीसी उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बोध व अन्य साथियों ने गांव में चारा वितरित कर दिया। इस सहयोग के लिए ग्रामीणों ने सभी का आभार जताया है। इसके अतिरिक्त, चंगुट, उड़गोस एवं धोन्धल नालों पर पुलों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा बजट का प्रावधान कर लिया गया है। कार्य इस सीजन में प्रारम्भ हो जाएगा। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

# शाह फाट के जंगल में शरारती तत्वों ने लगाई आग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की मनाली विधानसभा के तहत आने वाले शाह फाट के जंगलों में बुधवार रात अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने का मामला सामने आया है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे जंगल की वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की लपटें रिहाइशी इलाकों और सेब के बगीचों की ओर बढ़ती देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, जैसे ही आग की सूचना मिली, स्थानीय ग्रामीण तुरंत हरकत में आए। अपनी मेहनत से तैयार किए गए फलों के बगीचों को बचाने के लिए ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर रात भर आग बुझाने का कार्य किया। कड़ाके की ठंड व अंधेरे के बावजूद ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और सुबह छह बजे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। यदि ग्रामीण समय पर मोर्चा न संभालते, तो करोड़ों रुपए की बागवानी संपत्ति जलकर राख हो सकती थी।



शाह फाट के जंगल में लगी आग, ग्रामीणों ने रात भर जागकर बचाए अपने बगीचे।

## वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**स्थानीय** निवासियों में वन विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि शाह फाट के इस जंगल में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं, लेकिन इसके बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग आगजनी की घटनाओं को रोकने या इन पर काबू पाने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाता, जिसके कारण हर वर्ष बहुमूल्य वन संपदा नष्ट हो रही है।

## इन युवाओं और ग्रामीणों ने पेश की मिसाल

**इस** साहसिक कार्य में मोहर सिंह, पदम सिंह, सुदर्शन, भूपेंद्र व महिंद्र पाल ने अहम भूमिका निभाई। उनके साथ प्रेम, सुरेंद्र, विक्की, शुभम, इशांत व नर सिंह ने भी पूरी रात लगन के साथ आग बुझाने में अपना योगदान दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आग लगाने वाले अज्ञात दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

**परेशानी** पार्क में पहुंच रहे आवारा पशु, लाखों रुपए खर्च करके वर्षों बाद भी हालत में नहीं सुधार

# बदहाली का शिकार हुआ रामबाग पार्क, नप बना मूकदर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

चारों तरफ उगी घास, टूटे झूले, खस्ताहाल जालियां, बैठने की व्यवस्था नहीं यह तस्वीर कई महीनों से कुल्लू शहर के आखाड़ा बाजार में स्थित रामबाग की है। हैरानी वाली बात तो यह है कि यह पार्क सड़क मार्ग के साथ बिलकुल नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित है, फिर भी यहां की बदहाली शायद नगर परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों को दिखाई नहीं पड़ रही है।

वर्षों पहले इस पार्क को मॉडल पार्क का रूप देने के कार्य अमृत योजना के तहत शुरू किया गया था, लेकिन मॉडल बनते बनते यह पार्क शायद अपना मूल अस्तित्व ही भूल गया। अब आलम यह है कि इस पार्क में उगी घास में बच्चे खेलते नहीं बल्कि आवारा पशु घास चरते ज्यादा नजर आते हैं। न ही इस पार्क में घास में पनपे मच्छरों के कारण बुजुर्ग या आस-पास के लोग अपना सुबह व शाम का समय व्यतीत करने बैठ सकते हैं। बच्चों को खेलने के लिए लगाए गए झूले तो कब के यहां से टूट कर गायब हो चुके हैं, पार्क के चारों तरफ लगाए गए लोहे के जालें भी टूट कर गिरे पड़े हैं, इतना ही नहीं यहां बिजली की व्यवस्था न होने के कारण शाम होते ही पार्क में घुप अंधेरा छा जाता है, लेकिन फिर भी नप पूरी तरह से मूक दर्शक बना हुआ है। रामबाग पार्क को मॉडल पार्क बनाने की दिशा में यहां शहीदों के सम्मान में उनकी प्रतिमाओं को स्थापित किया जाना था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है। आखाड़ा वासियों की माने, तो मॉडल पार्क बनने से पहले ही पार्क बच्चों के खेलने के लिए अच्छा था। बच्चे यहां दौड़ लगाते थे, साईकिल चलाते थे व क्रिकेट का आनंद उठाते थे, लेकिन अब पार्क मात्र शोपीस बन कर यूं का त्यों रह गया है। रही सही कसर नगर परिषद की अनदेखी ने पूरी कर दी है।

शहर के निवासी राम देव, नानक, सूरत, दिपेश, आकाश, तिलक, आरव आदि ने नगर परिषद से मांग की है कि इस पार्क की सुध ली जाए व झूलों को दुरूस्त करवाकर इसे बच्चों के खेलने के लायक बनाया जाए। उनका कहना है कि पार्क दुरूस्त न होने के कारण बच्चें सड़कों पर खेल रहे हैं ऐसे में अगर कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेवार नगर परिषद होगा।





बदहाली का शिकार हुआ रामबाग पार्क।

अनंत ज्ञान मुद्दा

> **रामबाग** पार्क की स्थिति मेरे ध्यान में है। जल्द से जल्द यहां उगे घास को कटवाया जाएगा व झूलों को भी दुरुस्त करवाया जाएगा। हर प्रकार से पार्क की स्थिति ठीक करने की कोशिश की जाएगी।
>
> **गोपाल कृष्ण महंत, अध्यक्ष नप कुल्लू।**

# रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में 15 विख्यात कलाकारों की कला प्रदर्शनी का आगाज

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** नए वर्ष के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट, नग्गर में कला और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। 'इनसाइट आर्ट ग्रुप' की ओर से दिल्ली के प्रसिद्ध क्यूरेटर सिकंदर जांगड़ा के मार्गदर्शन में एक भव्य कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में देश के 15 नामी कलाकारों की चुनिंदा कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

प्रदर्शनी में एक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग और जलरंग (वॉटर कलर) के माध्यम से लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार पृथ्वी सोनी ने भारतीय ग्रामीण जीवन, भगवान कृष्ण के मनमोहक स्वरूपों और महिलाओं की विभिन्न दशाओं को कैनवास पर जीवंत किया है। वहीं, दिल्ली की ऋतु मनचंदा ने प्रकृति के अनूठे रूपों को दर्शाया है। प्रदर्शनी में इबरार अहमद, साधना संगर, तमन्ना राजपूत, प्रशांत, हर्षिता, सत्यप्रकाश, कमल किशोर, मोनिका देवी, सुरजीत सिंह, अमन, करण, मधुसूदन और सारा खान जैसे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रकृति, वन्य जीवन, ऐतिहासिक इमारतों और कृष्ण लीला पर आधारित कलाकृतियां पेश की हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नए वर्ष का स्वागत

**इस** अवसर पर केवल कला ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिले। नए साल के स्वागत में ट्रस्ट के कर्मचारियों, कलाकारों और पर्यटकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। क्यूरेटर सिकंदर जांगड़ा ने इस सफल आयोजन के लिए रौरिक ट्रस्ट की निदेशक एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश और प्रबंधन वर्ग का आभार व्यक्त किया। भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने कहा कि उपायुक्त महोदया के निर्देशन में रौरिक आर्ट गैलरी नए कलाकारों को एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रही है, जो इस गैलरी की शोभा बढ़ाता है। यह प्रदर्शनी पर्यटकों और कला प्रेमियों के लिए 4 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चार को नाहन में आयोजित होगा किसान मेला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) द्वारा आगामी 4 जनवरी को एसएफडीए हॉल नाहन में किसान मेला आयोजित किया जाएगा। कृषि अधिकारी खंड परियोजना प्रबंधन इकाई नाहन डॉ. ऋषभ ने बताया कि इस किसान मेले में जिला सिरमौर, सोलन तथा शिमला के कुपवी व नेरवा के लाभार्थी किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी व कृषि विशेषज्ञों के साथ विशेष संवाद भी किया जाएगा।

### सकोड़ी स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल की तलहटी में स्थित पीएम श्री हाई स्कूल सकोड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाज सेवी पंकज ठाकुर मुख्यातिथि और पूर्व पंचायत प्रधान इंद्र सिंह वशिष्ठतिथि उपस्थित रहे। स्कूल मुख्याध्यापिका पूनम शर्मा ने स्कूल की शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधि और शिक्षा सहगामी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें शिक्षा में अव्वल रहने के साथ स्कूल के कई स्टूडेंट्स का खेल में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल में 117 बच्चे शिक्षरत हैं। इस साल का आठवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें ऋषिता प्रथम, किंजल दूसरे और अविका तीसरे स्थान पर रही। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिमाचली नाटी, हरियाणवी गीत, पंजाबी गिद्धा और नशे से दूर रहने की शिक्षा देने वाले नाटक का मंचन किया गया। स्कूल में शिक्षा, खेल सहित विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्कूल के पांच सदनों में कल्पना चावला सदन प्रथम रहा। स्कूल एसएमसी, अभिभावकों, स्कूल स्टॉफ और स्थानीय लोगों ने स्कूल मुख्याध्यापिका पूनम शर्मा की प्रधानाचार्य बतौर पदोन्नति होने पर नागरिक सम्मान दिया। अभिभावकों ने स्कूल में उनकी उपलब्धियों और प्रगति के लिए सराहना की।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक व क्षेत्रीय अध्ययन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पीएम श्री उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कंडाघाट के विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण और अध्ययन किया। इसमें स्कूल के नौवीं और दसवीं कक्षा के 95 विद्यार्थियों ने चटबीर चिड़ियाघर व पिंजौर गार्डन का भ्रमण किया। जमा एक व दो के 68 विद्यार्थियों ने अमृतसर जाकर स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग और साइंस सिटी कपूरथला का अध्ययन किया। इसके साथ छठी से आठवीं कक्षा के 48 विद्यार्थियों ने चौकी ढाणी राजस्थानी थीम विलेज का क्षेत्रीय अध्ययन किया। इस बारे स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या और एसएमसी अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर और स्कूल शिक्षकों ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक व अध्ययन की दृष्टि से बहुत ही उपयोगी रहा है।

### बिलासपुर की डॉ. अर्ची बनी चायल प्रिंसेस

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी चायल व आसपास के स्थानों पर नव वर्ष मनाने के लिए देश के कई राज्यों से पर्यटक पहुंचे। नव वर्ष पर सभी होटलों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिमाचल पर्यटन विकास निगम होटल द पैलेस चायल के विशेष कार्यक्रम में चायल प्रिंस, प्रिंसेस सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें बेस्ट चाइल्ड ब्वाय डांसर वयन और वंश, बेस्ट चाइल्ड गर्ल डांसर काव्य, वीरा अस्वी, बेस्ट सीनियर सिटीजन सर्वेंद्र सिंह सेखों, बेस्ट कपल रुद्रा, अनुश्री ने चयनित किए गए। इस मौके की सबसे विशेष प्रतियोगिता में बिलासपुर की डॉ. अर्ची चायल प्रिंसेस और नोएडा दिल्ली के निखिल चायल प्रिंस चुने गए।

### अटल स्मृति संगोष्ठी भावपूर्ण वातावरण में संपन्न

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय राजनीति के युगपुरुष, श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति को समर्पित अटल स्मृति संगोष्ठी का आयोजन ग्राम नवादा स्थित सुरेश सैनी के निवास पर अत्यंत गरिमामयी, अनुशासित एवं भावपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पांवटा साहिब के विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी तथा अटल स्मृति दिवस प्रभारी, पांवटा विधानसभा एवं प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा सुशील कडशोली विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि अटल ने राजनीति को सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा सभी का मन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में बीते एक सप्ताह से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशिष्ट आवासीय शिविर का सफल समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा-भाव, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था। समापन समारोह की अध्यक्षता जयप्रकाश चौहान ने की, जबकि अनिल पुंडीर विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. पंकज शर्मा ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्वच्छता, जड़ी-बूटी उद्यान निर्माण, योग साधना, सांस्कृतिक गतिविधियों और शैक्षणिक सत्र शामिल थे। समापन पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

### पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाएं बताई

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** वाकनाघाट पंचायत भवन में पूर्व सैनिक लीग की बैठक ब्लॉक इकाई अध्यक्ष नायक वेद प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पूर्व सैनिकों को सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। प्रदेश सैनिक कल्याण विभाग सोलन के कल्याण प्रबंधक बृजेश कुमार ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं, इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए दस्तावेज तैयार करने के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस दौरान पूर्व सैनिकों को उनके आवेदन पत्र में रहने वाली विसंगतियों की जानकारी दी और कई आवेदकों के आवेदन में रही कमियों को ठीक किया। उन्होंने सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्राओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पीएम श्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय, अर्की में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक उच्चतर शिक्षा शिमला, डॉ. जगदीश चंद नेगी रहे, जबकि विशेष अतिथि उप-जिला शिक्षा अधिकारी सोलन एवं डिप्टी डायरेक्टर भूपेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत शहीद कैप्टन विजयंत थापर की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करने, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम से हुई। प्रधानाचार्य विमल वर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया। मुख्यातिथि ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी और देश के हर क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, अभिभावक और स्थानीय समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

### माजरा में खुला 'खुशियों का बैंक'

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' के सौजन्य से माजरा क्षेत्र में खुशियों का बैंक की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक वस्तुएं और शिक्षा का सहयोग पहुंचाना है। खुशियों के इस बैंक में लोग अपने घरों में उपलब्ध गैर-जरूरी लेकिन उपयोगी सामान जैसे किताबें, कपड़े, जूते, बैग, बिस्तर, बेड, बर्तन आदि जमा करवा सकते हैं। संस्था द्वारा यह सारा सामान जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाता है, वहीं जरूरतमंद लोग स्वयं भी यहां आकर आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा प्रतिदिन शाम को निःशुल्क ट्यूशन कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं, जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य, योग, अध्यात्म, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। संस्था ने आसपास के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया है, जिनकी पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं को समाजसेवियों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। संस्था ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे तन, मन और धन से सहयोग कर इस मानवीय पहल में भागीदार बनें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद की जा सके।

### स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल के समीप भारती पब्लिक स्कूल मिहाणी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर चायल के उपप्रधान पंकज ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य अंजना वर्मा ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक, खेल, कला और अन्य उपलब्धियों को बताया। स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षा, खेल सहित अन्य गतिविधियों में चार ज्योति, वंश, वाणी, आयुषी, शिवांश, नव्या, नैना और दर्श सहित कई छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल का शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टॉफ, एसएमसी प्रतिनिधि, अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# राहत की बारिश, सूखी ठंड से मिली निजात

## मटर व लहसुन की फसल के लिए फायदेमंद, गेहूं बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


सोलन में बारिश होने से मिली सूखी ठंड से निजात।

**सोलन।** वर्ष 2026 के पहले दिन प्रदेश में करीब अढ़ाई महीने के लम्बे ड्राई स्पेल के बार वीरवार को जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों सूखी ठंड से निजात मिली है। हालांकि, गेहूं बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश जरूर है पर वे जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं।

सूखी ठंड से निजात मिलने से लोगों को खांसी, गला खराब और छाती जाम जैसी बीमारियों से निजात मिलेगी। वहीं किसान-बागवानों को अभी भी अच्छी बारिश और बर्फ़बारी की उम्मीद है। अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौध लगाने की आसानी होगी। लंबे अंतराल बाद बारिश से आमजन को भी शुष्क ठंड से राहत मिली है साथ ही गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों के लिए भी बारिश संजीवनी साबित होगी। हालांकि गैर सिंचाई वाले क्षेत्रों में अब गेंहू की बिजाई फायदेमंद नहीं है पर किसान कम अवधि में तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी, पशु चारा और पत्तेदार सब्जियों की बिजाई कर सकते हैं। लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट आई वहीं मौसम का मिजाज बिगड़ने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है। जिला के कसौली और चायल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ़बारी होने की स्थिति से यहां पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हो चुका है उसकी भरपाई नहीं हो होगी पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फलदार पौधों के लिए फायदेमंद है।

### सूखे से गेहूं की फसल को हुआ नुकसान

**पिछले** तीन माह में सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। जिला में अब तक 50 प्रतिशत गेहूं की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। जिला सोलन में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है।

### फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। गौर हो कि फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिला सोलन में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिला में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में है। जिला कृषि विभाग सोलन उपनिदेशक डॉ देवराज कश्यप के मुताबिक इस रबी सीजन में ड्राई स्पेल दौरान ही फसलों को खासा नुकसान हुआ है। गैर सिंचित क्षेत्र में अब गेंहू की बिजाई फ़ायदेमंद नहीं है। किसान जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं।

# पझौता घाटी की बेटी मेघा कंवर ने एचएएस में टॉप कर रचा इतिहास

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** जिला सिरमौर के राजगढ़ ब्लॉक की पझौता घाटी की मेघा सिंह कंवर ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2025 में टॉप कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

यह सफलता मेहनत, धैर्य और सही रणनीति की मिसाल बन गई है। मेघा ने यह मुकाम लगातार तीसरे प्रयास में पाया है। मेघा के आईएएस में चयन होने पर समूची पझौता घाटी में खुशी की लहर है। मेघा को इस बात का आभास भी नहीं था कि वह एचएएस परीक्षा में हिमाचल में टॉप भी करेगी। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को सायं करीब 6 बजे उन्हें नींद की झपकी आ गई। अचानक ही फोन की घंटियां बजीं, तो दिल की धड़कनें तेज हो गईं, जब लिस्ट देखी और अपना नाम सबसे ऊपर पाया, तो सबसे पहले फोन मां को किया। मां की आवाज में जो खुशी थी, वही इस संघर्ष की सबसे बड़ी जीत थी। बता दें कि मेघा सिंह कंवर मूलतः पझौता घाटी दूरदराज गांव खनीव की रहने वाली है। इनके पिता नरेंद्र सिंह कंवर एक किसान बागवान हैं। मेघा के बड़े भाई कर्ण सिंह कंवर वर्तमान में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, जिन्होंने हमेशा बहन को अनुशासन और कर्तव्य का महत्व समझाया। इसी माहौल ने मेघा को भी बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी।



मेघा ने अपने गांव से प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद जवाहर विद्यालय से वर्ष 2015 में जमा दो की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी से बीएससी और फिर एमएससी की पढ़ाई की। नौणी विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट मेघा ने तीसरे प्रयास में प्रशासनिक सेवा परीक्षा को क्रैक किया जो यह बताता है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने की सीढ़ी होती है। मेघा का मानना है कि सेल्फ स्टडी और बार-बार रिवीजन ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में वह 6 व 7 घंटे पढ़ाई करती थीं, लेकिन परीक्षा नजदीक आते ही इन्होंने 12 घंटे पढ़ाई शुरू कर दी थी। मेघा को नव वर्ष खुशी का अंबार लेकर आया है।

## पच्छाद भाजपा में नहीं कोई गुटबाजी : सुरेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़/सराहां।** भाजपा मंडल राजगढ़ के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा में कथित गुटबाजी की खबरों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पच्छाद में भाजपा के भीतर किसी भी प्रकार की गुटबाजी नहीं है और इस विषय को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह तथ्यहीन है। वर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संस्कारित, अनुशासित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाला है तथा पार्टी के हितों के विरुद्ध कोई गतिविधि उसकी कार्यसंस्कृति के विपरीत है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सांसद के समक्ष भी गुटबाजी से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई, बल्कि कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में संवाद के लिए निर्धारित मंच उपलब्ध हैं और मीडिया से जुड़े मामलों में केवल अधिकृत प्रवक्ता ही पार्टी का पक्ष रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि पार्टी फोरम से बाहर बयान देना अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

# सरस्वती साहित्य व कला मंच ने प्रख्यात कवियों को किया सम्मानित


कवि गोष्ठी कार्यक्रम में पहुंचे साहित्यकार।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सरस्वती साहित्य एवं कला मंच सोलन की ओर से आंग्ल नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य पर प्रदेश के प्रख्यात पुराण वाचक, कर्मकांड प्रवीण आचार्य ईशान शर्मा की अध्यक्षता में होटल हिमानी के सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मंच ने इस अवसर पर शीर्ष कवियों, कवि कोविदो व प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सम्मानित कवियों में हर्ष जोशी, डॉक्टर अशोक गौतम, मदन हिमाचली, रोशन विक्षिप्त, डॉक्टर कुलराजीव पंत, कौमुदी ढाल तथा डॉ. आशा शर्मा को सम्मानित किया गया। मंच संचालन का दायित्व महासचिव डॉ. प्रेमलाल गौतम ने तैयार किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इसमें डॉ. आशा शर्मा, अतुल कुमार, डॉ. अशोक गौतम, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. अर्चना पंत कुल राजीव पंत, भार्गव पांडेय, सुमित कुमार, मदन हिमाचली, कुमारी सुनीता शर्मा, डॉ. पवन कुमार गौतम तथा आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने काव्य पाठ किया।

# हनुमान बड़ोग के ग्रामीणों ने पंचायत परिसीमन पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के अंतर्गत आने वाले गांव मनलोग व बड़ोग के ग्रामीणों ने प्रस्तावित पंचायत परिसीमन को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है।

इस संबंध में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व वार्ड सदस्य जयदेव शर्मा की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पंचायत दाड़लाघाट में शामिल करने का प्रस्ताव किया जा रहा है, जबकि वे लंबे समय से हनुमान बड़ोग पंचायत से जुड़े हुए हैं और वहीं रहना चाहते हैं। पंचायत पुनर्गठन को लेकर जारी अधिसूचना के अनुसार उनके गांवों को दाड़लाघाट पंचायत में शामिल करने की बात सामने आई है, जो उन्हें स्वीकार नहीं है। उनका कहना है कि भौगोलिक, सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि से उनका सीधा जुड़ाव हनुमान बड़ोग पंचायत से ही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में भी इस विषय पर आपत्ति जताई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद दोबारा वही प्रस्ताव सामने लाया गया है। उनका कहना है कि हनुमान बड़ोग पंचायत से उनका रोजमर्रा का जीवन, संपर्क मार्ग और सामाजिक गतिविधियां जुड़ी हुई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि उन्हें दाड़लाघाट पंचायत में शामिल न किया जाए और पूर्व की भांति हनुमान बड़ोग पंचायत में ही रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी की गई, तो आने वाले पंचायत चुनावों में बहिष्कार जैसे कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा। इस अवसर पर ऋषिराम शर्मा, धर्मचंद शर्मा, देवेंद्र शर्मा, शीशराम शर्मा, नवीन कुमार, देवेंद्र कुमार, किशोर कुमार, अश्विनी शर्मा, हनी, बॉबी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।


अतिरिक्त उपायुक्त सोलन से मिलता प्रतिनिधिमंडल व ज्ञापन सौंपता हुआ।

## संजय ठाकुर मेमोरियल प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे सांसद सुरेश कश्यप

# आर्थिक मोर्चे पर भारत ने मोदी के नेतृत्व में रचा नया कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के चांदनी में आयोजित स्वर्गीय संजय ठाकुर मेमोरियल खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर शिलाई विधानसभा के पूर्व विधायक बलदेव तोमर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला। समारोह को संबोधित करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण विकसित करती हैं। उन्होंने स्व. संजय ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। सांसद सुरेश कश्यप ने देश की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में देश की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही, जो पिछली दो तिमाहियों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक है।



उन्होंने बताया कि रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। नवंबर 2025 में बेरोजगारी दर घटकर 4.7 प्रतिशत रह गई, जो अक्तूबर 2025 के 5.2 प्रतिशत और अप्रैल 2025 के 5.1 प्रतिशत से भी कम है। यह मोदी सरकार की नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। महंगाई पर नियंत्रण को बड़ी उपलब्धि बताते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि जनवरी 2025 में 4.26 प्रतिशत रही सीपीआई मुद्रास्फीति नवंबर 2025 तक घटकर मात्र 0.71 प्रतिशत पर आ गई है, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि देश का निर्यात लगातार मजबूत हो रहा है। नवंबर 2025 में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट बढ़कर 38.13 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि जनवरी 2025 में यह 36.43 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। सुरेश कश्यप ने कहा कि ये सभी आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं तो मुमकिन है, जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं।'

# यशवंत विहार में विकास नहीं, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति हुई: नरेंद्र तोमर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

यशवंत विहार कल्याण समिति और शिव शक्ति कॉलोनी जडजा की संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता एवं वार्ड नंबर-2 से पूर्व प्रत्याशी नरेंद्र तोमर ने नाहन नगर परिषद और भाजपा समर्थित पार्षद पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि नाहन नगर परिषद पर पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा रहा, लेकिन इस लंबे कार्यकाल में वार्ड नंबर-2 को विकास के नाम पर केवल आश्वासन ही मिले।

नरेंद्र तोमर ने कहा कि मौजूदा नगर परिषद का कार्यकाल अब समाप्ति की कगार पर है और मात्र 11 दिन शेष हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह भाजपा की राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण चेहरा है कि पूरे पांच साल तक वार्ड की समस्याएं उन्हें दिखाई नहीं दीं, लेकिन जैसे ही कार्यकाल खत्म होने लगा, अचानक विकास और जनहित की बातें शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि नाहन नगर परिषद पर पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा रहा, लेकिन इस लंबे कार्यकाल में वार्ड नंबर-2 को विकास के नाम पर केवल आश्वासन ही मिले। नरेंद्र तोमर ने कहा कि मौजूदा नगर परिषद का कार्यकाल अब समाप्ति की कगार पर है और मात्र 11 दिन शेष हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह भाजपा की राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण चेहरा है कि पूरे पांच साल तक वार्ड की समस्याएं उन्हें दिखाई नहीं दीं, लेकिन जैसे ही कार्यकाल खत्म होने लगा, अचानक विकास और जनहित की बातें शुरू हो गई। प्रेस वार्ता में यशवंत विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष संजय ठाकुर, शिव शक्ति कॉलोनी के अध्यक्ष विनोद कंठ, योगेंद्र ठाकुर, कैप्टन नागेंद्र ठाकुर, रिखीराम शर्मा, गुमान सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 6 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, सोलन। एसबीआई** लाइफ इंश्योरेंस राजगढ़ रोड सोलन द्वारा सीनियर एजेंसी मैनेजर व डेवलपमेंट मैनेजर के 6 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें से 4 पद पूर्व सैनिकों व 2 पद सामान्य श्रेणी से भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट व आयु 20 से 48 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपने योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 6 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय सोलन से संपर्क किया जा सकता है।

**आयोजन** कुनिहार अकादमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो में चमकाया नाम

# 14 खिलाड़ियों ने जीते 4 स्वर्ण और 10 रजत पदक



कुरुक्षेत्र में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित द्वितीय प्रहार कप ऑल इंडिया ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित द्वितीय प्रहार कप ऑल इंडिया ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स विंग एचपी वेट अकादमी कुनिहार के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए सभी 14 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक हासिल किए, जिनमें 4 स्वर्ण और 10 रजत पदक शामिल हैं।

प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की। बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल कुनिहार के कक्षा दसवीं के छात्र आर्यन नेगी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में, इसी विद्यालय के कक्षा सातवीं के छात्र शिवम वर्मा ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में तथा कक्षा आठवीं की छात्रा प्रियांशी ठाकुर ने 38 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनिहार की जमा एक की छात्रा प्रवीणा ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शेष दस खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किए। इनमें मयूर पाल (40 किग्रा), कार्तिक ठाकुर (46 किग्रा), उदय तनवर (37 किग्रा), गौरव पंवर (50 किग्रा), अभिनव शर्मा (40 किग्रा), अर्णव ठाकुर (43 किग्रा), दक्षिता कंवर (28 किग्रा), दानिका पाल (45 किग्रा), विनती रावत (45 किग्रा) तथा दिव्या चोपड़ा (42 किग्रा) शामिल हैं। स्पोर्ट्स विंग एचपी वेट एकेडमी कुनिहार के कोच एम.एल. सैमुअल संगमा के कुशल मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है और खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल के छात्र कपीश का एनएसएस आरडी कैंप के लिए चयन


कपीश लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के स्कूल प्रबंधन के साथ।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के कक्षा जमा दो के छात्र कपीश ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न चयन शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कपीश का प्रारंभिक चयन कंडाघाट में आयोजित जिला स्तरीय चयन शिविर में हुआ, जिसमें सोलन व सिरमौर जिलों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके उपरांत उनका चयन ऊना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्री-आरडी (पूर्व गणतंत्र दिवस) शिविर के लिए किया गया। इस प्री-आरडी शिविर में प्रदेश के 10 जिलों से चयनित 100 स्वयंसेवकों में कपीश ठाकुर का भी चयन हुआ। अब वे 18 से 27 जनवरी तक शिमला के लालपानी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आरडी कैंप में भाग लेंगे, जहाँ उन्हें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। लक्ष्य पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता व समस्त विद्यालय परिवार ने कपीश को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि कपीश की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह दर्शाती है कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों एवं परिजनों ने भी कपीश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वह आगे भी विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिल्पकार बोंदवाल को मिलेगा इंटरनेशनल क्राफ्ट अवार्ड

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** बहादुरगढ़ की कॉलोनी नई बस्ती में रहने वाले प्रसिद्ध शिल्पकार चंद्रकांत बोंदवाल को वर्ष 2024 के इंटरनेशनल क्राफ्ट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। चंद्रकांत को इससे पूर्व भारत के राष्ट्रपति राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित कर चुके हैं। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान क्राफ्ट विलेज इंडिया व विश्व क्राफ्ट काउंसिल के तत्वावधान में प्रदान किया जाता है। यह संस्था विश्व स्तर पर कला एवं शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिल्पकारों को सम्मानित करती है। शिल्पकार चंद्रकांत बोंदवाल ने गुरुवार को बताया कि इस अवार्ड के लिए दुनिया के 40 देशों से लगभग एक हजार कलाकारों ने भाग लिया था। चयन प्रक्रिया के बाद यहां से उनका लकड़ी पर नक्काशी (वुड कार्विंग) में विशिष्ट योगदान के लिए चयन किया गया। जबकि ईरान से फकीरी जारापोर को इनले आर्ट के लिए चुना गया। नव वर्ष के अवसर पर एक जनवरी को इस उपलब्धि की सूचना मिलने के बाद शिल्पकार परिवार और क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विश्व क्राफ्ट काउंसिल की ओर से हरियाणा को यह पहला इंटरनेशनल क्राफ्ट अवार्ड मिला है।

### कुलपति ने आठ प्राध्यापकों को दिए कंफर्मेशन लेटर

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू), सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने गुरुवार को वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आठ सहायक प्राध्यापकों को कंफर्मेशन लेटर भी दिए गए। प्रो. विजय कुमार ने सभी सहायक प्राध्यापकों को बधाई देते हुए उन्हें शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों से उच्च शैक्षणिक मानकों और नैतिक मूल्यों की अपेक्षा करता है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी सहायक प्राध्यापकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को विश्वास दिलाया कि वे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। लेटर प्राप्त करने वाले सहायक प्राध्यापकों में डॉ. ज्योति रानी (वनस्पति विज्ञान), डॉ. सुरेश कुमार (रसायन विज्ञान), सुमन देवी (कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी), डॉ. जसबीर सिंह (हिंदी), डॉ. नीलम रानी (इतिहास एवं पुरातत्व), गुरसाहिब सिंह (पंजाबी), डॉ. राकेश कुमार (संस्कृत), डॉ. हरकृष्ण (प्राणी विज्ञान) शामिल हैं।

### 2.290 किलो ग्राम गांजे सहित आरोपी दबोचा

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 2.290 किलो ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रतनपाल निवासी गांव खोकसीया जिला पुरनीया बिहार हाल न्यू कॉलोनी, फरीदाबाद को 2.290 किलो ग्राम गांजा सहित रेलवे स्टेशन रोड एन.आई.टी. 5 के पास से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना एनआईटी में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### रोहतक में दम घुटने से महिला समेत तीन की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** न्यू ईयर पार्टी के बाद कमरे में अंगीठी जलाकर सोए दो युवकों और एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई। घटना कच्चा चमारिया रोड स्थित एक फार्म हाउस की है। सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच की। मृतकों की पहचान नेपाल निवासी कमल, राजकुमार और संतोष के रूप में हुई है। तीनों फार्म हाउस में रसोइये का काम करते थे। ठंड से बचने के लिए उन्होंने रात को कमरे में अंगीठी जलाई थी। सुबह फोन न उठने पर परिचितों ने कमरे में जाकर तीनों को मृत पाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिए हैं और मामले की जांच जारी है।

# हरियाणा सरकार नववर्ष में तेज रफ्तार विकास के लिए तैयार

## सीएम सैनी ने महिला सशक्तिकरण, रोजगार और प्राकृतिक खेती को बताया प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार प्रदेश को विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की ओर अग्रसर है। नववर्ष में इस अभियान को नई गति देने का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार अंत्योदय उत्थान के साथ साथ इस नए वर्ष में अंत्योदय के तीन मूल लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करेगी।

सैनी ने वीरवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार का पहला लक्ष्य महिला सशक्तिकरण करने का है। इसमें दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से सभी पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस योजना के तहत अब तक 8 लाख महिलाओं को दो किस्तों में 250 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं से आग्रह किया है कि इस योजना के तहत पात्र महिलाएं पंजीकरण कर इस योजना का लाभ जुड़े और इसका लाभ उठाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का दूसरा लक्ष्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान करना है। सरकार ने 2026 के लिए ड्रिवन रोड मैप तैयार किया है। इसके तहत गुरुग्राम और पंचकूला में हरियाणा एआई मिशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे और इन केंद्रो में युवा भविष्य की तकनीक जैसे एआई, कुशल रोबोटिक में निपुण बन सकेंगे। सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज ही पुलिस विभाग में 5500 कांस्टेबल की भर्ती का विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रकृति के अनुकूल खेती करने का तीसरा लक्ष्य रखा है। इसके तहत धान के स्थान पर अन्य फसलें उगाने पर किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना के तहत एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी वर्ष में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को तेजी से पूर्ण करवाना भी सरकार का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी के नए आयाम स्थापित करेगा, जिससे दिल्ली के चारों ओर एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे ही कई नई परियोजनाओं को नए वर्ष में गति देने का काम करेगी।

# क्लीन पटियाला' अभियान में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में समुदाय ने दिखाया सक्रिय सहयोग



**अनंत ज्ञान, पटियाला**

पंजाब प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सोसाइटी (पीपीडब्ल्यूएमएस) की ओर से भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) द्वारा 'क्लीन पटियाला' अभियान के तहत एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पोस्ट-कंज्यूमर प्लास्टिक पैकेजिंग के संग्रह को सशक्त बनाना और पटियाला को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त बनाने के लक्ष्य को समर्थन देना है। यह अभियान पटियाला के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया, जिनमें पराठा मार्केट, बस स्टैंड के पास का मैदान, पीपीसीबी कार्यालय के निकट डीएमडब्ल्यू रोड तथा रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन क्षेत्रों का चयन अधिक जन आवागमन और अधिक प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होने के कारण किया गया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक कचरे का संग्रह एवं पृथक्करण किया गया तथा आम नागरिकों को जिम्मेदार प्लास्टिक निपटान, पुनर्चक्रण और एकल उपयोग प्लास्टिक को कम करने के प्रति जागरूक किया गया। इस पहल ने प्रभावी प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए सामुदायिक सहभागिता और व्यवहार परिवर्तन के महत्व को रेखांकित किया। यह स्वच्छता अभियान नगर निगम पटियाला (एमसी पटियाला) एवं उनके कचरा प्रबंधन कर्मियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनकी सक्रिय भागीदारी से अभियान का प्रभाव और अधिक मजबूत हुआ।

'क्लीन पटियाला' अभियान के अंतर्गत आईपीसीए, पीपीडब्ल्यूएमएस तथा एमसी पटियाला के सहयोग से ऐसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देते हुए पटियाला को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सतत शहर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# नववर्ष पर मुख्य सचिव बोले-प्रशासन को और अधिक बनाएंगे सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद ने नववर्ष के अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के लिए सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध वर्ष की कामना की।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्यम और निचले स्तर के कर्मचारियों के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन की वास्तविक ताकत जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से आती है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे विभिन्न योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को सक्रिय रूप से साथ जोड़ें, जिससे प्रशासन अधिक उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित बन सके। मुख्य सचिव ने टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बेहतर सार्वजनिक सेवा प्रदायगी के लिए विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य अवसंरचना को और मजबूत करने की जरूरत पर भी बल दिया, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने सेवा प्रदायगी के अग्रिम स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने, कार्य निष्पादन की सतत समीक्षा तथा सार्वजनिक शिकायतों के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। साथ ही प्रक्रियागत सुधारों को लागू कर कार्यप्रवाह को सरल और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

# हरियाणा के 347 ड्राइवरों को ओपीएस की सौगात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नए साल पर राज्य परिवहन विभाग के 347 ड्राइवरों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और अन्य सेवा लाभ देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। ये ड्राइवर वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त हुए थे और 2006 में नियमित किए गए, लेकिन 2014 के समझौते में कट-ऑफ तिथि के कारण वे पेंशन और वेतन लाभ से वंचित रह गए थे। इसके चलते जूनियर ड्राइवरों को सीनियर कर्मचारियों से अधिक वेतन और पेंशन मिलने लगी थी।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, इन ड्राइवरों की सेवा उनकी प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से मानी जाएगी। उन्हें एसीपी का लाभ, ओपीएस, पारिवारिक पेंशन योजना और जीपीएफ सुविधा मिलेगी। सभी लाभ 31 अगस्त 2024 तक सैद्धांतिक रूप से और वित्तीय लाभ 1 सितंबर 2024 से लागू होंगे। यह निर्णय वर्षों पुराना अन्याय खत्म करेगा और सैकड़ों परिवारों को पेंशन सुरक्षा देगा।

# एएसआई संदीप लाठर की पत्नी को हरियाणा पुलिस में नौकरी देगी सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रोहतक के एएसआई संदीप कुमार लाठर की पत्नी संतोष कुमारी को कैबिनेट ने एमडीयू, रोहतक के कैंपस स्कूल में पीजीटी गणित (ग्रुप-बी) के पद पर नियुक्ति की मंजूरी दी है। यह फैसला हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। यह फैसला असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है ताकि संदीप लाठर के परिवार को मानवीय और नीतिगत राहत मिल सके।

बता दें कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार द्वारा सुसाइड करने के कुछ दिनों बाद एएसआई संदीप लाठर ने भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। संदीप लाठर ने वाई पूरन कुमार और उनके परिवार पर गंभीर आरोप भी लगाए थे। हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त रोकने के लिए कानून में सख्ती करने का फैसला लिया है। इसके तहत विनिमय विलेख (एक्सचेंज डीड) को भी अब कानून के दायरे में लाया जाएगा। अब तक कई लोग एक्सचेंज डीड का इस्तेमाल सीधे बिक्री से बचने के लिए कर रहे थे। इससे अवैध कॉलोनियां और गैर-कानूनी प्लॉटिंग बढ़ रही थी। अब एक्सचेंज डीड को भी हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 के तहत माना जाएगा। अप्रत्यक्ष बिक्री (इनडायरेक्ट सेल) का रास्ता बंद होगा और अवैध भूमि लेन-देन पर सरकार की पकड़ मजबूत होगी। कैबिनेट ने इस फैसले को लागू करने के लिए 'हरियाणा संशोधन अध्यादेश, 2025' जारी करने को मंजूरी दी है।

## देश-विदेश

# भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु ठिकानों की सूची का आदान-प्रदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और पाकिस्तान ने गुरुवार को राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच हुए एक समझौते के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य एक दूसरे देशों के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों को रोकना है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और परमाणु फैसिलिटीज के आदान-प्रदान को लेकर 31 दिसंबर 1988 को समझौता हुआ था, जिसे 27 जनवरी 1991 को लागू किया गया था। इस समझौते के तहत दोनों देश हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की जानकारी एक दूसरे से साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच यह सूचियों का लगातार 34वां आदान प्रदान है। पहली बार दोनों देशों ने 1 जनवरी 1992 को सूचियों का आदान प्रदान किया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कॉन्सुलर एक्सेस 2008 पर द्विपक्षीय समझौते के तहत, भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक चैनलों के जरिए, एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद नागरिक कैदियों और मछुआरों की लिस्ट का भी आदान-प्रदान किया। भारत ने अपनी हिरासत में मौजूद पाकिस्तानी या जिनके पाकिस्तानी होने का शक है, उन 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की लिस्ट साझा की है। (अनंत ज्ञान)

# मद्रास हाइकोर्ट ने 1755 की नाथम कनवाई जंग के वीरों के लिए स्तूप किया मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने 1755 की 'नाथम कनवाई जंग' के वीरों की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। अदालत ने कहा कि जब फादर स्टेन स्वामी की याद में मेमोरियल बनाने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं पड़ी, तो नाथम कनवाई युद्ध के वीरों के लिए स्तूप पर भी इजाजत की मांग नहीं की जा सकती। तहसीलदार ने वकील सिवा कलैमणि अंबालम की निजी जमीन पर युद्ध स्मारक स्तूप बनाने के अनुरोध को खारिज कर दिया था। जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपनी बताई भूमि पर स्तूप बनाने की पूरी छूट है। (अनंत ज्ञान)

# ममता सरकार में मां, माटी और मानुष असुरक्षित: शाह

**एजेंसी, कोलकाता**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव में जीत का लक्ष्य तय करने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा- ममता सरकार ने 'मां, माटी, मानुष' का नारा दिया था, लेकिन आज उनके कार्यकाल में सुरक्षित नहीं हैं।

शाह ने कहा कि बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं, जमीन पर माफियाओं का कब्जा है और लोग पलायन को मजबूर हैं। शाह ने कहा कि घुसपैठिए न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर बोझ हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान के लिए भी खतरा हैं। शाह ने कहा कि ममता सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। करोड़ों रुपए के घोटाले हुए हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाला, स्कूल घोटाला, नगर निगम भर्ती घोटाला, कोयला घोटाला, राशन घोटाला, एमजीएनआरईजीए घोटाला और पीएम आवास योजना घोटाला शामिल हैं। गृह मंत्री ने कहा कि 2016 से 2025 के बीच भाजपा के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। अपने 42 सालों के सार्वजनिक जीवन में मैंने ऐसा बलिदान और समर्पण कभी नहीं देखा। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी एजेंसी सीआईए का दावा यूक्रेन ने पुतिन को निशाना नहीं बनाया

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** की खुफिया संस्था सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) ने रूस के उस दावे को गलत बताया है, जिसमें कहा गया था कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के आवास को निशाना बना कर घातक ड्रोन हमला किया था।

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सीआईए ने क्रेमलिन के दावे के बाद सच पता लगाने के लिए यूक्रेन ड्रोन हमले का आकलन किया था। इसमें पता लगा है कि यूक्रेन ने अपने देश के उत्तर में हाल ही में हुए ड्रोन हमले में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस्तेमाल किए जाने वाले आवास को निशाना नहीं बनाया था। सीआईए का यह निष्कर्ष राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन कॉल के दौरान रूसी नेता के आरोप को गलत साबित करता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि सीआईए डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप को इस आकलन के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है, रूस ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने सोमवार को पुतिन के घर पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था कि वह यूक्रेन की इस कार्रवाई से परेशान हैं। हालांकि यूक्रेन ने उसकी ओर से ऐसे हमले की बात से इनकार किया था। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के काकचिंग में हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले में छह हथियार और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि हथियारों की यह बरामदगी वाबगाई नाटेखोंग तुरेनमेई इलाके से की गई। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए हथियारों में एक एम-16 राइफल, एक एसएलआर, एक सिंगल-बैरल बंदूक, दो सिंगल-बैरल बोल्ट-एक्शन राइफल और एक 7.65 एमएम पिस्तौल शामिल हैं। बरामद विस्फोटकों और गोला-बारूद में 10 ग्रेनेड, चार डेटोनेटर, दो आर्म रिंग, लगभग तीन किलोग्राम वजनी एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक विस्फोटक गोला, एक 51 एमएम मोर्टार बम, छह टियर 'स्मोक शेल' (धुंआ फैलाने वाला गोला) और 71 कारतूस शामिल हैं। अभियान के दौरान एक ड्रोन और उससे जुड़े उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी और निगरानी अभियान जारी रखे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 85,189 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



साल के पहले दिन वीरवार को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार हुआ। सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 85,189 पर बंद हुआ। निफ्टी में 17 अंक की बढ़त रही, यह 26,147 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 21 शेयरों में तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 38 शेयर चढ़े। आज ऑटो, आईटी और मेटल शेयर्स में बढ़त रही।

वहीं, एफएमसीजी और फार्मा शेयर्स में गिरावट रही। अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20% तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की ओर से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। टैक्स बढ़ने की खबर का असर शेयर बाजार पर भी दिखा। देश की सबसे बड़ी सिगरेट कंपनी आईटीसी के शेयर 9.69% गिरकर 363.95 रुपए पर बंद हुआ। वहीं, मार्लबोरो जैसे ब्रांड बेचने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स का शेयर भी 17.17% तक लुढ़क गया। (अनंत ज्ञान)

# बीएसएनएल ने की वॉयस ओवर वाई-फाई सेवा शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नए साल पर पूरे देश में वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओवाईफाई) सेवा की शुरुआत की। इससे देशभर में लोगों को सभी टेलीकॉम सर्किलों में वाई-फाई कॉलिंग की सुविधा मिलेगी। इस सेवा से कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले इलाकों जैसे घर, दफ्तर, बेसमेंट और दूरदराज इलाकों में भी स्पष्ट कॉलिंग की सुविधा मिलेगी। बीएसएनएल के अनुसार यह सेवा आईपी मल्टीमीडिया सबसिस्टम (आईएमएस) आधारित है और वाई-फाई तथा मोबाइल नेटवर्क के बीच सहज हैंडओवर को सपोर्ट करती है। कॉल ग्राहक के मौजूदा मोबाइल नंबर और फोन डायलर से ही की जा सकेगी, किसी थर्ड-पार्टी एप की जरूरत नहीं होगी। बीएसएनएल ने बताया कि ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में जहां मोबाइल कवरेज सीमित है, वहां यह सेवा विशेष रूप से लाभकारी होगी। बीएसएनएल भारत फाइबर या अन्य ब्रॉडबैंड सेवाओं के जरिए स्थिर वाई-फाई कनेक्शन होने पर ग्राहक आसानी से कॉल कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने लॉस एंजिलिस, शिकागो और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड वापस बुलाए

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**नए** साल 2026 के पहले दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया है। ट्रंप ने अमेरिका के कुछ शहरों में सैन्य तैनाती को लेकर कई कानूनी झटकों के बाद शिकागो, लॉस एंजिलिस और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड्स सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

दरअसल, ट्रंप ने साल 2025 में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के दूसरे कार्यकाल के पहले साल में अवैध इमीग्रेशन और अपराध पर लगाम लगाने उद्देश्य से डेमोक्रेट्स शासित इन तीन शहरों में एनएसजी भेजा था। हालांकि, उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को स्थानीय नेताओं ने निरंकुशतापूर्ण अतिक्रमण बताया था। वहीं, इस फैसले की आलोचना भी की थी। इस दौरान कई स्थानीय नेताओं ने राष्ट्रपति के इस कदम के खिलाफ कानूनी चुनौतियां पेश कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर दावा किया कि हम शिकागो, लॉस एंजिलस और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड को हटा रहे हैं। इन महान देशभक्तों की मौजूदगी से अपराध में काफी कमी आई है और सिर्फ इसी वजह से। उन्होंने कहा कि अगर संघीय सरकार ने हस्तक्षेप न किया होता तो ये तीनों शहर पूरी तरह से बर्बाद हो चुके होते। (अनंत ज्ञान)

# भारतवंशी जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बने

## कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली, न्यूयॉर्क के इतिहास में ऐसा पहली बार

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**भारतीय** मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने वीरवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं।

हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं। ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हॉल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पॉकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी के शॉम्बर्ग सेंटर फॉर रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे। इन कुरानों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का एबी फॉर्म फाड़कर निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को ए-बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का ए-बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म ए और बी जरूरी दस्तावेज हैं, जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है। बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई। 2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी सेना का समुद्र में तस्करों की नौकाओं पर हमला

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** सेना ने मादक पदार्थों की तस्करी में कथित रूप से शामिल तीन और नौकाओं पर हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग समुद्र में कूद गए। 'अमेरिकी सदर्न कमांड' द्वारा जारी बयान में हालांकि यह नहीं बताया गया कि ये हमले कहां हुए।

अमेरिकी सेना ने इससे पहले कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही नौकाओं पर इस तरह के हमले किए थे। 'सदर्न कमांड' द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में नौकाएं असामान्य रूप से एक-दूसरे के काफी करीब दिख रही हैं। सेना ने कहा कि



ये नौकाएं मादक पदार्थों की तस्करी के ज्ञात मार्गों पर एक काफिले के रूप में चल रही थीं और हमलों से पहले तीनों जहाजों के बीच नशीले पदार्थों का आदान-प्रदान किया गया था। हालांकि, सेना ने इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। सेना ने बताया कि पहली नौका पर हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो नौकाओं पर सवार लोग हमले से पहले ही समुद्र में कूद गए और नौकाओं से दूर चले गए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### 2026 में रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलेंगे वनडे सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे कैलेंडर से फैंस को भारत की टीम की रणनीति और खिलाड़ियों की फॉर्म का अंदाजा भी मिलेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में दोनों खिलाड़ियों की बल्लेबाजी प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेंगी, क्योंकि यह साल उनकी वनडे विशेषज्ञता को लेकर अहम माना जा रहा है। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज भी महत्वपूर्ण है, जिसमें टीम नए खिलाड़ियों को अवसर देने के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों के अनुभव का लाभ उठाएगी। वहीं, इंग्लैंड का दौरा चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मैदान और मौसम के कारण खिलाड़ियों को एडजस्ट करना होगा। इन सीरीजों के जरिए रोहित और कोहली अपने वनडे करियर को मजबूती देने के साथ टीम को जीत दिलाने की कोशिश करेंगे। फैंस के लिए यह साल खास होगा क्योंकि लंबे समय बाद दोनों खिलाड़ी सिर्फ एक फॉर्मेट में खेल रहे हैं, जिससे हर मैच रोमांचक और निर्णायक साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

### 2027 के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य अनिश्चित : अश्विन

**एजेंसी, चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य अनिश्चित हो सकता है, खासकर तब जब विराट कोहली और रोहित शर्मा संन्यास ले लेंगे। अश्विन के अनुसार, टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता से 50 ओवर के प्रारूप के लिए जगह लगातार घट रही है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि विजय हजारे ट्रॉफी जैसे घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में भी दर्शक केवल रोहित और विराट के कारण ही आते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब ये दोनों खिलाड़ी वनडे खेलना बंद करेंगे, तो प्रारूप और कमजोर हो जाएगा। अश्विन ने आईसीसी से वनडे कैलेंडर पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए कहा कि विश्व कप ही इस प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रख सकता है। उनका सुझाव है कि केवल चार साल में एक वनडे विश्व कप आयोजित किया जाए, ताकि दर्शकों में उत्साह और उम्मीद बनी रहे। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेटर विराट कोहली ने परिवार के साथ मनाया नया साल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने नए साल 2026 की शुरुआत पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर दोनों की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वह 'मेरी जिंदगी की रोशनी' के साथ नए साल में कदम रख रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो में विराट और अनुष्का दोनों मास्क पहने नजर आ रहे हैं। विराट ने स्पाइडर-मैन स्टाइल मास्क लगाया हुआ है। यह फोटो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही है। क्रिकेट मैदान पर वापसी से पहले विराट इन दिनों परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में एक्शन में लौटना है। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया का दिलकश अंदाज

**क्रोएशिया।** एना मारिया मार्कोविक को अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है। वह क्रोएशिया की एक पेशेवर फुटबॉलर हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एना के 10 लाख से ज्यादा है फोलोअर्स हैं।



## टी20 विश्व कप 2026

### मार्श करेंगे कप्तानी, कमिंस-मैक्सवेल की वापसी

# ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का ऐलान



**एजेंसी, सिडनी**

भारत के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने भी भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। मजबूत संतुलन और अनुभवी खिलाड़ियों से सजी इस टीम को टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी इस बार मिशेल मार्श करेंगे।

टीम में टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की वापसी हुई है, हालांकि उनकी फिटनेस पर निगरानी रखी जाएगी। जनवरी के अंत में होने वाले उनके पीठ के स्कैन के बाद यह तय होगा कि वह टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। लंबे समय से चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड और विस्फोटक फिनिशर टिम डेविड को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल एक बार फिर मध्यक्रम में टीम की अहम ताकत होंगे।

बीबीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले कूपर कॉनोली को भी टीम में मौका मिला है। बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने तेज स्ट्राइक रेट से रन बनाने के साथ किफायती गेंदबाजी कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। उनके आने से स्पिन विभाग में एडम जम्पा और मैट कुहनेमन के साथ एक और विकल्प जुड़ गया है। हालांकि, मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्सियस को टीम में जगह नहीं मिली।

### अफगानिस्तान ने भी किया स्क्वॉड का ऐलान

इस बीच अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कप्तानी अनुभवी स्पिनर राशिद खान करेंगे, जबकि इब्राहिम जादरान को उपकप्तान बनाया गया है। अफगानिस्तान टूर्नामेंट से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा। अफगानिस्तान को पूल डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा के साथ रखा गया है और वह अपना पहला मुकाबला 8 फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

## 2026 में भारतीय हॉकी के सामने वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स बड़ी चुनौती



**एजेंसी, नई दिल्ली**

साल 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम 2026 में बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के साथ उतरने जा रही है। इस साल टीम की सबसे बड़ी नजरें एफआईएच हॉकी विश्व कप और जापान में होने वाले एशियन गेम्स पर टिकी होंगी, जहां पदक जीतने और खिताब बचाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नए साल की शुरुआत हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के दूसरे सीजन से होगी। महिला हीरो एचआईएल का समापन 10 जनवरी को रांची में होगा, जबकि पुरुष हीरो एचआईएल 3 से 26 जनवरी तक खेली जाएगी। इसके मुकाबले चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होंगे और फाइनल मैच कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा।

घरेलू सत्र के बाद भारतीय पुरुष टीम एफआईएच प्रो-लीग के भारतीय चरण में हिस्सा लेगी। यह मुकाबले 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम 21 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया में शेष प्रो-लीग मुकाबले खेलेगी, जबकि जून में अंतिम चरण नीदरलैंड्स और यूनाइटेड किंगडम में होगा। भारतीय महिला टीम के लिए मार्च बेहद अहम रहेगा। टीम 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालिफायर में खेलेगी, जो 2026 विश्व कप में जगह बनाने का अंतिम अवसर होगा। इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी।

साल का सबसे बड़ा आयोजन एफआईएच हॉकी विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होगा। भारतीय टीम हालिया ओलंपिक सफलता को आगे बढ़ाते हुए पदक जीतने के इरादे से उतरेगी। इसके बाद सितंबर में पुरुष और महिला दोनों टीमें 20वें एशियन गेम्स के लिए जापान जाएंगी। 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले इस आयोजन में भारतीय पुरुष टीम खिताब बचाने और लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश करेगी। (अनंत ज्ञान)

## रियल मैड्रिड को झटका : घुटने की चोट के कारण एम्बाप्पे बाहर

**एजेंसी, पेरिस**



स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

फ्रांस के खेल समाचार पत्र एलइक्विप ने किसी सूत्र का हवाला दिए बिना कहा कि एमबाप्पे कम से कम तीन सप्ताह तक अनुपलब्ध रहेंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है।

यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी। (अनंत ज्ञान)

## प्रिटोरिया कैपिटल्स और पार्ल रॉयल्स की शानदार जीत

**एजेंसी, केपटाउन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए बोनस अंक भी हासिल किए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। विहान लुब्बे और शाई होप ने टीम को मजबूत शुरुआत दी, लेकिन अंतिम ओवरों में डेवाल्ड ब्रेविस और शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। दोनों ने आखिरी 27 गेंदों पर 86 रन की अटूट साझेदारी करते हुए स्कोर को 220 तक पहुंचाया।

जवाब में एमआई केपटाउन की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए दबाव में आ गई और पूरी पारी में लय हासिल नहीं कर सकी। पूरी टीम 14.2 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। रयान रिकेल्टन ने सर्वाधिक 33 रन बनाए, जबकि कैपिटल्स की ओर से रदरफोर्ड ने चार और केशव महाराज ने तीन विकेट लेकर जीत पक्की की। दिन के दूसरे मुकाबले में डेविड मिलर की कप्तानी में पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही, लेकिन मिलर की नाबाद 71 रन की पारी और कोगन लायन कैचेट के साथ 114 रन की साझेदारी ने टीम को आसान जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम आंशिक रूप से लागू, खेलों में होंगे बड़े सुधार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के खेल प्रशासन में सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम गुरुवार से आंशिक रूप से लागू हो गया है। इसके साथ ही एक शक्तिशाली राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) और खेल विवादों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय खेल पंचाट (एनएसटी) के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अधिनियम को पिछले वर्ष 18 अगस्त को अधिसूचित किया गया था और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे देश का सबसे बड़ा खेल सुधार बताया है।

फिलहाल जिन प्रावधानों को लागू किया गया है, वे राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और उनके शासन ढांचे से जुड़े हैं। इनमें राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) और क्षेत्रीय खेल संघ शामिल हैं। अधिनियम के तहत सभी खेल निकायों के लिए 15 से अधिक सदस्यों वाली कार्यकारी समिति बनाना अनिवार्य होगा, जिसमें कम से कम दो खिलाड़ी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय खेल बोर्ड और पंचाट के गठन का रास्ता साफ, खेल महासंघों पर बढ़ेगी निगरानी

अधिनियम के आंशिक क्रियान्वयन के साथ ही एनएसबी और एनएसटी के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एनएसबी को राष्ट्रीय खेल महासंघों को संबद्धता देने, उनके वित्तीय संचालन की निगरानी करने और कदाचार की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई करने का अधिकार मिलेगा। सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए एनएसएफ के लिए एनएसबी से संबद्धता अनिवार्य होगी। मंत्रालय ने कहा कि अधिनियम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का उद्देश्य खेल प्रशासन व्यवस्था में सुचारू बदलाव सुनिश्चित करना है। (अनंत ज्ञान)

## मुझे लगा था कि मैं फिर कभी नहीं खेल पाऊंगा लेकिन अब गेंदबाजी करके खुश हूं: सकारिया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

चेतन सकारिया को तीन साल पहले तक भारत के उभरते हुए तेज गेंदबाजों में से एक गिना जाता था, लेकिन चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद उन्हें लगने लगा था कि वह फिर से कभी नहीं खेल पाएंगे। सकारिया ने मौजूदा घरेलू सत्र में सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में एक मैच खेला जो फरवरी 2024 के बाद उनका पहला मैच है। सकारिया ने कहा, ''जब मुझे चोट लगी थी तो मुझे लगा था कि मैं कभी वापसी नहीं कर पाऊंगा। अब इस घरेलू सत्र में खेलकर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। सौराष्ट्र के लिए गेंदबाजी करने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है।'' इस तेज गेंदबाज के बाएं हाथ की कलाई में 2024 के शुरू में चोट लगी थी, जिससे उबरने में उन्हें काफी समय लग गया। सकारिया ने कहा कि यह मानसिक रूप से थका देने वाला दौर था।

उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए मानसिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण था। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं दोबारा क्रिकेट खेल पाऊंगा। कुछ डॉक्टरों ने मुझसे कहा कि शायद मैं दोबारा गेंद को ठीक से पकड़ भी न पाऊं। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था, क्योंकि मैं खुद पर भरोसा नहीं कर पा रहा था।''

सकारिया को निजी जीवन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2021 में उनके पिता और छोटे भाई की मौत हो गई थी। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उस उथल-पुथल भरे दौर ने उन्हें जीवन और करियर में आने वाली असफलताओं से निपटना सिखाया। उन्होंने कहा, ''मेरे जीवन में जो परिस्थिति आई, वह अप्रत्याशित थी। अगर मैं क्रिकेटर नहीं होता तो मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा वास्तविक जिंदगी में लौट पाता। अब मुझे लगता है कि अगर मेरी जिंदगी में फिर कभी कोई मुश्किल हालात आते हैं तो मैं उनका सामना करने के लिए तैयार हूं। मुझे पता है कि मुझे क्या करना है।'' सकारिया अब घरेलू क्रिकेट में सक्रिय हो गए हैं लेकिन उनका मानना है कि भारत की टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

## एंथनी जोशुआ सड़क हादसे से ठीक, दो सहयोगियों की मौत

**एजेंसी, लागोस।** ब्रिटिश मुक्केबाज और दो बार के पूर्व हेवीवेट वर्ल्ड चैंपियन एंथनी जोशुआ को नाइजीरिया में हुए सड़क हादसे के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हादसा सोमवार को लागोस-इबादान एक्सप्रेसवे पर हुआ, जब जोशुआ और उनकी टीम जिस वाहन में जा रहे थे, वह सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में जोशुआ के दो करीबी सहयोगी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सीना घामी और ट्रेनर लतीफ 'लैट्ज' अयोदेल की दर्दनाक मौत हो गई। जोशुआ मामूली चोटों के साथ लैगून अस्पताल में भर्ती थे और उनकी हालत स्थिर बताई गई।

अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद उन्होंने अपने दिवंगत साथियों को अंतिम श्रद्धांजलि दी। जोशुआ के प्रमोटर एडी हर्न ने सोशल मीडिया पर दोनों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के लिए संवेदना जताई। हादसा नाइजीरिया में सड़क सुरक्षा पर सवाल उठाता है, 2024 में 9,570 दुर्घटनाओं में 5,421 लोगों की मौत हुई। यादगार बात यह है कि हादसे से 10 दिन पहले ही जोशुआ ने मियामी में जेक पॉल को नॉकआउट किया था। (अनंत ज्ञान)

## क्रामनिक ने फिडे पर स्विस सिविल कोर्ट में मानहानि का मुकदमा किया दायर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस के शतरंज खिलाड़ी व्लादिमीर क्रामनिक ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की की मौत के बाद कथित तौर पर 'अपुष्ट' धोखाधड़ी के आरोपों के साथ खिलाड़ियों को परेशान करने के आरोप में जांच का सामना करने के बाद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था (फिडे) के खिलाफ स्विट्जरलैंड की एक जन अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया है।



क्रामनिक ने एक्स पर पोस्ट किया कि साथी खिलाड़ियों और फिडे ने उनके खिलाफ लगातार हमलावर तेवर अपनाए हैं जिसके कारण उन्हें गहन कानूनी रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने नारोदित्स्की के खिलाफ धोखाधड़ी के क्रामनिक के आरोपों को 'शर्मनाक' बताया था। अमेरिका के 29 वर्षीय खिलाड़ी नारोदित्स्की की मौत का सटीक पता नहीं है लेकिन उन्होंने अपने आखिरी लाइवस्ट्रीम में कहा था कि वह क्रामनिक के आरोपों के कारण बहुत मानसिक तनाव में हैं।

चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने भी कहा था कि क्रामनिक के उन पर लगाए गए ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप के कारण वह व्यथित महसूस कर रहे हैं। रूस के खिलाड़ी ने हालांकि, कहा कि उन्होंने बिना किसी आधार के आरोप नहीं लगाए थे। क्रामनिक ने कहा, ''मैंने स्विस कानून के अनुसार लुसाने की अदालत में फिडे के खिलाफ औपचारिक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। स्विस नियमों के तहत इस मामले में पहले एक अनिवार्य प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस चरण में आमतौर पर दो से तीन महीने लग जाते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## रॉबर्टो कार्लोस दिल की सर्जरी के बाद बोले- मैं अब ठीक हूं

**एजेंसी, साओ पाउलो (ब्राजील)**

ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस ने पुष्टि की कि बुधवार को उनके दिल की सर्जरी हुई थी और अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। कार्लोस ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह मुस्कुरा रहे हैं।



इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने पेशेवर और व्यक्तिगत कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।'' इस बीच साओ पाउलो के विला नोवा स्टार अस्पताल ने बयान में कहा कि रॉबर्टो कार्लोस को सोमवार को हृदय में कुछ परेशानी महसूस हुई और उन्हें उसी दिन कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी गई। यह प्रक्रिया न्यूनतम चीर-फाड़ वाली होती है और इसमें हृदय की अवरुद्ध या संकुचित धमनियों को चौड़ा किया जाता है।

विश्व कप विजेता और तीन बार के चैंपियंस लीग विजेता रहे कार्लोस ने कहा, ''मैं हाल में एक चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरा जिसकी योजना मेरी मेडिकल टीम के साथ पहले से ही बनाई गई थी। यह प्रक्रिया सफल रही और मैं ठीक हूं।'' अस्पताल ने बताया कि रॉबर्टो कार्लोस की हालत स्थिर है और चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रखा जाएगा।

रॉबर्टो कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले। वह 11 वर्ष तक रियाल मैड्रिड के लिए खेलते रहे। वह वर्तमान में इस स्पेनिश क्लब के दूत हैं। रॉबर्टो कार्लोस ब्राजील की उस विश्व कप टीम के सदस्य थे, जिसने 1998 में फाइनल में जगह बनाई और 2002 में जीत हासिल की। उन्होंने ब्राजील को 1997 और 1999 में कोपा अमेरिका का खिताब दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

## टेनिस

### ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में जुटेंगे दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी, यूनाइटेड कप से होगी शुरुआत

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले टेनिस का 'महासंग्राम'

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

नए साल की शुरुआत के साथ ही टेनिस जगत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पर टिक गई हैं, जहां 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले खिलाड़ियों का जमावड़ा लगने वाला है। एटीपी और डब्ल्यूटीए फाइनल्स के समापन होने के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के शीर्ष खिलाड़ी दक्षिणी गोलार्ध में नए सीजन की तैयारियों के लिए पहुंच रहे हैं।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में सबसे अहम यूनाइटेड कप है, जो शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी तक पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। यह मिश्रित टीम टूर्नामेंट पुरुष और महिला टेनिस का अनोखा संगम पेश करता है। प्रतियोगिता में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-चार खिलाड़ी भाग लेंगे। कोको गॉफ, इगा स्वियातेक, एलेक्स डी मिनौर, टेलर फ्रिट्ज, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे जैसे सितारे टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाएंगे। यूनाइटेड कप की शुरुआत पर्थ में यूनान और जापान के मुकाबले से होगी।

इसके अलावा, वर्ष के पहले सप्ताह में होने वाला ब्रिस्बेन इंटरनेशनल भी खासा आकर्षण रहेगा, जहां मौजूदा चैंपियन एरिना सबालेंका खिताब बचाने उतरेंगी। सबालेंका हाल ही में दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' प्रदर्शनी मैच खेल चुकी हैं। हालांकि, पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व नंबर एक कार्लोस अल्काराज और दूसरे नंबर के यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले किसी आधिकारिक टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। दोनों 10 जनवरी को दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एक प्रदर्शनी मैच खेलेंगे और उसके बाद मेलबर्न में अभ्यास शुरू करेंगे।

अल्काराज इस बार लंबे समय से कोच रहे जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेलेंगे। उन्होंने हाल ही में अपने कोच से अलग होने की घोषणा की है और नए कोच के नाम का खुलासा अभी नहीं किया है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के तहत एडिलेड इंटरनेशनल (12-17 जनवरी) में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा होबार्ट में डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट, ऑकलैंड में महिला और पुरुष एटीपी-डब्ल्यूटीए प्रतियोगिताएं तथा हांगकांग में एटीपी टूर्नामेंट भी खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मेलबर्न में किर्गियोस और फ्रांसिस टियाफो के बीच प्रदर्शनी मैच भी दर्शकों को रोमांचित करेगा। (अनंत ज्ञान)